

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 326 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 08 सितम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# जीएसटी कटौती से 10 करोड़ डेयरी किसानों और ग्रामीण सहकारिताओं को मिलेगा फायदा

**समाज जागरण**

केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में व्यापक कटौती कर किसानों, सहकारिताओं और ग्रामीण उद्यमों को बड़ी राहत दी है। इस फैसले से देशभर के लगभग 10 करोड़ डेयरी किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए इस "नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म" का अमूल सहित पूरे दुग्ध सहकारी क्षेत्र ने स्वागत किया है।



अब दूध और पनीर, चाहे ब्रांडेड हों या बिना ब्रांड के, पूरी तरह जीएसटी से मुक्त होंगे। मक्खन, घी और अन्य दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। लोहे, स्टील और एल्युमिनियम से बने दूध के कनस्तरों पर भी टैक्स 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे डेयरी किसानों, विशेषकर महिला-नेतृत्व वाले समूहों और स्वयं सहायता समूहों को सीधी राहत मिलेगी और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

वहीं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में भी बड़ी कटौती की गई है। चीज, नमकीन, मक्खन और पास्ता पर जीएसटी 12 या 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह जैम, जेली, खमीर, भुजिया और फलों का गूदा व जूस आधारित पेय पदार्थ अब सिर्फ 5 प्रतिशत टैक्स पर मिलेंगे। चॉकलेट, कॉर्न फ्लेक्स, आइसक्रीम, पेस्ट्री, केक, बिस्किट और कॉफी पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे घर-परिवार का खर्च घटेगा और ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी इलाकों में मांग बढ़ेगी।

पैकेजिंग और लॉजिस्टिक्स लागत कम करने के लिए पैकिंग पेपर, डिब्बे और पेटियों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। कृषि यंत्र क्षेत्र में 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। ट्रैक्टर के टायर, ट्यूब, हाइड्रोलिक पंप और अन्य पुर्जों पर टैक्स 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे खेती और पशुपालन दोनों क्षेत्रों को सीधा फायदा होगा।

उर्वरक क्षेत्र में अमोनिया, सल्फ्यूरिक अम्ल और नाइट्रिक अम्ल जैसे कच्चे माल पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे उर्वरक कंपनियों की लागत घटेगी और किसानों को समय पर सस्ते दामों पर उर्वरक मिलेंगे। साथ ही 12 बायो-पेस्टीसाइड और कई सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा और छोटे किसानों व एफपीओ को लाभ होगा।

ट्रक और डिलीवरी वैन जैसे मालवाहक वाहनों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। मालवाहक वाहनों के थर्ड-पार्टी बीमा पर टैक्स घटाकर 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत कर दिया गया है और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की सुविधा भी दी गई है। इससे ट्रकों की लागत कम होगी, माल ढुलाई सस्ती होगी और कृषि उत्पादों की प्रतिस्पर्धा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी।

सरकार के इन सुधारों से न सिर्फ किसानों और सहकारिताओं की आय बढ़ेगी बल्कि उपभोक्ताओं को भी आवश्यक खाद्य और दुग्ध उत्पाद सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगे।-( IANS)

## सोना बनाम डॉलर

### दुनिया के सबसे अमीर लोग अगली बड़ी तेजी से पहले खरीदारी के लिए क्यों दौड़ रहे हैं

लगभग 30 वर्षों में पहली बार वैश्विक केंद्रीय बैंक भंडार में सोना अमेरिकी ट्रेजरी से आगे निकल गया है - यह बुलियन पर एक साहसिक, दीर्घकालिक दांव का संकेत है जिस पर हर निवेशक की नजर होनी चाहिए। "संपत्तियों का सम्राट" अपने सिंहासन पर वापस आ गया है। सोना अब केंद्रीय बैंकों के विदेशी मुद्रा भंडार का 20% हिस्सा बनाता है - यूरो के 16% हिस्से को पीछे छोड़ते हुए और 1996 के बाद पहली बार अमेरिकी ट्रेजरी से आगे निकल गया है। यह बदलाव सिर्फ. प्रतीकात्मक नहीं है। यह फि एट मुद्राओं, विशेष रूप से अमेरिकी डॉलर में विश्वास की गहरी कमी को दर्शाता है, जो अभी भी वैश्विक भंडार का 46% रखता है लेकिन सिकुड़ रहा है। 2025 में डॉलर पहले ही लगभग 10% गिर चुका है।

## कोरिया को 4-1 से पीट भारत बना एशिया कप चैंपियन



**समाज जागरण**

नई दिल्ली. भारतीय हॉकी टीम ने एशिया कप में धमाकेदार खेल दिखाते हुए ट्रॉफी को अपने नाम किया. टूनामेंट के फाइनल में भारत ने कोरिया की टीम को पूरे मैच के दौरान कभी भी वापसी का मौका नहीं दिया. खेल शुरू होने के साथ ही पहला गोल मारा और हर एक क्वार्टर में गोल ठोकते रहे. 4-1 के अंतर से मुकाबला अपने नाम किया और साथ ही वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया.

एशिया कप में भारत ने अपने शानदार खेल को जारी रखते हुए कोरिया को एकतरफा मुकाबले में हरा चौथी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. ऐसा लगा जैसे भारत ने पिछले मुकाबले में चीन के खिलाफ मिली 7-0 की जीत से आगे खेलना शुरू किया. पहले मिनट में ही भारत ने गोल ठोकते हुए कोरिया की टीम को हैरान परेशान कर दिया. आखिरी क्वार्टर तक टीम छटपटाती रही और बड़ी मुश्किल से एक गोल किया.

**पहले मिनट में भारत का गोल**

भारत ने कोरिया के खिलाफ फाइनल मुकाबले की आक्रामक शुरूआत की और पहले ही मिनट में गोल ठोक दिया. कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पास दिया जिसे सुखजीत सिंह ने कोरिया के गोल पोस्ट में डाल भारत को बढ़त दिला दी. भारत के लिए दूसरा गोल दूसरे क्वार्टर के 13वें दिलप्रीत ने ठोका. इसके बाद हाफ टाइम में भारत 2-0 की बढ़त के साथ गया.

**भारत ने हर क्वार्टर में मारे गोल**

पहले दो क्वार्टर में दो गोल कर स्कोर 2-0 करने के बाद भारत की तरफ से तीसरे क्वार्टर में भी गोल ठोका गया. तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में दिलप्रीत सिंह ने अपना दूसरा फील्ड गोल मारा और स्कोर को 3-0 कर दिया. भारत के लिए चौथा गोल अमित रोहिदास ने 50वें मिनट में किया. भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोल पोस्ट में डालने में उन्होंने कोई गलती नहीं की.

**भारत ने कटाया वर्ल्ड कप का टिकट**

एशिया कप का खिताब जीतने वाली टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स की मेजबानी में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलना था. कोरिया के खिलाफ भारतीय टीम ने धमाकेदार जीत के साथ ही इस टूनामेंट का टिकट भी पक्का कर लिया. अगस्त 2026 में अब भारतीय टीम वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना लेकर मैदान पर उतरेगी.

## लखनऊ में DRDO कॉन्क्लेव का हुआ आयोजन , रक्षा अनुसंधान और उत्पादन में MSME की भूमिका पर जोर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी) ने शनिवार को लखनऊ में एक बड़ा कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज और स्टार्टअप्स को रक्षा अनुसंधान, विकास और उत्पादन में शामिल करना था। यह आयोजन उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।




इस कॉन्क्लेव में 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें MSMEs, स्टार्टअप्स और लघु उद्योग भारती से जुड़े लोग शामिल थे। चर्चा के दौरान कौशल विकास, अनुसंधान और विकास के लिए फंडिंग, तकनीकी परामर्श, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और DRDO द्वारा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसे विषयों पर फोकस किया गया।

उद्घाटन संबोधन में DRDO चेयरमैन ने बताया कि DTTC रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सोच का नतीजा है और अब यह उद्योगों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को उद्योग-केंद्रित नीतियों और उपलब्ध तकनीकों के बारे में जानकारी दी और MSMEs से रक्षा अनुसंधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। चेयरमैन ने भरोसा दिलाया कि DRDO, MSMEs को पूरा सहयोग देगा ताकि वे आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें।

वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने DRDO और MSMEs को इस कॉन्क्लेव के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि को साकार करने में MSMEs की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर DRDO के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें डॉ. एल.सी. मंगल (महानिदेशक, प्रौद्योगिकी प्रबंधन) और डॉ. मयंक द्विवेदी (महानिदेशक, मानव संसाधन) शामिल रहे। -(IANS)

## 'पब्लिसिटी के लिए मत आया करो', कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की किसान को फटकार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का किसानों पर दिया गया एक बयान अब राजनीतिक विवाद का कारण बन गया है. मामला कर्नाटक के कलबुर्गी जिले से जुड़ा है, जो भारी बारिश और बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है. क्षेत्र में फसलें बर्बाद हो चुकी हैं और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं. ऐसे में एक किसान अपनी बर्बाद फसल की शिकायत लेकर सीधे खरगे के घर पहुंचा, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष ने उसे उल्टा फटकारते हुए कहा कि सिर्फ प्रचार के लिए यहां मत आया करो.



## क्या ट्रंप के टैरिफ का उल्टा असर होगा ?

**समाज जागरण**

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कूटनीतिक रुख उल्टा पड़ता दिख रहा है, जिससे अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी चीन की ओर बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर सार्वजनिक रूप से इस बात पर दुख जताया कि भारत और रूस बीजिंग के पाले में जा रहे हैं।

शुक्रवार को ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की चीन में मुलाकात की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, "लगता है हमने भारत और रूस को सबसे गहरे और सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है।" "उनका भविष्य एक लंबा और समृद्ध हो!"

इस टिप्पणी ने अमेरिका-भारत संबंधों में बढ़ते तनाव को उजागर किया और ट्रंप की व्यापारिक रणनीतियों और आक्रामक विदेश नीति के अनपेक्षित परिणामों को रेखांकित किया। इस साल की शुरूआत में, भारत के विदेश मंत्री ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे, जिससे अमेरिका के साथ मजबूत संबंधों का संकेत मिला। अब, मोदी की सात साल में पहली चीन यात्रा ने नई दिल्ली की रणनीतिक धुरी को लेकर अटकलों को हवा दे दी है।



"मैं मोदी का हमेशा दोस्त रहूँगा। वह महान हैं," ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा। "मुझे बस इस समय वह जो कर रहे हैं, वह पसंद नहीं आ रहा। लेकिन भारत और अमेरिका के बीच एक खास रिश्ता है। चिंता की कोई बात नहीं है। बस कभी-कभी हमारे बीच कुछ खास पल आते हैं।"

अर्थशास्त्रियों और विदेश नीति विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप के ढुलमुल रुख ने शायद रिश्तों में तनाव पैदा किया है। सिरैक्यूज विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर देवाशीष मित्रा ने कहा, "फि लहाल, भारत को लगता है कि अमेरिका बहुत विश्वसनीय साझेदार नहीं है। उन्हें लगता था कि अमेरिका एक सहयोगी है। अगर भारत चीन की ओर बढ़ रहा है, तो यह सिर्फ. सुविधा की दोस्ती है।"

## योगी सरकार का दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट से बना "अनोखी दुनिया" पार्क डिज्नी वर्ल्ड और जुरासिक पार्क को देगा मात

**समाज जागरण**

लखनऊ/ बुलंदशहर, 7 सितंबरः योगी सरकार द्वारा लगातार प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के साथ आधुनिकता से जोड़ा जा रहा है। इसी के तहत योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में लोकल फॉर वोकल को आत्मसात करते हुए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के जरिये प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को नई पहचान दी है। इस दिशा में योगी सरकार द्वारा एक अनूठी पहल की गयी है। योगी सरकार के निर्देश पर बुलंदशहर में "अनोखी दुनिया" नाम से एक पार्क बनाया गया है, जिसे सिरेमिक वेस्ट से बनाया गया है, यह दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क है। यह पार्क माह के अंत तक पर्यटकों के लिए ओपन कर दिया जाएगा। यह पार्क विश्वस्तरीय डिज्नी वर्ल्ड और जुरासिक पार्क को टक्कर देगा।

**बच्चों के गेमिंग जोन बनें कप, केतली और सुराही, पीपीपी मोड पर बनाया गया पार्क**


बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण वीसी डॉ. अंकुर लाठर ने बताया कि बुलंदशहर के खुर्जा को 'सिरेमिक की राजधानी' कहा जाता है। यहां बने विश्वस्तरीय डिजाइन, आकार, शैली के बर्तन व उत्पाद देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुके हैं। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरुप खुर्जा की पारंपरिक विरासत को विश्व पटल पर अलग पहचान दिलाने के लिए 'अनोखी दुनिया' नामक सिरेमिक पार्क का निर्माण किया गया है। यह पार्क न केवल खुर्जा की कला और कारीगरी को प्रदर्शित करता है, बल्कि शहर को पर्यटन की दृष्टि से भी एक नया मुकाम दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। वीसी ने बताया कि अनोखी दुनिया नामक पार्क को पीपीपी मोड पर बनाया गया है। यह पार्क करीब 2 एकड़ में फैला हुआ है। इस पार्क की खासियत है कि यह दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क है।



उन्होंने बताया कि अनोखी दुनिया पार्क में छह कलाकारों और 120 कारीगरों की टीम ने मिलकर कई महीनों की मेहनत से करीब 100 छोटी-बड़ी अनोखी कलाकृतियां तैयार की हैं। इसमें 28 बड़ी कलाकृतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं। यह कलाकृतियां टूटी हुई सुराहियों, कप, केतली और अन्य बर्तनों के टुकड़ों से बनाई गईं हैं। यहां बड़े आकार के कप, केतली, सुराही और कई अन्य कलात्मक नमूने देखने को मिलेंगे, जिन्हें रंग-बिरंगे और आकर्षक अंदाज में सजाया गया है। यह पार्क सभी आयु वर्ग के लोगों को लुभाने में सक्षम है।

5 करोड़ 86 लाख की लागत से बनकर तैया हुआ पार्क, वेस्ट टू आर्ट का उत्कृष्ट उदाहरण है पार्क

वीसी डॉ. अंकुर लाठर ने बताया कि पार्क को 80 टन सिरेमिक कचरे से तैयार किया गया है, जो 'वेस्ट-टू-आर्ट' का उत्कृष्ट उदाहरण है। अनोखी दुनिया पार्क पीपीपी मोड पर 5 करोड़ 86 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह पार्क पयर्टकों के लिए सितंबार माह के अंत तक ओपन कर दिया जाएगा। इस पार्क में ग्रीनरी का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जो हार्टिकल्चर पर आधारित है। पार्क में बच्चों के लिए कई सेल्फी प्वाइंट और एक कैफे भी बनाया गया है। इस पार्क में हर आयु वर्ग के लिए कुछ न कुछ विशेष है, जो उन्हे अपनी ओर आकर्षित करेगा।



इस पार्क की सुंदरता और रखरखाव के लिए पर्यटकों से शुल्क भी लिया जाएगा। यह शुल्क बहुत ही मिनिमम होगा। यह धनराशि पार्क के रखरखाव पर खर्च की जाएगी। वीसी ने बताया कि यह पार्क न केवल कचरे के दोबारा उपयोग का शानदार उदाहरण है बल्कि डबल इंजन की सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को भी गति प्रदान करेगा।

## पितृ देवताभ्यो नमः
## किसका ग्रहण और किसका पिंडदान?



हम सनातनियों के पास हर काम के लिए अवसर ही अवसर और परंपराएं ही परंपराएं हैं. हम अपना शुभ, अशुभ खुद चुन सकतेक्षहैं लेकिन चुनते नहीं हैं. हमारे यहाँ योग--संयोग भी खूब बनते बिगडते हैं. ये अच्छे भी होते हैं और बुरे भी. इसीलिए हम दुनिया के दूसरे हिस्सों से भिन्न हैं.

भारत में आज से पितृपक्ष शुरू हो गया है. पितृपक्ष को कोई श्राद्धपक्ष कहता है तो कोई कडवे दिन.कोई महालय पक्ष कहता है तो कोई अपर पक्ष कहता है. हमारे यहाँ कनागतकहते हैं तो कहीं जितिया,और सोल्ह श्राद्ध भी कहा जाता है.इसे कुआर या आश्विन के कृष्णपक्षे के रूप में भी जाना जाता है. पितृपक्ष का नाम एक विधान, एक निशान या एक देश, एक चुनाव जैसा नहीं किया जा सकता.

पितृपक्ष की तरह दुनिया के हर देश में कोई न कोई आयोजन होता है.चीन में पितृपक्ष की तरह चिंग मिंग उत्सव या टोंब स्वीपिंग डे मनाया जाता है. ये हर साल अप्रैल में मनाया जाता है।लोग अपने पूर्वजों की कब्र साफ करते हैं, भोजन, फूल और कागज की बनी वस्तुएँ चढ़ाते हैं.यह पितृपक्ष जैसा ही है, बस वहाँ कब्रों पर जाकर श्रद्धांजलि दी जाती है।

जापान में पूर्वजों के लिए ओबोन उत्सव होता है. ये अगस्त में मनाया जाता है।मान्यता है कि इन दिनों पूर्वजों की आत्माएँ घर आती हैं।लोग दीपक जलाते हैं, नृत्य (बोन ओडोरी) करते हैं और मंदिरों में पूजा करते हैं।

कोरिया में पितृपक्ष का नाम चुसोक है. ये सितंबरझ्रअक्टूबर में होता है।इसे "हार्वेस्ट फेस्टिवल" भी कहते हैं। लोग अपने पूर्वजों को भोजन अर्पित करते हैं और परिवार मिलकर उनकी याद में अनुष्ठान करते हैं।मैक्सिको में इसे डे ऑफ द डेड कहा जाता है ये 1-2 नवंबर को मनाया जाता है।लोग कब्रों को सजाते हैं, मोमबत्तियाँ जलाते हैं, रंग-बिरंगे खोपड़ी के प्रतीक और फूलों से सजावट करते हैं।यह बहुत रंगीन और उत्सव जैसा माहौल होता है।

फिलीपींस वाले अरो नग मगा पटाय के रूप में अपने पूर्वजों को याद करते हैं.ये 1 नवंबर को मनाया जाता है।परिवार कब्रिस्तान जाते हैं, मोमबत्तियाँ जलाते हैं और पिकनिक जैसा माहौल बनाकर पूर्वजों को याद करते हैं।मिस्र (प्राचीन काल में)"फेस्टिवल ऑफ द डेड" मनाया जाता था।मृतकों की आत्मा को संतुष्ट करने के लिए भोजन और भेंट दी जाती थी।ईसाई परंपरा में इसे ऑल सेंट्स डे और ऑल सोल्स डे कहते हैं. इस्लाम वालेशबे बारात मनाते हैं.

भारत में ये काम पूरे 15 दिन चलता है.भारत में पितृपक्ष (श्राद्ध पक्ष) हिंदू परंपरा में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह हर साल भाद्रपद मास की पूर्णिमा के अगले दिन (पितृपक्ष अमावस्या तक, लगभग 15 दिन) मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पूर्वजों की आत्माओं का स्मरण और तर्पण करना है।

पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण,पूर्वजों के नाम से जल, तिल और पिंडदान (चावल के गोले) अर्पित किए जाते हैं।यह प्रायः नदी, तालाब या किसी पवित्र जल स्थल पर किया जाता है।भोजन अर्पण,पितरों को भोजन समर्पित किया जाता है, जिसे बाद में ब्राह्मणों, पंडितों या जरूरतमंदों को खिलाया जाता है।भोजन में खासतौर पर खीर, पूड़ी, दाल, कद्दू, चावल, घी आदि बनाए जाते हैं।दान-पुण्यकपड़े, अनाज, सोना-चांदी, पात्र, और दक्षिणा का दान किया जाता है।

मान्यता है कि यह पितरों को शांति और परिवार को आशीर्वाद देता है।पितृपक्ष में पूर्वजों का आह्वान,श्राद्ध करते समय "पितृ देवताओं" और तीन पीढ़ियों तक के पूर्वजों (पिता, दादा, परदादा आदि) को स्मरण किया जाता है।कभी-कभी मातृ पक्ष के लोग भी शामिल किए जाते हैं।इसके लिए व्रत और नियम हैं.श्राद्ध करने वाला (कर्मकांडी व्यक्ति) उस दिन सात्त्विक आहार लेता है।पितृपक्ष में शुभ कार्य (जैसे शादी, गृह प्रवेश) नहीं किए जाते।)

पितृपक्ष का अंतिम दिन सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।इसे पितृ अमावस्या या सर्वपितृ अमावस्या भी कहते हैं.इस दिन सभी पितरों (जिनका श्राद्ध तिथि ज्ञात हो या न हो) का सामूहिक श्राद्ध किया जाता है।ये सब हम पूर्वजों के मोक्ष के लिए करते हैं. और जब थक जाते हैं तो गयाजी जाकर पिंडदान और तिलांजलि देकर पितृपक्ष मनाने से मुक्त हो जाते हैं.

रामचरित मानस में श्रीराम ने अपने पिता जनक का ही नहीं बल्कि गीधराज जटायु का भी पिंडदान किया था. लेकिन मोक्ष की लालसा हम जीवितों में भी है. सगुनोपासक मोक्ष नहीं लेते. रामचरित मानस में कहा गया है कि-

सगुनोपासक मोच्छ न लेहीं। तिन्ह कहुँ राम भगति निज देहीं॥

बहरहाल मेरा कहना है कि हमें न मोक्ष की कामना करना चाहिए और न वैतरणी पार करने की फिक्र करना चाहिए. हमारे पूर्वज तो तभी खुश हो सकते हैं उन्हे तभी मोक्ष मिल सकता है जब हम घृणा का, ईर्ष्या का, सांप्रदायिकता का, वैमनस्य का, संकीर्णता का, कटुता का, कट्टरता का पिंडदान कर दें. इन सबको तिलांजलि दे दें. हमारे पूर्वज ऊपर से जब ननीचे देखते हैं तो देश की दुर्दशा देखकर द्रवित हो जाते होंगे. हमारे पूर्वज असंख्य हैं जिन्होने इस देश को आजाद कराने में 1947के पहले भी शहादतें दीं और बाद में भी.ये बात मुमकिन है आपको कडवे दिनों की तरह कडवी लगे लेकिन इसकी जरुरत है. जांच कर देखिए. देश के लोकतंत्र को राहु-केतु से बचाना, मुक्ति दिलाना ही पितृ सेवा है. आज का चंद्रग्रहण यही संदेश देता है.

@ राकेश अचल

# बैठकी कटु अनाप-शनाप

सरजी,आज इक्छा है कि किसी विषय वस्तु पर चर्चा न करके इन राजनीतिज्ञों की पोल खोली जाय।--बैठकी जमते हीं उमाकाका बोल पड़े।

तो लिजिये मैं शुरू करता हूॅं। पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिफ मुनिर,भारत के साथ आप्रेशन सिंदूर के दौरान हार का मुंह देखने के बावजूद, खुद हीं फिल्ड मार्शल का पद लेकर पद का मजाक बनाया ठीक वैसे हीं प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने खुद से खुद को, भारत रत्न से सुशोभित करके भारत रत्न का मजाक बना दिया था। जबकि डा.भीमराव अंबेडकर साहब को भारत रत्न देना उचित नहीं दिखा।--मास्टर साहब आरम्भ किये।

मास्टर साहब,आज कांग्रेस और विपक्षी लोकतंत्र की हत्या की बात करते हैं उन्हें




नेहरू का पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि करने की बात याद कर लेनी चाहिए। बगैर संसद को विश्वास में लिये,19 सितंबर 1960 को करांची में नेहरूजी ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल अयूब खान के साथ,सिंधु जल समझौते पर हस्ताक्षर किया। जिसमें सिंधु,झेलम और चिनाब नदियों के जल का 80 प्रतिशत हिस्सा,पाकिस्तान को दान कर दिया। बाद में संसद में हंगामा होने पर नेहरू ने कहा कि "वो सरकार के हर फैसले को संसद को नहीं बता सकते और सरकार से ये पुछना भी संकीर्ण मानसिकता की पहचान है"।

मतलब साफ है भारत में लोकतंत्र नहीं मुगलतंत्र की पुनरावृत्ति हुई थी तभी तो कोर्ट द्वारा वोट चोरी करके चुनाव जीतने का अपराधी साबित हो जाने और छः साल तक किसी पद के लिए अयोग्य घोषित होने के साथ हीं इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लागू कर दिया था। और आज, उन्हीं का पोता, भीतर सादे पन्ने वाला संविधान लहराकर कहता फिर रहा है कि "मोदी राज में"संविधान खतरे में है!!--डा.सुभाष जी हाथ चमकाये। इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में.......

प्रिंसिपल साहब, आपने ठीक कहा। अपने राजकाल में कांग्रेस ने संवैधानिक




संस्थाओं को अपनी संपत्ति और उनके मुलाजिमों को अपना नौकर समझती थी।जैसा नेहरू या गांधी खानदान कहता वैसा हीं,बेचारे करते भी थे। लेकिन रिकार्ड है कि कांग्रेस कभी एहसास फरामोश नहीं रही।इतना जरूर है कि चाहे सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस हों या जज,या चुनाव आयुक्त हों या उच्च अधिकारी, गांधी परिवार के प्रति वफादारों को सांसद,मंत्री पद,गवर्नर या पद्मविभूषण से अलंकृत जरुर करती थी।--डा.पिंटु में कृतज्ञता का भाव था।

ए सरजी,तब तो विपक्षियों की बातों में दम है क्योंकि 2014 में जब यूपीए की सरकार थी तो मोदी ने जरुर चुनाव आयोग और इवीएम से सांठगांठ की होगी या कुछ मालपानी चढ़ाया होगा,तभी तो यूपीए की सरकार चली गई और भाजपा 282 और एनडीए को कुल 336 सीटें मिली थीं जबकि कांग्रेस को मात्र 44 सीटें!!हां,जरूर 2024 के लोकसभा चुनाव में,चुनाव आयोग और इवीएम से मोदी की कुछ अनबन हुई होगी या विपक्षी भी कुछ चढ़ावा दिये होंगे तभी न भाजपा की सीटें घटकर 244 और कांग्रेस की बढ़कर 99 हो गई!! मुझे तो विपक्षियों का "वोट चोरी" आंदोलन में दम दिखता है!--उमाकाका अपने मुंह पर हाथ रखते हुए।

अजी राहुल गांधी,बिहार में "वोटर अधिकार यात्रा" के दौरान बोला कि गुजरात विधानसभा चुनाव में और 2014 के लोकसभा चुनाव में वोट चोरी करके मोदी सरकार बनाये। भला बताइये! केंद्र में सरकार मनमोहन सिंह की थी और उनके कंट्रोल में हीं चुनाव आयोग था। फिर ये कैसे हुआ!!मतलब साफ है! मनमोहन सिंह कांग्रेस के प्रधानमंत्री रहते हुए अपनी हीं पार्टी से गद्दारी किये होंगे!! राम,राम!--कहकर सुरेन्द्र भाई मुस्कुराये।

भाईजी, सच बात गलती से हीं सही मुंह से निकल हीं जाता है। जैसे,इधर राहुल गांधी और पुरा विपक्ष चुनाव आयोग के "वोटर पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम" का विरोध करके, घुसपैठियों के समर्थन में माहौल बना रहा था और दुसरी ओर बंगाल में, कांग्रेस के अधीर चौधरी ने ममता बनर्जी पर आरोप लगा दिया कि अपने वोट बैंक के लिए ममता बनर्जी ने बंगाल में 35-40 लाख घुसपैठियों को फर्जी वोटर बनाया है। ऐसी स्थिति में ममता बनर्जी का "वोटर पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम" का विरोध करना स्वाभाविक है और मजबूरी भी।--डा. पिंटू सांत्वना के स्वर में।


मेरी समझ से तो बेकार में विपक्ष "चुनाव आयोग और वोटर पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम" को लेकर हाय तौबा मचाये हैं। अरे, भले ही एसआईआर पर रोक लग जाय या पुराने वोटर लिस्ट पर चुनाव हो, चुनाव तो इवीएम से हीं होगा न! और जैसा कि विपक्षी आरोप लगाते रहे हैं कि भाजपा इवीएम हैक कर लेती है, और चुनाव आयोग भाजपा के साथ है तो अभी शोर-शराबा करने से क्या फायदा!! असली निर्णायक तो इवीएम है। चुनाव में हार जीत तो इवीएम के मुड पर निर्भर करता है। विपक्षियों को इवीएम की तस्वीर को रोज दीप और अगरबत्ती दिखाना चाहिए तभी हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक,केरल, बंगाल जैसा रिजल्ट मिलेगा।--मैने भी चुटकी ली।

छोड़िये सर,भारत में हीं ऐसा खुबसूरत लोकतंत्र और सत्यनिष्ठ न्याय व्यवस्था है जहां भ्रष्टाचारी, सजायाफ्ता सीना ठोककर चुनाव प्रचार और चुनाव लड़ सकता है। और सजायाफ्ता भी आजीवन जमानत पर मौज कर सकता है।--सुरेंद्र भाई बोले।

ना,ना, अइसन बात नईखे।--मुखियाजी खैनी मलते हुए।

मुखियाजी, उदाहरण सामने हैं--राजद सुप्रीमो लालू यादव और कांग्रेस सांसद प्रियंका वाड्रा। लालू यादव, 900 करोड़ के चारा घोटाला में दोषी सिद्ध होने और सजा पाने के बाद भी,घर-परिवार के साथ मौज करते हुए, अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं और दुसरी ओर प्रियंका वाड्रा हैं जिनका मायका और ससुराल दोनों जमानत पर बरसों से ऐश कर रहा है।--सुरेंद्र भाई मुंह बनाये।

ए भाई लोग,हमरा नईखे बुझात कि मोदी के सारा संसार दिवाना बा,आ सताइसगो




अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुकल। बाकी देश में विपक्षीया मोदीजी के सम्मान में,उनका मुअल माई के लेके,गरीआव तारे स!!--मुखियाजी पहलु बदलते हुए।


मुखियाजी, हमने वो जमाना भी देखा है जब जनता आंदोलन करती थी और नेता सब बैठे-बैठे मजे लेते थे लेकिन आज मोदीजी ने ऐसा राजनीतिक माहौल बना दिया है कि जातिवादी, परिवारवादी, वंशवादी, भ्रष्टाचारी नेतागण रोड पर यात्रा निकाल रहे हैं, आंदोलन कर रहे हैं और जनता,मजे में घर पर बैठे बैठे, नेताओं के डांस का मजा ले रही है।--डा. सुभाष जी मुसकुराये😀 😅।

प्रिंसिपल साहब, हमारे देश में प्रोफेसर, डाक्टर, इंजिनियर वैज्ञानिक बनने से भी अच्छा स्कोप राजनीति करने में है।--उमाकाका बोल पड़े।

उ कईसे काकाजी!!--मुखियाजी पुछ बैठे।

राजनीति का हीं प्रताप है कि मुलायम सिंह, प्राइमरी स्कूल का टीचर होते हुए भी अपने पुरे परिवार को हजारों करोड़ का मालिक बना दिये।

दुपट्टे को मुहताज दलित मायावती, बगैर किसी रोजगार के हजारों करोड़ की मालकिन बन गई। श्रीमान लालू यादव, गोबर,दुध-दही बेचकर अपने बच्चों को हजारों करोड़ का मालिक बना दिये। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले,दस एकड़ में सब्जी उगाकर अरबों की मालिक बन गई। कमाल देखिये! गमले में गोभी उगाकर हजारों करोड़ के मालिक बन गये जबकि देश के किसान




कई एकड़ खेती करके मध्यम वर्ग हीं रह गये। और तो और गांधी परिवार सिर्फ राजनीति के बल पर कई हजार करोड़ के मालिक हैं। अजी बियर बार की डांसर रही सोनिया गांधी विश्व की चौथी सबसे धनी महिला बन गई। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि मोदी 15 साल मुख्यमंत्री और 11साल से प्रधानमंत्री हैं लेकिन अभी भी फकीर हीं हैं जबकि विपक्षी इन्हें चोर की उपाधि देता रहा है। यही हाल आदित्यनाथ योगी का भी है।--मास्टर साहब मुंह बनाये।

मास्टर साहब, भाजपा में भी सभी मोदी,योगी नहीं है। पुरे देश में ,भाजपा संगठन को देखियेगा तो सिर्फ नवागंतुकों की हीं पुछ है। पुराने कार्यकर्ता जो तन मन धन, पार्टी के लिए समर्पित किये,वो हांसिये पर चले गये हैं। इस पार्टी के, प्रखंड स्तर के नेता को,बीस मिनट में थाना की दलाली करके 25 हजार कमाते हमने देखा है। कुछ राष्ट्रवादी नेताओं को छोड़कर अधिकांश भाजपाई भी सिर्फ स्वार्थ से हीं बंधें हैं। बिहार के सम्राट चौधरी को स्टेज पर एक ठीकेदार से चांदी का मुकुट स्वीकार करते देखा है तो वो ठीकेदार यूं हीं ऐसा करेगा!! खैर छोड़िये,आज चंद्र ग्रहण है, चला जाय।--कहकर मैं उठ गया और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

# भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों पर विशेष रिपोर्ट

**- ट्रंप - तुम नई जॉब खोजो, मैंने भारत पर भारी टैरिफ लगाया हैं, रूस की दोटूक,**

**- पुतिन बोलें "भारत के लिए रूस के दरवाजे हमेशा खुले हैं अभी भारत से रिश्ते और भी मजबूत करेंगे, धौंस नहीं चलने देंगे - 10 लाख भारतीयों को नौकरी देने की तैयारी"**

**- रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने अनुसार**

**-10 लाख भारतीयों को नौकरी देने की तैयारी रुसी कंपनियों ने शुरू की भर्ती प्रक्रिया, दूतावास तैयार, राजनयिक तंत्र सक्रिय**

**- भारतीय कामगारों के लिए रूस में भारत एक नया महावाणिज्य दूतावास खोलने की तैयारी, ताकि वीजा, पासपोर्ट और कांसुलर सेवाएं बेहतर सरल ढंग से दी जा सकें**

**- एक्सपर्ट्स का सुझाव : रूसी भाषा सीखें, भविष्य बनाएं - मौका बड़ा है, पर तैयारी भी जरूरी हैं।**

नई दिल्ली, संजय सागर सिंह - भारत-रूस रिलेशन पर विशेष रिपोर्ट। भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों में एक नई ऊर्जा देखी जा रही है। इसी क्रम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने न सिर्फ ट्रंप की भारत-विरोधी टिप्पणियों पर कड़ा जवाब दिया, बल्कि भारत के लिए रूस के दरवाजे खोलते हुए 10 लाख भारतीयों को रोजगार देने की योजना का ऐलान भी किया है। लेकिन भारत और रूस के बीच की नजदीकी पाकिस्तानी चश्मा पहने ट्रंप को अब हजम नहीं हो रही है। ट्रंप की धमकियों के बाद रूस भारत के साथ अपने व्यापार को और भी मजबूत करना चाहता है। इसलिए रूस की योजना है कि वह साल 2025 के अंत तक भारत से करीब 10 लाख मजदूर बुलाएगा, जो उसके अलग-अलग शहरों और इंडस्ट्रीज में काम करेंगे। प्राप्त जानकारियों के अनुसार इस योजना को आसान बनाने के लिए रूस भारत में एक नई व्यवस्था बना रहा है ताकि वीजा और दस्तावेजों का काम भी जल्दी निपट सके। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस की बड़ी कंपनियां चाहती हैं कि भारत के लोग उनके यहां काम में शामिल हों। भारतीयों को अच्छी सैलरी दी जायेगी।

**रूस बन सकता है भारतीय कामगारों का अगला बड़ा गंतव्य**

जहाँ एक ओर अमेरिका और यूरोप में वीजा प्रतिबंधों और संरक्षणवाद की नीति के चलते अवसर सीमित हो रहे हैं, वहीं रूस ने भारतीय श्रमिकों के लिए नई राह खोली है। यह न केवल भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि भारत के लाखों परिवारों के लिए आर्थिक रूप से स्थिर भविष्य का द्वार भी खोल सकता है।

**"भारत से रिश्ते मजबूत करेंगे, धौंस नहीं चलने देंगे" - पुतिन**

हाल ही में चीन में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद, रूस ने भारत के साथ अपने रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को एक और नई दिशा देने के संकेत दिए हैं। ट्रंप की ह्यप्रोटेक्शनिस्ट पॉलिसी की आलोचना करते हुए पुतिन ने ट्रंप को सीधी चेतावनी दी ह्लभारत से हमारा रिश्ता बहुत पुराना और मजबूत है। हम पर धौंस नहीं चलेगी।

**रूस में 10 लाख भारतीय कामगारों की जरूरत, कंपनियों ने शुरू की भर्ती प्रक्रिया**

रूस की कई बड़ी इंडस्ट्रीज - विशेषकर कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और धातु उत्पादन क्षेत्रों में श्रमिकों की भारी कमी देखी जा रही है। इसी के मद्देनजर रूस ने 2025 के अंत तक भारत से 10 लाख कुशल और अर्ध-कुशल कामगारों की भर्ती करने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल स्वेर्दलोव्स्क, येकातेरिनबर्ग और कैलिनिनग्राद जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में भारतीयों की प्राथमिक नियुक्ति की जा रही है।

**सुझाव : रूसी भाषा सीखें, भविष्य बनाएं -**

भारतीय जानकारों ने युवाओं को सलाह दी है कि वे रूसी भाषा सीखें ताकि वे वहां बेहतर तरीके से काम कर सकें और लंबी अवधि तक वहां टिक सकें। उन्होंने कहा, ह्लरूस में काम करने के लिए भाषा का ज्ञान जरूरी है। हमारी इंडस्ट्री भारतीय कौशल की कद्र करती है। रूसी कंपनियां भी इस दिशा में सक्रिय हैं और भारत में प्रशिक्षण केंद्रों व भाषा शिक्षण शिविरों की संभावनाओं पर विचार कर रही हैं।"

**रोजगार से पहले तैयार रहें भारतीय, मौसम और भाषा बनी रहेंगी चुनौती**

रूस की जलवायु और संस्कृति भारतीय कामगारों के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकती है। वहाँ सर्दियों में तापमान -15 से -20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, वहीं रूसी भोजन शैली और भाषा भी एक बड़ी बाधा साबित हो सकती है। इसके अलावा, खाने-पीने की आदतें और भाषा भी एक बड़ी दिक्कत हो सकती है, क्योंकि रूस में ज्यादातर लोग रूसी भाषा बोलते हैं और वहां शाकाहारी खाना भी कम ही मिलता है। जाने से पहले हर व्यक्ति को प्रॉपर तैयारी करनी चाहिए क्युकी भाषा, मांसाहारी खानपान और सर्द मौसम सब कुछ अलग होगा लेकिन अगर सही तैयारी के साथ कोई जाता है, तो ये एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का बड़ा मौका बन सकता है। रूस में मिलने वाली सैलरी भारत की तुलना में काफी बेहतर हैं और इससे कई परिवारों की आर्थिक स्थिति भी सुधर सकती है। हालांकि, रूसी कंपनियों ने वादा किया है कि वे भारतीय कर्मचारियों को गरम कपड़े, आवास और उपयुक्त भोजन उपलब्ध कराएंगी ताकि भारतीयों को कोई खास तकलीफ न हो।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# यमुना नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित परिवारों की मदद हेतु जिला प्रशासन कृत संकल्पित

- जिलाधिकारी ने प्रभावित परिवारों हेतु बनाए गए शरणालय एवं व्यवस्थाओं का किया स्थलीय निरीक्षण
- प्रभावित परिवारों की व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश किये प्रदान



**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 07 सितम्बर 2025 जिलाधिकारी मेधा रूपम द्वारा आज यमुना नदी में बढ़े जलस्तर से प्रभावित परिवारों के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित व्यवस्थाओं का गहन स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम सदर तहसील के अन्तर्गत सेक्टर-135 में बनाए गए शरणालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां उपलब्ध कराए गए खानपान, आवास, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया, जोकि संतोषजनक पाई गईं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शरणालय में ठहरे प्रभावित परिवारों से वार्ता की और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। प्रभावित परिवारों द्वारा व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया गया। इसी अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों हेतु संचालित पाठशाला में अध्ययनरत बच्चों से भी संवाद किया, उनसे सवाल पूछे तथा पठन-पाठन हेतु आवश्यक सामग्री भी वितरित की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाठशाला का संचालन नियमित रूप से हो और बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए। साथ ही जिलाधिकारी ने वहां मौजूद प्रभावित परिवारों की महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए और स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया कि शरणालय में ठहरे सभी लोगों के स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता हर समय सुनिश्चित रहे।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शरणालय में ठहरे किसी भी प्रभावित परिवार को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं सतत सुदृढ़ एवं सुचारु रूप से संचालित रहें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक सुविधा की नियमित निगरानी संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा की जाए और इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने सेक्टर-135 में स्थापित अस्थायी गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चारा-पानी, स्वच्छता, पशु चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण में पशुओं के लिए सभी सुविधाएं संतोषजनक एवं व्यवस्थित पायी गईं।

निरीक्षण उपरांत जिलाधिकारी पुस्ता रोड, सेक्टर-150 भी पहुंचीं और वहां उन्होंने पुश्ते के किनारे असुरक्षित रूप से टेंट लगाकर रह रहे हैं लोगों को प्रेरित किया कि जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षित स्थानों पर शरणालय उपलब्ध कराए गए हैं, जहां पर भोजन, पानी, चिकित्सा, आवास एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि ऐसे प्रभावित परिवारों को असुरक्षित स्थानों से शरणालयों में शिफ्ट होने के लिए प्रेरित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, जिला पूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर।

# सपना हुआ साकार तो सफल अभ्यर्थियों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया से नई पीढ़ी को मिला सुनहरा अवसर
- नियुक्ति पत्र पाने वाले नवनियुक्त अनुदेशकों ने सफलता के लिए मुख्यमंत्री योगी को कहा धन्यवाद
- अनुदेशक बोले- यह सफलता केवल उनकी मेहनत ही नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का भी परिणाम
- उत्तर प्रदेश में अब सिफारिश नहीं, बल्कि योग्यता और मेहनत के दम पर हासिल हो रहे हैं रोजगार के अवसर



**समाज जागरण**

लखनऊ, 7 सितंबर। उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर अब योग्यता और मेहनत के दम पर हासिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया ने हजारों युवाओं के जीवन को नई दिशा दी है। रविवार को लोकभवन के सभागार में नियुक्ति पत्र पाने वाले नवचयनित अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल उनकी मेहनत ही नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अब रोजगार के अवसर योग्यता और मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को ही मिलेंगे, न कि सिफारिश वालों को। सीएम योगी के इसी मिशन को उनकी टीम धरातल पर उतारने में लगी है।

**मेहनत को मिला सही मंच – सीमा, मैनपुरी**

मैनपुरी की सीमा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि मैंने राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, बरेली से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयास से यह भर्ती प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरी हुई, जिसकी वजह से उनकी मेहनत रंग लाई।

**बेटियों के सपनों को मिला सहारा – अल्पना श्रीवास्तव, लखनऊ**

लखनऊ की अल्पना श्रीवास्तव ने फिरोजगांधी पॉलीटेक्निक, रायबरेली से प्रशिक्षण प्राप्त किया और एनएसटीआई कानपुर से सीआईटीएस कोर्स किया। उन्होंने बताया कि समाज की चुनौतियों के बावजूद उनके माता-पिता ने कभी पढ़ाई में कमी नहीं रखी। उन्होंने बताया कि अनुदेशक की नियुक्ति मिलने पर उनके माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू थे। उन्होंने वादा किया कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। उत्तर प्रदेश को उत्तम और कुशल प्रदेश बनाने में सहयोग करूंगी।

**किसान परिवार का पहला सरकारी रोजगार – श्यामू विश्वकर्मा, गोरखपुर**

गोरखपुर के श्यामू विश्वकर्मा ने भावुक होकर कहा कि वह किसान परिवार से आते हैं और परिवार में पहले व्यक्ति हैं जिन्हें सरकारी नौकरी मिली है। यह अवसर उन्हें इसलिए मिल पाया क्योंकि प्रदेश सरकार ने निष्पक्ष भर्ती की परंपरा स्थापित की है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि वह पूरी लगन और मेहनत से काम कर अपने चयन को सार्थक करेंगे।

**रोजगार से बढ़ा आत्मविश्वास – पवन कुमार, पीलीभीत**

पीलीभीत के पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने राजकीय पॉलीटेक्निक पीलीभीत से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया और फिर सीआईटीएस की परीक्षा हैदराबाद से पास की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र से सरकारी सेवा तक की उनकी यात्रा आसान नहीं थी। लेकिन सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया ने उनके सपनों को पंख लगा दिए। नवचयनित अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न सिर्फ उनके लिए गर्व का क्षण है, बल्कि प्रदेश सरकार के युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है।

# जनपद में 40 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा-2025 शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ संपन्न

**जिलाधिकारी ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-39, नोएडा परीक्षा केंद्र में का किया निरीक्षण**



**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नग 07 सितंबर 2025 उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2025 जिलाधिकारी मेधा रूपम के कुशल निर्देशन में जनपद गौतमबुद्धनगर के 40 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आज शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचिता के साथ सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आई-1 ब्लॉक, सेक्टर-39, नोएडा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा केंद्र परिसर, अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि का अवलोकन किया। साथ ही, परीक्षा कक्षों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रवेश-निकास द्वार की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, जोकि दुरूस्त मिली। परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कॉलेज पार्किंग के टूटे टीन सेड मरम्मत हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2025 के द्वितीय दिवस प्रथम पाली में कुल 17592 अभ्यर्थियों में से 12890 उपस्थित रहे एवं 4702 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी पाली में कुल 17592 अभ्यर्थियों में से 13008 उपस्थित रहे एवं 4584 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# भारत विकास परिषद महानगर नोएडा की प्रथम बैठक संपन्न: नए सदस्य शामिल, वर्षभर की योजनाओं पर चर्चा

**समाज जागरण**





नोएडा। क्लब 27 में भारत विकास परिषद महानगर नोएडा की प्रथम बैठक संपन्न हुई इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रांत से प्रांतीय अध्यक्ष कविता बंसल ,महासचिव मुक्ता अग्रवाल, प्रांतीय वित सचिव प्रवेश गुप्ता के द्वारा अपना मार्गदर्शन देने के लिए मौजूद रहे। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य सम्पर्क एवं महानगर नोएडा शाखा के संरक्षक के रूप में राजीव अजमानी, अध्यक्ष महेंद्र शर्मा सचिव उमेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता की तत्वाधान में कार्यक्रम में उपस्थित रहें ।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों को एक हाइड्रोपोनिक्स पौधा भेंट किया गया और नए सदस्यों का विशेष स्वागत हुआ और वर्ष भर की योजनाओं को किस तरह से कार्यान्वित करना है क्या-क्या योजनाएं लेनी है इस बारे में सभी को अवगत कराया जैसे गांव के तालाबों का जीर्णोद्धार कराना, गांव में मौजूद प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार करना साथ ही गांव का बहुमुखी विकास आदि योजनाओ से सभी को अवगत कराया गया। अध्यक्ष श्री महेंद्र शर्मा ने भारत विकास परिषद के सभी प्रकल्पों में कार्य करने का विश्वास दिलाया कार्यक्रम का सुन्दर संचालन शाखा सचिव उमेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम में कार्यकारिणी से राजेश अग्रवाल, अंकित रस्तोगी , संजय अग्रवाल, मोहित गोयल, अंशुल जैन, हर्षित अग्रवाल, रेनू गर्ग, प्रतिभा गुप्ता, निधि सिंघल, संतोष मिश्रा और परिषद के नए सदस्य उपस्थित रहे।

# आईएमएस-डीआईए में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

**समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर-62 स्थित आईएमएस-डिजाइन एंड इनोवेशन अकादमी (आईएमएस-डीआईए) में शिक्षक दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा शिक्षकों के स्वागत से हुई, जिसमें सभी फैकल्टी सदस्यों को विशेष टैग लाइन दी गई। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के शिक्षकों ने नृत्य, गीत-संगीत और रैंप




वॉक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। माहौल को और उत्साहपूर्ण बनाने के लिए "ब्लाइंड पिक्चर गेम" भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। आईएमएस-डीआईए की सीएमडी शिल्पी गुप्ता ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक अच्छे समाज के निर्माण में शिक्षक का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। एक अच्छा शिक्षक समाज का निमार्ता होता। किसी भी देश का विकास में उस देश के शिक्षकों पर ही निर्भर करता है। वहीं आईएमएस-डिजाइन के डीन प्रोफेसर (डॉ.) एम.के.वी. नायर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक कभी बुरे नहीं होते, केवल उनके पढ़ाने का तरीका एक-दूसरे से भिन्न होता है, जो विद्यार्थियों के मन में अलग-अलग छवि बनाता है। हर शिक्षक अपने विद्यार्थियों को सफल और खुश देखना चाहता है। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में जूनियर छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। वहीं अंत में कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा शिक्षकों को विशेष धन्यवाद के साथ किया गया।

# संगीत, सेवा, संस्कार और संकल्प का अनूठा संगम 'बागवान'

**समाज जागरण**






दिल्ली। वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित बी.एस. फाउंडेशन (डिवोशनल, म्यूज़िकल एवं सोशल सोसाइटी) द्वारा एक भव्य कार्यक्रम 'बागवान' का आयोजन किया गया। यह शाम पूर्ण रूप से समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और समर्पण अर्पित करने के लिए समर्पित रही।

इस आयोजन की सूत्रधार एवं बी.एस. फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. बबीता शर्मा रहीं, जोकि एक जानी-मानी प्रोफेशनल सिंगर, समाजसेवी और समर्पित संगीतकार हैं, उन्होंने अपने जीवन को संगीत साधना और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित कर रखा है। डॉ. बबीता का विश्वास है कि संगीत आत्मा को शांति देता है और समाज में संस्कार एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

कार्यक्रम का संचालन करूनेश शर्मा ने किया, उनकी मधुर आवाज और भावपूर्ण शब्दों ने पूरे वातावरण को और भी सुहावना बना दिया, जिससे कार्यक्रम का हर क्षण एक विशेष अनुभव बन गया।

डॉ. बबीता शर्मा द्वारा स्थापित बी.एस. फाउंडेशन समाज में सांस्कृतिक मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने दिल्ली-नोएडा की अनेक महिलाओं को संगीत शिक्षा देकर उन्हें न केवल मंच प्रदान किया, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का मार्ग भी दिखाया। आज उनकी शिष्याएं बड़े मंचों पर अपनी प्रस्तुतियों से पहचान बना रही हैं, उनकी सामाजिक सेवाओं का दायरा बहुत व्यापक है गौशालाओं में गायों की सेवा करना, सर्दियों में उन्हें गरम कपड़े ओढ़ाना, गरीब और पिछड़े वर्ग के लिए मीटिंग्स आयोजित कर स्वास्थ्य, नशामुक्ति, बालिका शिक्षा और पारिवारिक मूल्यों पर जागरूकता फैलाना, तथा जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा का भार उठाना।

डॉ. बबीता शर्मा ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि वे अपने प्रयासों से बी.एस. फाउंडेशन को और ऊँचाइयों पर ले जाते हुए, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए नई योजनाओं और अवसरों का सृजन करती रहेंगी।

कार्यक्रम के दौरान बी.एस. फाउंडेशन ने समाजसेवा की मिसाल प्रस्तुत करते हुए दो महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान कीं ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें, वहीं एक दिव्यांग नागरिक को व्हीलचेयर भेंट की गई।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में विमला बाथम (पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग), संजय बाली सांसद प्रतिनिधि, वी. के सूद उपस्थित रहे। साथ ही, टी.एन. गोविल, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, मान सिंह चौहान अध्यक्ष शनि मंदिर समिति, ओम विश्रांति की संस्थापक ज्योति सक्सेना, त्रिलोक शर्मा, अशोक श्रीवास्तव रेखा शर्मा, पुष्कर शर्मा सहित नोएडा-दिल्ली की अनेक विशिष्ट हस्तियां और समाजसेवी भी इस आयोजन के साक्षी बने।

# जीएसटी दरों में कटौती से मध्यम वर्ग होगा खुश, त्योहारों से पहले मिली बड़ी राहत

*त्योहारों से पहले देश के उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ निर्देश दिया है कि कंपनियाँ जीएसटी दरों में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों तक पहुँचाएँ। सरकार का यह कदम खास तौर पर मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जिन्हें लंबे समय से महँगाई की मार झेलनी पड़ रही थी।*

*वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित निर्यातकों के लिए विशेष राहत पैकेज तैयार कर रही है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर बनेंगे।*

*काशीवासियों ने इस राहत भरी खबर का स्वागत करते हुए दैनिक समाज जागरण के मंच पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दीं। उनका कहना है कि ह्लत्योहारों में खरीदारी का मजा अब दोगुना होगा, क्योंकि सरकार ने आम जनता को बड़ी सौगात दी है।*



त्योहारी सीजन से ही जीएसटी की खत्म की गई दोनों दरों के बाद इसका असर दिखना शुरू हो जाएगा। व्यापारियों का मानना है कि इस बार का त्योहार एकदम अलग दिखाई देगा। जीएसटी से मिली राहत सबसे ज्यादा ग्राहकों पर असर डालेगी। जिससे ग्राहक जमकर खरीदारी करेंगे जिससे इस बार कारोबार चमकेगा।

**(सुमित सराफ समाजसेवी)**



पिछले दिनों केन्द्र की मोदी सरकार ने दशकों बाद टैक्स में राहत दी है इससे सभी वर्गों को राहत मिलेगी ।वहीं जीएसटी में बदलाव से व्यापारी और आमजन मानस को राहत महसूस होगी।

**(अखिलेश कुमार मिश्र कैट प्रदेश महामंत्री)**



सरकार द्वारा जी एस टी में कटौती से सभी वस्तु के दाम में कमी होगी जिसका फायदा शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को होगा।स्टेशनरी के वस्तु पर भी दाम होने से काफी फायदा होगी।

**(शशि कांत सिंह चेयरमैन संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज)**



जीएसटी में इस बदलाव के तहत अधिकतर वस्तुएं 5% और 18% के स्लैब में आ गई हैं. कई वस्तुओं पर अब 0% या शून्य कर लगेगा और कुछ को 40% ह्यसिन टैक्स यानी ह्यपाप करह्ल स्लैब में जोड़ दिया गया है. जीएसटी का नया स्लैब 22 सितंबर से लागू होगा।

**(अंजन त्रिपाठी एडवोकेट )**

इस निर्णय से 175 से अधिक वस्तुओं पर सीधा प्रभाव पड़ेगा जो सस्ती हो जाएंगी। जिसमें घरेलू उपयोग की दूध पाउडर, दूध की बोतल, रसोई के बर्तन, फर्नीचर, जूते, शैंपू, टैल्कम पाउडर, टूथपेस्ट, साबुह, हेयर आयल, सीमेंद्र और फेस पाउडर आदि भी शामिल हैं।



**(डंपी तिवारी बाबा अध्यक्ष मिशन समाज सेवा)**

स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके पैरेंट्स के लिए राहत की खबर है। सरकार शिक्षा से जुड़ी कई चीजों पर जीएसटी घटाने की तैयारी कर रही है। अभी तक कॉपी, नोटबुक, पेंसिल शार्पनर, लैब नोटबुक, मैप और ग्लोब जैसी चीजों पर 12% से 18% जीएसटी लगता है। अब इन पर टैक्स को घटाकर शून्य करने का प्रस्ताव है।



**(धर्मेंद्र सिंह पप्पू प्रबंधक श्री युगल बिहारी इन्टर कालेज रामेश्वर)**

जीएसटी में चिकित्सा शिक्षा के



साथ साथ रोज की जरूरतों के सामानों की कीमत में कमी आएगी जिससे सभी लोगों को राहत मिलेगी।सरकार के फैसले से माध्यम वर्ग को काफी सहूलियत मिलेगी।

**(श्रवण मिश्रा मिंटू समाजसेवी)**

जीएसटी ही नहीं सरकार की ओर



से रेपो रेट में भी राहत दी गई है। इससे शहर के विकास को और गति मिलेगी। इसका लाभ रियल स्टेट कारोबारियों के साथ साथ आम जनमानस को लाभ मिलेगी।

**(राहुल सिंह पटेल समाजसेवी)**

जीएसटी काउंसिल ने सॉफ्टड्रिंक



व अन्य प्रकार के गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थों पर आगामी 22 सितंबर से 40 प्रतिशत टैक्स लगाने का फैसला किया है। अभी इस प्रकार के कई पेय पदार्थों पर 12-18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। समाजसेवी प्रीतेश त्रिपाठी का कहना है कि गुटखा, जर्दा, तंबाकू की तरह कई गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थ भी शरीर के लिए नुकसानदेह है।

**प्रीतेश त्रिपाठी समाजसेवी**

# गुलदार ने 10 वर्षीय बच्ची को बनाया शिकार, घर के बाहर खेल रही थी मौके पर मौत

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नगीना देहात थाना क्षेत्र के कान्हेड़ा गांव मे गुलदार ने 10 वर्षीय बच्ची पर हमला कर उसकी जान ले ली। बच्ची घर से बाहर दूध लेने गई थी, तभी गुलदार ने अचानक हमला कर दिया और उसे करीब 20 मीटर दूर गन्ने के खेत की ओर घसीट ले गया। बच्ची का पिता प्रेम पिछले तीन साल से गांव के डेरा प्रमुख अमनदीप सिंह के यहां खेती-बाड़ी और पशुपालन का कार्य करता है। घटना के समय बच्ची के पिता प्रेम बच्ची की आवाज सुनकर गुलदार के पीछे जंगल की ओर भाग गया, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर भी गुलदार भाग खड़ा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची नगीना सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कान्हेड़ा गांव में गुलदार द्वारा बच्ची पर हमले की घटना की जानकारी मिली। परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है आप देख रहे है

# पति कर रहा था दूसरी शादी पहली पत्नी ने रुकवाई

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर शेरकोट। नगर के एक मंडप में उस समय हंगामा हो गया, जब निकाह के दौरान दूल्हे की पहली पत्नी अचानक मंडप में पहुंच गई। पति को दूसरी शादी करता देख महिला भड़क उठी और मंडप में जमकर हंगामा किया। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट की नौबत आ गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बिचौलिए सहित दोनों पक्षों को थाने ले आई जानकारी के अनुसार, मोहल्ला शेखान स्थित एक मंडप में नगर निवासी की बेटी का निकाह हो रहा था। इसमें धामपुर क्षेत्र के ग्राम बगदाद अंसार निवासी इश्तखार की बरात पहुंची थी। निकाह की रस्म पूरी हो चुकी थी कि तभी अचानक दूल्हे की पहली पत्नी शबनम अपने परिजनों संग मंडप में आ गई। शबनम ने निकाह का विरोध करते हुए बताया कि उसकी शादी करीब चार वर्ष पूर्व इश्तखार से हुई थी। वहीं, दूल्हे इश्तखार का कहना है कि शबनम शादी के कुछ महीने बाद ही उसे छोड़कर चली गई थी और तभी से उसका परिवार परेशान था। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले जाकर कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने कासिम पुत्र बशीर अहमद, इफ्तिखार पुत्र कासिम निवासी ग्राम बगदाद अंसार थाना धामपुर, मंगलू पुत्र रेनू निवासी ग्राम कोपा नंगला थाना शेरकोट तथा शहजाद पुत्र रफीक निवासी ग्राम नयागांव थाना धामपुर का शांतिभंग में चालान किया।

# जिला अधिकारी कार्यालय में जहरीले सांप ने मचाया हड़कंप

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में रविवार को अचानक एक जहरीला सांप दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। कार्यालय में मौजूद कर्मचारी और आम लोग जब सांप को देखते ही डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और एहतियात बरतते हुए लोगों को सुरक्षित क्षेत्र में ले गए। इसके बाद वन विभाग की टीम को बुलाया गया, जिसने घंटों की मेहनत और सावधानी के बाद सांप को पकड़ने में सफलता हासिल की। टीम ने सांप को सुरक्षित कंटेनर में रखा और बाद में इसे जंगल में छोड़ने की तैयारी की। सांप की अचानक मौजूदगी के कारण कार्यालय परिसर में काफी देर तक तनाव और दहशत का माहौल बना रहा। कर्मचारियों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और कहा कि समय पर कार्रवाई न होती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सतर्क रहें और सांप जैसी जंगली प्रजातियों को परेशान न करें।



# कोतवाली देहात पुलिस की कार्रवाई आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके परिवार के साथ हुई मारपीट और लड़की को ले जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अर्जुन पुत्र चंद्रप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ जांच शुरू की गई थी। 06 सितंबर 2025 को पुलिस टीम ने अर्जुन को उसके गांव मसूरी से दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ अग्रिम आवश्यक कार्यवाही जारी है। गिरफ्तार आरोपी का नाम और पता है अर्जुन पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी ग्राम मसूरी, थाना कोतवाली देहात, जनपद बिजनौर। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चंद्रप्रकाश गंगवार और होमगार्ड सचिन कुमार शामिल रहे। पुलिस की तत्परता और समय पर कार्रवाई से इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश सराहनीय मानी जा रही है।

# पुलिस ने चोरी के तीन पंखे व एल्युमिनियम तार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नहटौर। ग्राम रजानगर निवासी श्रीमती संतोष देवी पत्नी शिवचरण सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके घर की छत से अज्ञात चोरों ने तीन पंखे और एक होम थिएटर चोरी कर लिए। तहरीर मिलने के बाद थाना नहटौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की जांच में चोरी में शामिल आरोपियों के नाम सौरभ पुत्र हेमराज और गजेन्द्र सिंह पुत्र मौहर सिंह, दोनों निवासी ग्राम सुहागपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर, सामने आए। शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए तीन पंखे, नौ पंखुड़ी और 15 मीटर एल्युमिनियम तार बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि एल्युमिनियम का तार उन्होंने ग्राम फरीदाबाद उर्फ फरीदपुर के एक खेत के नलकूप से चोरी किया था गिरफ्तार आरोपी सौरभ पुत्र हेमराज निवासी ग्राम सुहागपुर थाना स्योहारा। गजेन्द्र सिंह पुत्र मौहर सिंह निवासी ग्राम सुहागपुर थाना स्योहारा। बरामदगी तीन छत के पंखे मय पंखुड़ी 15 मीटर एल्युमिनियम केबल पुलिस टीम उपनिरीक्षक सोनू निगम कांस्टेबल राहुल यादव कांस्टेबल विक्रांत राणा शामिल रहें।

# शेरकोट पुलिस की तेजी से कार्रवाई चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट। थाना क्षेत्र के सैफु रहमान पुत्र नबील अहमद ने पुलिस को सूचना दी कि अभियुक्त सुऐब पुत्र नौशाद ने उनके क्लीनिक के गल्ले से रुपये चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही थाना शेरकोट पुलिस ने तत्परता दिखाई। 06 सितंबर 2025 को टीम ने अभियुक्त सुऐब को मौहल्ला



हकीमान से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किए गए 3,000 रुपये बरामद किए। विशेष रूप से उपनिरीक्षक श्री विपिन कुमार की कुशल और निडर कार्रवाई की वजह से अपराध जल्दी उजागर हुआ और पीड़ित को न्याय मिला। उनकी नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क की पुलिस में मिसाल कायम होती है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण सुऐब पुत्र नौशाद, निवासी मौहल्ला हकीमान, कस्बा व थाना शेरकोट, जनपद बिजनौर पुलिस टीम उपनिरीक्षक श्री विपिन कुमार हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल रहें।

# श्राद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी पितरों को किया याद

**समाज जागरण**



श्राद्ध की पूर्णिमा पर क्षेत्र के घाट राजघाट, हरिबाबा बांध, साधु मणि, ईशमपुर और सिसौना घाट पर पूर्णिमा के दिन लाखों की तादाद में श्रद्धालु स्नान करने पहुंच रहे हैं। सुबह चार बजे से ही गंगा घाटों पर स्नान करने वालों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। पुलिस प्रशासन समेत तैनात सुरक्षाकर्मी बड़े और छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग रूट बनाकर व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हैं।

**गंगा घाट से पहले वाहनों पर पाबंदी**

गंगा घाट राजघाट से दो किलोमीटर पहले ही बड़े वाहनों पर पाबंदी लगा दी गई, लेकिन भीड़ इतनी अधिक है कि गंगा घाट राजघाट के किनारे बसे मीरमपुर गांव की तरफ से कच्चे रास्ते से वाहन निकलने लगे। वहीं पैदल यात्रियों की लंबी लाइनें लगी रहीं।

**पूर्णिमा पर गंगा में पितरों के प्रति श्रद्धा भाव से लगाई जा रही आस्था की डुबकी**

गंगा घाट राजघाट पर मौजूद महंत मोनी बाबा ने बताया कि इस बार हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंच रहे हैं और उम्मीद है कि यह संख्या लाखों में पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि पूर्णिमा का दिन सनातन धर्म में विशेष धार्मिक महत्व रखता है, क्योंकि इस समय श्राद्ध पक्ष चल रहा है। पितरों के प्रति श्रद्धा भाव हमारे भीतर गहराई से समाया हुआ है।

# गुन्नौर भगता नगला में नहीं होता श्राद्ध कर्म, पितृपक्ष में ब्राह्मणों के प्रवेश पर वर्जित

**समाज जागरण यशवीर यादव**

गुन्नौर तहसील क्षेत्र गांव के भगता नगला गांव. ये उत्तर प्रदेश का ऐसा एक मात्र गांव है जहां पितृ पक्ष के दिनों में दिवंगत परिजनों का श्राद्ध कर्म किए जाने पर पाबंदी है।

यही नहीं, पितृपक्ष के दिनों में ब्राह्मणों के गांव में प्रवेश और ब्राह्मणों को दान दक्षिणा दिए जाने पर भी प्रतिबंध है।

जलदान पूर्णिमा के साथ ही श्राद्ध पक्ष भी शुरू हो गया है. हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में से एक पितृ पक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण आदि करने की परंपरा है लेकिन उत्तर प्रदेश के संभल जिले के एक गांव में पितृ पक्ष में श्राद्ध करने पर करीब 100 साल से पाबंदी चली आ रही है.।

पितृपक्ष में इस गांव में ब्राह्मणों के प्रवेश पर भी पूरी तरह से पाबंदी रहती है. यही नहीं, इन 16 दिनों में गांव में किसी भी भिक्षु को कोई भिक्षा नहीं दी जाती है. आखिर कई दशक बीत जाने के बाद भी ग्रामीण अपनी पुरानी परंपरा पर आज भी क्यों कायम हैं ये एक बड़ा सवाल है जिसके पीछे की वजह भी काफी रोचक है.।

**इस गांव का यह है कारण,**

गांव में मान्यता है की अगर, पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म करने की कोशिश की गई तो गांव में कोई भी अनहोनी हो सकती है. इस मान्यता के पीछे भी एक बड़ी वजह है. गांव के बड़े-बूढ़े बताते हैं कि एक बार गांव के किसी ग्रामीण ने अपने दिवंगत परिजन की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म संपन्न कराए जाने के लिए पड़ोसी गांव शाहजहानाबाद कि ब्राह्मण स्त्री को निमंत्रण देकर बुलाया था. श्राद्ध कर्म संस्कार के दौरान ब्राह्मण स्त्री को दान दक्षिणा देकर आदर सत्कार किया गया. जब ब्राह्मण स्त्री श्राद्ध कर्म संपन्न कराने के बाद अपने गांव लौटने लगी तो अचानक गांव में तेज बारिश शुरू हो गई जिसकी वजह से ब्राह्मण स्त्री को रात में ग्रामीण के घर पर ठहरना पड़ा. सुबह होने पर ब्राह्मण स्त्री जब अपने घर पहुंची तो उसके पति ने ब्राह्मण महिला के रात में ग्रामीण के घर रुकने पर अपमानजनक आरोप लगाते हुए उसे अपमानित कर घर से निकाल दिया.

**ब्राह्मण स्त्री ने लिया था वादा**

इसके बाद ब्राह्मण स्त्री ने वापस भगता नगला गांव पहुंचकर ग्रामीणों से यह वचन लिया की पितृपक्ष के दिनों में कोई भी ग्रामीण अपने दिवंगत परिजनों का श्राद्ध कर्म नहीं करेगा और न ही किसी ब्राह्मण को अपने गांव में प्रवेश करने देगा. किसी ग्रामीण ने पितृपक्ष के दिनों में श्राद्ध कर्म कराने की कोशिश की या फिर ब्राह्मणों का आदर सत्कार कर गांव में प्रवेश करने दिया तो गांव को दैवीय आपदाओं का सामना करना पड़ेगा. इसी मान्यता के चलते किसी भी ब्राह्मण को इस दिन कोई खाना या गांव में घुसने नहीं दिया जाता. यह परंपरा सालों से लगातार चली आ रही है. अपने बुजुर्गों द्वारा दिए गए इस वचन को आज भी ग्रामीण मानते हैं.।

# गुन्नौर गंगा स्नान करने जा रहे बाइक सवार आटो से टकराकर तीन घायल

**समाज जागरण**

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मुल्हेटा निवासी अवधेश पुत्र कुवंरपाल उम्र 40 वर्ष अपने चाचा सुनील व चचेरे भाई टीकम के साथ गंगा स्नान राजघाट जा करने जा रहे थे जैसे ही वह बबराला की नजदीक आगरा मुरादाबाद हाईवे पर गांव बागऊ के नजदीक पहुंचे तो सामने से आ रहे आटो से बाइक की टक्कर हो गई जिसमें ऑटो से निकाल कर गिरा रामरईस पुत्र रामस्वरूप उम्र 60 वर्ष कमल पुत्र भोलाराम उम्र 55वर्ष निवासीगढ देवापुर थाना बनियाठेर घायल हो गए सभी घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने घायल अवधेश व राम रईस के गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया जबकि अन्य घायल उपचार लेने के बाद घर चले गए।

# लखनपुर में महिला ने पति पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगा कर थाने में तहरीर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

पबांसा क्षेत्र के थाना केला देवी में लखनपुर गांव का मामला कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव निवासी राधा ने बताया कि रविवार सुबह को पति धर्मेंद्र ने अपनी राधा के साथ जमकर मारपीट की बही महिला ने कैला देवी थाने में अपने पति धर्मेंद्र के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया महिला की तहरीर पर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

# गुन्नौर कोतवाल ने साईबर जागरूक करने के लिए चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**समाज जागरण यशवीर यादव**



साईबर अपराध की घटनाओं पर कैसे लगाम लगे इसको लेकर पुलिस ने अभियान चलाया और गांव में चौपाल लगाकर जनता को जागरूक किया। बताया कि घरों में सीसीटीवी लगवाने की अपील की।

बढते साईबर अपराध से कैसे बचा जाए तथा सुरक्षा की दृष्टि से घरों पर कैमरा लगाने के लिए पुलिस ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक।

गुन्नौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान थाना प्रभारी ने रविवार को गांव सैजना मुस्लिम पर एक जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को साईबर क्राईम से कैसे बचा जाए। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया की जब भी किसी प्रकार का फोन काल आए या मैंसेज आए तो उसका जवाब बिना जांच पड़ताल के नहीं देना चाहिए। जादा फोन आने पर सरकार द्वारा बताए गये। नंबरों पर तुरंत कम्प्लेन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने ने अपने घरों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के.लिए.भी प्रेरित किया। ताकी कोई भी अपराध हो तो.कैमरे के.माध्यम से अपराधियों को.पकडा जा सके। चौपाल मे पूर्व प्रधान अख्तर अली ने कहा की किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना हो. तो ग्रामीण पुलिस को तत्काल सूचना दें।

# 32 असमोली क्षेत्र वासियों को आपके किसी सदस्य का नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं है आप अपना वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाएं। विधायक पिंकी यादव

**समाज जागरण संवाददाता प्रवेश यादव**

ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने घर घर जाकर वोट जोड़ने व हटाने को लेकर ' 19 अगस्त से 29 सितंबर तक चलेगा अभियान।

बीएलओ घर-घर जाकर नाम जोड़ेंगे, हटाएंगे और संशोधन करेंगे। आप भी अपने और परिवार के सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट में जरूर जाँचे। हर मतदाता का कर्तव्य है कि वो स्वयं भी सजग रहे और ऐसी किसी भी परिस्थिति का मजबूती से सामना कर अपने लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा करें। यदि किसी भी कारण से आपका या आपके परिवार के किसी सदस्य का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो आज ही नाम जुड़वाने के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाएं।

आप सभी की सुविधा के लिये यह वीडियो जारी किया जा रहा है। ताकि आप आसानी से इस काम को खुद भी कर सकें। इस कार्य के लिये आपके ग्राम पंचायत/बूथ से जुड़े हुए समाजवादी पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता की भी मदद ली जा सकती है। सपा पार्टी का प्रत्येक सिपाही हर एक मतदाता की पूरी मदद के लिये सदैव तत्पर है।

असमोली विधानसभा के सभी सम्मानित सेक्टर प्रभारी बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता व तमाम वोटर नवीनतम मतदाता सूची में अपना नाम चेक करें और वोट डिलीट होने पर या नये नाम जुड़वाने के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाएं। क्योंकि, आगामी चुनावों के मद्देनजर कई क्षेत्रों में वोट कटने की शिकायतें बड़ी संख्या में आ रही हैं।

प्रत्येक कार्यकर्ता और हम भी एवं जनता के लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा करें और हरेक वोटर की पूरी मदद करें। ताकि कोई भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे

# चर्च का दान-पात्र तोड़ा, हजारों की नकदी चोरी – संदिग्ध व्यक्ति के विरुद्ध FIR की मांग

**समाज जागरण**

बहजोई। डिवाइन फेथ फेलोशिप चर्च, बहजोई में एक गंभीर चोरी की घटना घटित हुई।रविवार की प्रार्थना सभा की तैयारी हेतु जब पादरी प्रवीन कुमार पुत्र चतर सिंह चर्च पहुँचे और चर्च की चाबी माँगी, जो प्रायः परिसर में निवासरत परिवार के पास रहती है, तो चाबी नहीं मिली। तत्पश्चात किसी प्रकार ताला खोलकर चर्च में प्रवेश किया गया। अंदर जाकर देखा गया कि चर्च का दान-पात्र टूटा हुआ पड़ा था और उसमें रखी लगभग 7000-8000 की नकदी चोरी हो चुकी थी।

चर्च प्रशासन को पूर्ण विश्वास है कि यह कृत्य अशोक कुमार पुत्र अनिल रॉबिन्सन निवासी चर्च परिसर बहजोई, जिला सम्भल द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त व्यक्ति के विरुद्ध पूर्व में भी कई चोरी की घटनाओं के संबंध में प्राथमिकी एवं शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं।

इस संबंध में कोतवाली बहजोई में प्रार्थना पत्र देकर भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 303, 305, 316 एवं 317 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करने एवं दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की माँग की गई है। इसके साथ ही चर्च प्रशासन ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि चर्च की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति का की बैठक संपन्न

- प्रांतीय अलंकरण सम्मान समारोह 21 सितंबर को सम्भल में कराने का निर्णय
- कार्यक्रम की सयोजक कुसुम को जबकि कार्यक्रम प्रभारी चिंकी दिवाकर और सहायक प्रभारी रूबी व अंशु कुमारी को बनाया गया
- कार्यक्रम की व्यवस्था को राष्ट्रीय महासचिव कुसुम के नेतृत्व अलग-अलग 15 उप समितियां बनाई गई



**समाज जागरण**

सम्भल। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति की बैठक में प्रांतीय अलंकरण सम्मान समारोह 21 सितंबर को कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें देश की महान विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का सयोजक समिति की राष्ट्रीय महासचिव को जबकि राष्ट्रीय सचिव चिंकी दिवाकर को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति की ग्लोरियस इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन स्कूल हल्लू सराय में सम्पन्न हुई बैठक में कार्यो की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि वर्ष 2025 के अलंकरणों का सम्मान समारोह 21 सितंबर को दोपहर 12 बजे से नवाब गार्डेन हयात नगर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश और देश की महान हस्तियों को वर्ष 2025 के प्रदेश गौरव, समाज गौरव, सरस्वती, साहित्य रत्न, डॉ बी आर अम्बेडकर प्रतिभा सम्मान, साबित्रीबाई फूले, कर्तव्यनिष्ठ, शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ, सजग प्रहरी, सम्भल गौरव, नन्हीं देवी रामस्वरूप स्मृति सम्मान, डॉ सुधा सक्सेना स्मृति सम्मान तथा महात्मा गौतम बुद्ध शांति सम्मान समेत आदि अलंकरणों से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का सयोजक राष्ट्रीय महासचिव कुसुम को जबकि कार्यक्रम प्रभारी चिंकी दिवाकर तथा सहायक प्रभारी राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी और अंशु कुमारी को बनाया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय महासचिव कुसुम के नेतृत्व में अलग अलग 15 उप समितियां बनाई गई। जिसका प्रभारी कु. रूबी, रजनी कान्ता चौहान,मन्जू सक्सेना, नाहिद रजा, तेजस्वी, राबिश, चांदनी खां, साधना सरगम, डॉ नायरा जौहर, अमित कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता तथा अरूण कुमार को बनाया गया।

# कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गणों तथा जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 8 नव चयनित अनुदेशकों को किया गया नियुक्ति पत्र का वितरण

**समाज जागरण**

बहजोई ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज लखनऊ लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत नव चयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत नव चयनित अनुदेशकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी लोकसभा परमेश्वर लाल सैनी एवं माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खडगवंशी एवं नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई सम्भल सुश्री स्तुति गुप्ता, प्रधानाचार्य चंदौसी आईटीआई नरेंद्र सिंह पाल एवं जनपद में नव नियुक्त अनुदेशकों द्वारा देखा एवं सुना गया।

कलक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गणों का एक पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नव चयनित 8 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का जो अभियान चल रहा है उसके अंतर्गत अच्छे एवं उच्च तकनीशियन की आवश्यकता होगी। आप लोग अनुदेशक के रूप में ऐसे इंजन हैं जो समाज एवं देश को आगे ले जाएंगे। आप लोग अच्छे से पढाएं एवं कुशल तकनीशियन तैयार करें।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नव नियुक्त अनुदेशक स्वाध्याय करें। नवाचार पर ध्यान देना होगा। जिलाधिकारी ने जनपद में प्रचार प्रसार के लिए चलायी जाने वाली एल ई डी वैन के विषय में भी जानकारी दी, उन्होंने बताया कि प्रचार वैन गाँव गाँव जाकर शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगी। जिलाधिकारी ने नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में नव नियुक्त अनुदेशकों को भी प्रचार प्रसार वैन के साथ ग्राम चौपाल एवं ग्राम पंचायतों में भी लोगों की तकनीकी रूप से जागरूक करने के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि हमें ग्राम वार एक डाटा तैयार करना है कि कितने बच्चे तकनीकी रूप से ट्रेड वार कुशल हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन से संबंधित बैठक में नव चयनित अनुदेशक भी आएं।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर ने नव चयनित अनुदेशकों को चयन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना पर मा. प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा विशेष ध्यान दिया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि पहले गाँवों में बिना प्रशिक्षण के भी लोग अपनी आवश्यकता की वस्तुओं को बना लेते थे। लकड़ी का हल, बैलगाड़ी एवं मिट्टी के बर्तन आदि, इससे गाँव में ही रोजगार के अवसर प्राप्त हो जाते थे। हमारी सभ्यता एक संस्कृति बहुत ही महत्वपूर्ण थी। गाँव में युवाओं को तकनीकी रूप से बढ़ावा दिया जाए। आज गाँव में ही युवा बिजली से संबंधित तथा दो पहिया, ट्रेक्टर, आदि के कार्यों में प्रशिक्षित होकर गाँव में ही रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# जनपद में सक्रिय है नकाबपोश शातिर चोरों का गिरोह

## रात के समय ग्रामीण अंचल में लोग करते हैं पहरेदारी




**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद में शातिर चोरों का आतंक अपनी चरम सीमा पर है। ऐसे में पुलिसिया कार्यशैली पर तरह-तरह के सवाल उठना भी लाजमी है। कस्बे से लेकर चौराहे तक चोरों का आतंक दिन हो या रात शुरू हो जाता है। प्राप्त समाचार के अनुसार जिले के विभिन्न इलाकों में नकाबपोश चोरों का गिरोह फैला हुआ है। और यह गिरोह जनपद के विभिन्न इलाकों में बहुत ही सक्रिय बताया जा रहा है। बताते चलें कि अभी हाल ही में इटवा थाना क्षेत्र के चौखड़ा चौराहे पर स्थित एक दुकान में नकाबपोश शातिर चोरों ने भेष बदलकर धावा बोल दिया, और चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दे डाला। इतना ही नहीं शातिर चोरों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि नकाबपोश चोरों की खौफ से कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचल तक के लोग काफी दहशत में है। लोग इतने दहशतजदा है कि पूरा दिन तो चैन सुकून से रह नहीं पाते हैं। और शाम होते ही पहरेदारी का इंतजाम करना शुरू कर देते हैं। पूरी रात लोग गांव में चलकर अपने-अपने दरवाजे के सामने ,,सोने वाले जागते रहो,,के लोगों को रखवाली करने का संदेश दिया करते हैं। इतनी जबरदस्त पहरेदारी होने के बावजूद भी शातिर नाकाबपोश चोर गांव में घुस जाते हैं और शोर गुल होने पर इधर से उधर भाग कर छिप जाते हैं। सूत्रों के अनुसार त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव में एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। ग्रामीणों की पूछताछ में चोर ने कबूला कि वह नगर पंचायत बढ़नी का रहने वाला है। उसके गिरोह के तीन सदस्य शोरगुल सुनकर फरार हो गए हैं। उक्त चोर का बात सुनकर ग्रामीण और भी अचंभित हो गए। कुल मिलाकर जनपद के विभिन्न इलाकों में नकाबपोश चोर सक्रिय हैं और ऐसे में पुलिस की लापरवाही को देखते हुए स्थानीय वासी रात में पहरेदारी करने को विवश हैं।

# पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने तिलहर ब्लॉक के बाढ़ ग्रस्त गांवों का दौरा कर अपने निजी कोष से बांटी राहत सामग्री।



**समाज जागरण**
**संवाददाता शाहजहांपुर**

तिलहर /शाहजहांपुरः आज सपा नेता एवं पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में पहुंचकर राहत सामग्री का वितरण कर ग्रामीणों का दर्द बांटा। श्री वर्मा ने कहा कि किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं,जिससे क्षेत्र का किसान पूरी तरह बर्बाद हो गया है और किसान परिवारो के सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है पूर्व विधायक श्री वर्मा जी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जो फसलें बाढ़ से बर्बाद हो गई है उनका अतिशीघ्र सर्वे करा कर,सरकार उचित मुआवजा दे। जिससे बाढ़ पीड़ित लोगों को कुछ राहत मिल सके। इसके अलावा पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने गर्रा नदी के तटीय गांव आजमाबाद, बिहारीपुर, जिक्रीपुर, चिटी बोझी और ढकिया रघा के बीच पुल निर्माण की भी मांग उठाई, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी और जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय नेता संजू मिश्रा, राजेश सिंह, लाल बाबू, पप्पू वर्मा, देशराज वर्मा, गप्पू वर्मा, राजीव पटेल, सतीश वर्मा, जितेंद्र गुप्ता व प्रभु सिंह कुशवाहा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कैंप कार्यालय में सुनी जन समस्याएं, कुछ समस्याओं का किया त्वरित समाधान



**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद जनपद के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास स्थित कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया, एक गार्जियन एवं नेतृत्व कर्ता के रूप में मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक न केवल सुना बल्कि इन समस्याओं में से कुछ का त्वरित समाधान भी किया, साथ ही कुछ समस्याओं का निराकरण करने का शीघ्र आश्वासन दिया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होते हुए उन्होंने उन समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से टेलिफोनिक वार्ता कर उन्हें शीघ्र दूर करने हेतु उन्हें निर्देशित किया।

मंत्री के समक्ष मुख्य रूप से कानून, भूमि अधिग्रहण, आवास, पेंशन जैसे अनेक समस्याएं उनके समक्ष आयीं अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए नागरिकों के चेहरों पर खुशी और उल्लास देखने को मिला जब उनकी समस्याओं का समाधान उन्हें त्वरित मिला।

# डीआईओएस ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रॉशर का किया विमोचन!



**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, सिविल लाइन दबरई पर जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा के ब्रॉशर का विमोचन किया।

धीरेन्द्र कुमार ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन की प्रक्रिया में तीव्र गति लाने के लिए निर्देश प्रदान किए एवं वीवीएम ऑनलाइन परीक्षा की जानकारी भी प्रदान की। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन कराने के साथ वीवीएम के प्रथम चरण की परीक्षा कक्षा 6 एवं 7 की दिनाँक 28/ 31 अक्टूबर 2025, कक्षा 8 एवं 9 की परीक्षा दिनाँक 29अक्टूबर/ 01 नवम्बर 2025, कक्षा 11एवं 12 की परीक्षा 30 अक्टूबर/02 नवम्बर 2025 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 07 नवंबर, 2025 एवं द्वितीय चरण का परिणाम 27 नवम्बर 2025 को होगी। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। छात्र अधिक जानकारी https://vvm.org.in पर कर सकते हैं। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 25 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए चयनित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा।

# युवक का अपहरण कर जान से मारने का किया प्रयास

- रामगंगा के टापू में घटना को दिया अंजाम
- कई थानों की पुलिस ने आरोपियों को घेरा,तब युवक दूसरे घाट पर छोड़ा
- युवक एक मामले में थाने पर मदद के लिए गया
- कल्लू गैंग का शरणदाता है आरोपी पक्ष
- परौर के मजरा मंझा गांव में अपहरण के बाद घायल युवक को पीएचसी पर लाया गया।




**समाज जागरण**

कलान /शाहजहांपुर कल्लू गैंग के शरणदाताओं ने युवक का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास किया।अपहरण की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया।कई थानों की पुलिस ने घेराबंदी की।तब कहीं जाकर आरोपियों ने युवक को नाव पर बैठाकर छोड़ दिया।घटना थाने के पीछे चंद कदम की बताई जा रही है।पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा है। पुलिस ने समय रहते कार्यवाही की होती तो शायद इस तरह की घटना नहीं घटती।परौर के मजरा मंझा गांव की घटना है।बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले रात में धर्मवीरश्यामपाल के घर में घुसे थे।थाने जाते समय महिला को रोककर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट और जान से मारने की धमकी दी।महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शनिवार सुबह आरोपी व उसके परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।मुकदमा दर्ज होने से नाराज आरापियों ने शाम को महिला के ससुर श्यामपाल को खेत की रखवाली करने जाते समय नाव पर बैठते समय घेर लिया।लाठियों से पीट दिया।महिला के ससुर ने थाने पर शिकायत की।बताया जा रहा है ससुर के साथ गांव के सावेन्द्र व उदयराज भी थाने गए थे।आरोपियों ने रविवार सुबह महिला व श्यामपाल के मददगार सावेन्द्र व उनके भाई उदयराज को खेत पर तार की बाड़ लगाते समय घेर लिया।आरोपियों ने सावेन्द्र को नाव पर डालकर रामगंगा के टापू में ले जाकर जान से मारने का प्रयास किया। दिन दहाड़े अपहरण की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया। एसएचओ ने आनन फानन घटना की सूचना आला आधिकारियों को दी।सावेन्द्र को बरामद करने के लिए रामगंगा के दोनों छोर पर सीओ के साथ परौर,कलान व मिजार्पुर की पुलिस दूसरे छोर पर मदनापुर, कटरा, गढ़ियारंगीन व जैतीपुर की पुलिस ने घेरा तक कहीं जाकर आरोपी सावेन्द्र को नाव बैठाकर दूसरे घाट पर छोड़कर भाग गए।अजयपाल फौजी, नन्हे पाल, अनगपाल, धर्मवीर,समेत कई लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं सावेन्द्र पक्ष के अगरवीर ने बताया कि इस घटना का कल्लू नज्जू गैंग के नजजू गुर्जर से कोई संबंध नहीं है।जो नज्जू गुर्जर से घटना को जोड़ रहे हैं वह अफवाह है।आरोपी कल्लू नज्जू गैंग के शरणदाता हैं।दो आरोपी जिला बदर हैं।दोनों घर पर ही रह रहे हैं।पुलिस की नाक के नीचे रहना पुलिस पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।यदि समय रहते जिला बदर के खिलाफ कार्यवाही की होती तो शायद आरापी पक्ष के हौंसले बुलंद नहीं होते।

# पत्नी के उपचार के लिये भटकता फिर रहा पति

- स्वास्थ्य कर्मी पर लगाया रुपये मांगने का आरोप
- समस्या की जानकारी करने गये पत्रकार के हाथ से छीना मोबाइल



**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध ट्रामा सेंटर में रोगियों के उपचार को लेकर आये दिन समस्या उतपन्न होती नजर आने लगी है वही जब इन समस्याओं को लेकर मीडिया कर्मी स्वास्थ्य कर्मियों से जानकारी करने जाता है तो मोबाइल छीनकर बदतमीजी करने पर आमादा हो जाते है

रविवार की दोपहर सरकारी ट्रामा सेंटर में रजनी पत्नी विकास निवासी गली नम्बर 6 कर्बला थाना दक्षिण को उसका पति व परिवार के लोग उपचार के लिये लेकर आये थे। जहां एक स्टाफ नर्स महिला उससे कहती नजर आयी कि किसी से भी शिकायत कर दो में इलाज नही करूंगी। जब इस बात को सुनते ही एक मीडिया कर्मी ने उनसे मोबाइल पर जानकारी लेना चाहा कि आप क्या कह रही हो। तो उस महिला स्वास्थ्य कर्मी ने उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया और अपने प्रभारी से शिकायत करने की धमकी देने लगी।

वही मरीज रजनी के पति ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी पत्नी गर्भवती है, और उसके शरीर पर किसी प्रकार का घाव हो गया है। जिसका इलाज कराने के लिये में यहां कई दिनों से चक्कर काट रहा हूँ। उसने बताया दो दिन पूर्व एक स्टाफ द्वारा बोतल लगाने के नाम पर तीन सौ रुपये मांगे गये। तब में दूसरे से तीन सौ रुपये मांग कर लाया और उन्हें दिए। उसने बताया कि में चूड़ी जुड़ाई का कार्य करता हूं। काफी गरीब हु , लेकिन मेरी पत्नी को इलाज के लिये कभी इधर तो कभी उधर लेकर जाने की कह दिया जाता है।

# ऑनलाइन सैक्स रैकेट चलाने वाले दो अन्तर्राज्यीय अभियुक्त गिरफ्तार!




**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। पुलिस ने ऑनलाइन सैक्स रैकेट चलाने वाले दो अन्तर्राज्यीय बदमाशो को पकड़ा है। उनके पास से असलाह व अन्य सामान व बरामद हुई है।

पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो ऑनलाइन सैक्स रैकेट चलाने वाले दो अन्तर्राज्यीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनको नगला धारू नहर पटरी से गिरफ्तार किया है।

**पुलिस ने इनको पकड़ा है**

फि रोजाबाद। पुलिस ने पकड़े अभियुक्त के नाम गुलशन पुत्र विजयपाल सिंह तथा रोहित कुमार पुत्र रामनिवास सिंह बताए है। दोनों सिंहपुर उडेसर थाना एका के रहने वाले है।

**अभियुक्तों से यह बरामद हुआ**

फिरोजाबाद। पुलिस ने उनके पास से 02 तंमचा 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 06 एन्ड्रॉयड फोन, 06 डेबिट कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड, 02 आधार कार्ड, 02 पैनकार्ड, एक स्विफ्ट कार बरामद की है।

**ऐसे देते है कसम को अंजाम**

फिरोजाबाद। दोनों ऑनलाइन गूगल प्लेटफार्म पर सैक्स वेबसाईटों के माध्यम से ऑनलाइन कस्टमर को उनकी सुविधानुसार महिलाओं व लडकियों की फोटो भेजकर सैक्स रैकेट चला रहे हैं। यह लोग कस्टमर से एडवांस पैसे फोन में डलवाकर लडकियों को उनके बताये स्थान पर बरामद स्विफ्ट गाडी से पहुँचाने का काम करते हैं।

**इनके साथियों के बारे में जानकारी की जा रही है**

फिरोजाबाद। एसपी देहात ने बताया गिरफ्तार अभियुक्तो का एक अन्तर्राज्य गैंग है । गैंग के अन्य सदस्यों को जो जनपद के अन्दर भी सैक्स रैकेट चलाने में एक्टिव हैं। उनकी भी जानकारी की जा रही है। इनके पास से मिले एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन व ऑनलाइन पेमेन्ट को रिसीव करने मे इस्तेमाल किये गये एकाउण्ट के एटीएम कार्ड व डराने धमकाने में प्रयुक्त असलाह मय कारतूस बरामद किए गए हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से 32 वर्षीय युवक की मौत

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। ज़िले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में विगत दिन दोपहर प्रकृति का क्रूर प्रकोप देखने को मिला। जब आकाशीय बिजली गिरने से एक 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान मिठौवा गांव निवासी मोनू उर्फ गुलाम अली के रूप में हुई है। मिलीजानकारी के अनुसार दोपहर




करीब 2 बजे इलाके में तेज बारिश हो रही थी. इसी दौरान मोनू पेट्रोल पंप के पास स्थित अपने खेत की मेड़ काटने गया था. अचानक आसमान से गिरी बिजली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बिजली का झटका इतना जबरदस्त था। कि मोनू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और परिजनों में अफरा-तफरी मच गई. लोग तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. मोनू का शरीर खेत में ही निर्जीव अवस्था में पड़ा मिला। मोनू अपने पीछे पत्नी के साथ एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गया है. उसकी असमय मौत ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है, गांव में मातम पसरा है और हर आंख नम गई।

# रील बनाने के चक्कर में बह गए दो युवक, इलाके में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर। सोशल मीडिया पर रील बनाने का शौक दो युवकों की जिंदगी पर भारी पड़ गया। सुभाषनगर रिंग रोड से राई खुर्द रिंग रोड क्षेत्र में बाढ़ के पानी में अचानक दोनों युवक बह गए। घटना से आसपास हड़कंप मच गया।



जानकारी के मुताबिक दोनों युवक कोतवाली तिलहर क्षेत्र के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बाढ़ के पानी में खड़े होकर वीडियो बना रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से गहरे पानी में बह गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने सर्च अभियान शुरू कर दिया। दोनों युवकों की तलाश जारी रही। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बैरिकेडिंग और निगरानी की व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# गणेश पूजन के बाद ब्रह्माकुमारी का शाल उड़ाकर किया सम्मान!

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। महिला तुलसी क्लब गोल्ड की मासिक बैठक फिरोजाबाद क्लब में शनिवार की देर शाम आयोजित की गई। बैठक में विद्या बुद्धि के दाता प्रथम पूज्य श्री गणेश जी का भजन पूजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। मीटिंग का शुभारंभ ईश वंदना के साथ किया गया, ।जिसमें क्लब की



महिलाओ ने गणपति के भजन गा कर समा बांध दिया। एक बालिका....... द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

गणपति पूजन के बाद सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में ब्रह्म कुमारी आश्रम से आई खुशी बहन का माला पहना कर ओर शाल उड़ा कर सम्मान कर शिक्षक दिवस मनाया गया। खुशी बहन जी ने क्लब की बहनों को जीवन में आने वाले कठिन समय को कैसे सरल बनाना है ये सीख दी।

एक बच्चे की एक माह की फीस प्रदान की गई

एक बुजुर्ग महिला की असहाय सहायता की गई।

जिन बहनों की सितम्बर माह में बर्थडे ओर एनिवर्सरी है उनका कैक कटवा कर जन्म दिन मनाया गया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ ।

कार्यकम में बूंदी वितरण एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था थी

कार्यक्रम में mv नीता, mv सोनिया राजीव गुप्ता mv अंशु पंकज गुप्ता, अलका गुप्ता राखी आशा पूजा महिमा आदि महिलाएं शामिल रही।

# नोएडा में रेहड़ी पटरी संचालकों की बड़ी मांग, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन।



**समाज जागरण**

नोएडा। रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश ने सैकड़ो के संख्या मे पहुँचे रेहड़ी पटरी संचालक के साथ मुख्यमंत्री, राज्यपाल, जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के नाम एक 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कई अहम मांगें उठाई हैं। हालांकि जिलाधिकारी के ज्ञापन लेने के लिए नही पहुँचने पर नोएडा सेक्टर 27 पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन दिया गया। रेहड़ी पटरी संचालक ने चौकी प्रभारी का आभार व्यक्त किया है।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता, नोएडा महानगर अध्यक्ष कैलाश चौधरी, प्रदेश महासचिव अपर्णा शर्मा और लीगल एडवाइजर नरेश नौटियाल ने बताया कि रेहड़ी पटरी संचालकों को अब तक नियमानुसार वेंडिंग जोन उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जबकि कई वर्षों से फॉर्म और अलॉटमेंट लेटर जमा करने के बावजूद व्यवस्था अधूरी है।

**मुख्य मांगें**

सेक्टर-62 की तर्ज पर सेक्टर-63 और 64 में छोटे-छोटे वेंडिंग जोन बनाए जाएं।

2018 में जमा फॉर्म वाले संचालकों को पहले प्राथमिकता दी जाए।

जब तक पूर्ण वेंडिंग जोन नहीं बनते, तब तक किसी भी तरह का मेंटेनेंस शुल्क न लिया जाए।

विधवा, तलाकशुदा, अनाथ, वृद्ध, विकलांग और निर्धन महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए।

हिमाचल जूस के खोखे पर अन्य सामान बेचने की अनुमति रोकी जाए और वहीं वेंडिंग जोन बनाए जाएं।

2019 से 2024 तक जमा फॉर्म वालों को भी व्यवस्थित किया जाए।

अलॉटमेंट लेटर व वेंडिंग सर्टिफिकेट सभी पात्र संचालकों को प्रदान किए जाएं।

साप्ताहिक बाजार लगाने वाले फुटपाथ व्यापारियों का सत्यापन पुलिस और प्रशासन की निगरानी में हो।

वेंडिंग सर्टिफिकेट की जांच आधार, पैन और पीएफ डिटेल के साथ कराई जाए।

प्रधानमंत्री की स्वनिधि योजना के तहत संचालकों का सत्यापन कर उन्हें जोड़ा जाए।

हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए सभी पात्र संचालकों को वेंडिंग जोन में बैठाया जाए।

प्राधिकरण के 2022 और 2020 के आदेशों का संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए।

प्रत्येक मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड और मुख्य मार्ग पर ऑटो स्टैंड बनाए जाएं ताकि जाम की समस्या न हो।

प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा सामान उठाने और अवैध वसूली पर रोक लगे और रसीद प्रणाली लागू की जाए।

DMRC और NMRC के मेट्रो स्टेशनों के पास वेंडिंग जोन विकसित किए जाएं।

**नेताओं का कहना**

एसोसिएशन का कहना है कि यह मुद्दा केवल जीविका का ही नहीं बल्कि गरीब और असली रेहड़ी पटरी संचालकों के अधिकारों का मामला है। प्रशासन को चाहिए कि हाईकोर्ट और केंद्र सरकार की योजनाओं का पालन करते हुए तुरंत प्रभावी कदम उठाए।

रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ने कहा है कि अगर न्याय नही मिलता है तो पूरे प्रदेश से पद यात्रा निकललेंगे। हम हक मांग रहे है भीख नही। केन्द्र सरकार ने जो नियम बनाए है उसको पारदर्शी तरीके से लागू किए जाए।

# 217वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।



**समाज जागरण**

संभल ।जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 217वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

उक्त मेला सत्रों पर 34 चिकित्सकों एवं 114 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2803 रोगियों (पुरुष रोगी- 1117; महिला रोगी- 1042 एवं 644 बच्चों) का निःशुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 167 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 185 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 250, चर्म रोग के 314, दमा के 282, मधुमेह रोग के 42, नेत्र रोग से सम्बन्धित 21, उच्च रक्तचाप के 55 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 43 मरीजों की मलेरिया की तथा 17 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक रही।

जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये। जिलाधिकारी के निदेशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 167 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया।

जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० तरुण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

# जुए के फड़ का संचालन केंद्र बना अमरकंटक राजेंद्रग्राम क्षेत्र

### थाना प्रभारी के नाक के नीचे हो रहा जुआ के फड़ का संचालन

**समाज जागरण**

अनूपपुर इन दिनों जिले में पुलिस के नाक के नीचे ही बडा फड़ का संचालन किया जा रहा है सूत्रों के मुताबिक अमरकंटक राजेंद्र ग्राम थाने में इन दिनों अवैध कारोबार जम कर फल फूलरहा है थाना अंतर्गत , जुआ और पशु तस्करी जैसे मामले जम कर बढे है। सूत्रों के मुताबिक थाना अंतर्गत 2 जगहों पर एक ही व्यक्ति द्वारा अलग अलग दिन जगह बदल कर जुए के फड का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र में युवाओ की टीम बना कर आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के साथ मिलकर अमरकंटक और राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में हर दिन अलग-अलग जगह पर फड का





संचालन किया जाता है । सूत्रों का कहना है कि थाना क्षेत्र में हो रहे अवैध कारोबार चाहे जुआ हो या पशु तस्करी पुलिस की मौन सहमति से ही संचालित हो रहा है।

**अनिल अपने गुर्गों के साथ कर रहा जुए के फड़ का संचालन**

अमरकंटक एवं राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत होने वाले अवैध कारोबार में प्रभारी की मौन सहमति ने इन अवैध कारोबारियों के मनोबल को दिन दोगुना रात चौगुना बढ़ाया है। धरहर निवासी अनिल द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भीम कुंडी एवं खाटी के अलावा अन्य ग्रामीण अंचल में बेधड़क जुआ का फड का संचालन किया जा रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि इतने फड के संचालन के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जो की संदेह के घेरे में आता है।

**भीमकुंड, खाटी , मोहंदी, दमहरी में लग रहे लाखों का दाव**

अनूपपुर जिले के अमरकंटक एवं राजन ग्राम थाना अंतर्गत जगह बदल बदल कर जुए की फड़ का संचालन किया जा रहा है जिसमें ग्राम भीम कुंडी, खाटी, मेहंदी, दमेहंदी में इन दिनों बृहद रूप में जुए के फड का संचालन किया जाता है जोकि लगातार देर रात्रि तक अनवरत चलता है। जिसमें अनूपपुर कोतमा, पेंड्रा ,डिंडोरी ,करंजिया और छत्तीसगढ़ से भी जुआरी का आना जाना बना रहता है । जुए के फड् में बाहरी खिलाड़ी जमकर भाग लेते हैं जिसमें प्रतिदिन लाखों का दाव लगाया जाता है और कई युवाओं की जेब खाली तो कईयों को बेघर कर दिया जाता है बताया जाता है कि इस फल में मोबाइल गाड़ी के साथ घर के कागजात भी गिरवी रखे जाते हैं जिसके बदले में 15 परसेंट पर ब्याज देकर पैसे उधारी दिए जाते हैं। फड़ में फाइनेंसियल के तौर पर दो प्रमुख व्यापारी भी रहते हैं जोकि 15 परसेंट की दर पर राशि उधार देकर उनके समान को गिरवी रख लिया जाता है। सूत्र बताते हैं कि इस अवैध कारोबार में धरहर निवासी अनिल के अलावा बसनीहा का राजू गुप्ता करंजिया का साहू एवं मंजू नायक नमक व्यक्ति शामिल है।

# गणेश प्रतिमाओं का किया गया ससम्मान विसर्जन, सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

### नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के मैदानी अमला रहा मौजूद

**समाज जागरण**

बिजुरीः- अनूपपुर जिले बिजुरी क्षेत्र मे नगर पालिका और पुलिस प्रशासन मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारी की उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने विसर्जन कुंडो में गणेश प्रतिमाओं का ससम्मान विसर्जन किया। नगर पालिका बिजुरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 लोहसरा में स्थित भावनिया विसर्जन कुंड पर्याप्त व्यवस्था रही जिससे नगर की जनता व गणेश कमेटीयों ने पुलिस नगर पालिका प्रशासन की खूब सराहना की गई !विसर्जन कुंडो में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग, पेयजल,पुलिस जवान, रस्सी, गोताखोर जैसे अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए गए। साथ ही सभी प्रमुख घाटों और वहां जाने वाले रास्तों पर बैरिकेट्स लगाए गए हैं, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण मिले। प्रशासन और पुलिस द्वारा लोगों को समझाइश दी गई कि गणेश प्रतिमाओं को निर्धारित विसर्जन कुंडो में ही

विसर्जित करें, अनावश्यक रूप से गहरे पानी की ओर न जाए, बच्चों और बुजुर्गों को विसर्जन स्थल से दूर रखने की अपील भी की गई।गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु आए श्रद्धालुओं व अन्य लोगों ने जिला एवं पुलिस प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन द्वारा किए गए व्यवस्थाओं की सराहना की और धन्यवाद ज्ञापित किया !

# नगर के सभी गणेश पंडालों सहित थाना परिसर में हुआ वृहद भंडारे का आयोजन-श्रद्धालु भक्तों की उमड़ी भीड़।

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी उमरिया**

मानपुर नगर में विराजमान गणेश पंडालों सहित थाना परिसर में आज संपूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहले सिद्धिविनायक गणेश महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, तत्पश्चात प्रसाद स्वरूप भंडारे का स्वाद लिया। मानपुर थाना परिसर में भी नगर निरीक्षक श्री मुकेश मर्सकोले एवं उनकी पुलिस टीम के सहयोग से वृहद भंडारे का आयोजन किया गया था, बता दें कि श्री मार्शकोले ने जब से मानपुर पुलिस की कमान संभाली है लोगों को बेहतर पुलिसिंग प्रदान करने के साथ-साथ थाना परिसर स्थित मंदिर में समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहते हैं जिससे देशभक्ति जन सेवा की भावना से कम कर रही मानपुर पुलिस टीम का एक नया स्वरूप दिखाई देता है और





यहां का समूचा माहौल भक्तिमय हो जाता है।इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं आमजन हजारों की तादाद में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हुए।

भंडारे में सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण शिरकत की ओर वातावरण भक्तिमय बना रहा।गणेश वंदना और गणपति के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजन नगर की एकता,सौहार्द और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं।

# संचाली गुप्ता ने नीट एग्जाम 2025 किया क्वालिफाइड।।

### सिंहपुर ग्राम का नाम हुआ रोशन

**समाज जागरण**

शहडोल ! कुमारी संचाली गुप्ता पिता संजय गुप्ता निवासी सिंहपुर हाल मुकाम प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेरा बांध माता अर्चना



गुप्ता व्याख्याता रामकृष्ण विवेकानंद विद्यापीठ बिजुरी ने वर्ष 2025 में नीट एग्जाम रैंक 517 जनरल कैटेगरी से क्वालीफाई किया है । और उन्हें मेडिकल कॉलेज रीवा में प्रवेश मिल चुका है बचपन से ही होनहार मेधावी संचाली गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा एक से दसवीं 94% रामकृष्ण विद्यापीठ बिजली कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं 90% यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल महेंद्रगढ़ में हुई मालूम हो कि संचाली गुप्ता सिंहपुर ग्राम के भूतपूर्व सरपंच( 25 वर्षोंतक )स्वर्गीय श्री मोहनलाल गुप्ता की पौत्री है संचारी गुप्ता की बड़ी बहन संस्कृति गुप्ता( गुनगुन )नई दिल्ली में एमबीबीएस में फाइनल ईयर अध्यनरत हैं संचाली गुप्ता की इस सफलता पर ग्रामसिंहपुर के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए गुप्ता परिवार को शुभकामनाएं देते हुए बधाई प्रेषित की है ।

# पर्युषण महापर्व समापन पर निकाली गई शोभायात्रा, उमड़ा श्रद्धालुओं का उत्साह

**समाज जागरण**

अकोदिया।। अकोदिया श्री दिगंबर जैन समाज अकोदिया द्वारा पवित्र मास पर्युषण महापर्व के समापन अवसर पर रविवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह श्री दिगंबर जैन मंदिर में भगवान की पूजन, अभिषेक व शांतिधारा के साथ मंगलाचरण किया गया। इस दौरान श्रीजी को विमान में विराजित करने सहित अनेक धार्मिक बोलियां लगाई गईं, जिसमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दोपहर 2 बजे श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज की महिलाएं गुलाबी परिधान और पुरुष सफेद वस्त्र धारण कर भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए भजनों की धुन पर नृत्य करते चल रहे थे। संजय जैन व पारस जैन द्वारा बैंड-बाजे की मधुर



धुनों पर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने श्रीजी की आरती उतारी। इस अवसर पर जैन ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज कुमार जैन, पिड़ावा से पधारे पंडित राजकुमार जैन, क्षेत्र अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार जैन, ज्ञानचंद जैन, रमेशचंद्र जैन, कमल कुमार अजमेरा, सुरेश कुमार जैन, अनिल कुमार जैन, राजेंद्र कुमार जैन, जय कुमार जैन, आशीष कुमार जैन, शैलेंद्र कुमार जैन, सुरेंद्र कुमार जैन, संभव जैन, संजय जैन, गोलू जैन, सचिन जैन, तेजपाल जैन सहित सामायिका महिला मंडल की सदस्य व बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात स्वामी वास्तल भोज का आयोजन किया गया। वहीं रात्रि आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भव्यता प्रदान की। यह कार्यक्रम धार्मिक उत्साह, भक्ति और सामूहिकता का अनोखा संगम साबित हुआ ।

# सरपंच द्वारा कलेक्टर को लगातार शिकायत के बाद भी नहीं रुक रहा शासकीय भूमि में अतिक्रमण

### फुनगा हल्का पटवारी दीनदयाल टांडिया का मिल रहा संरक्षण
### नीला नेट लगाकर रात में निर्माण करने की तैयारी ,आधे भूमि में निर्माण पूरा

**समाज जागरण**

अनूपपुर । तहसील अनूपपुर के ग्राम फुनगा में शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रेखा सिंह बार-बार कलेक्टर महोदय को शिकायत पत्र सौंपा गया था। परंतु कलेक्टर को बार-बार शिकायत के बाद भी शासकीय भूमि अतिक्रमण करने वाले के ऊपर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है ।

**फुनगा हल्का पटवारी का संरक्षण**

पहले की स्थिति में निर्माण कार्य खुले में चल रहा था इसके बाद हल्का





पटवारी ने जाकर ज्ञान दे दिया की खुले में बनाओगे तो ग्रामीण देखेंगे और फिर शिकायत करेंगे नेट लगाकर रात में निर्माण करोगे तो कोई नहीं देख पाएगा और पूरा कब्जा कर लोगे । शिकायत के अनुसार फुनगा स्थित आराजी खसरा क्रमांक 452/1 रकबा 0.607 हे. (लगभग डेढ़ एकड़) शासकीय भूमि में से करीब एक एकड़ भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जबकि शेष भूमि पर मकान निर्माण सामग्री का भंडारण कर निर्माण कार्य की तैयारी की जा रही है। बताया गया है कि इस संबंध में दिनांक 18 अगस्त को नायब तहसीलदार कौशलेन्द्र मिश्र को सूचना देकर अवैध निर्माण कार्य रोकने की मांग की गई थी, परंतु मौके पर पहुँचे पटवारी दीनदयाल टांडिया द्वारा न तो कोई कार्रवाई की गई और न ही अतिक्रमणकताओं को रोका गया। सरपंच श्रीमती रेखा सिंह ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि ग्राम फुनगा की शासकीय भूमि आराजी खसरा क्रमांक 452/1 की सम्पूर्ण भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने की तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो परंतु यहां तो सिर्फ पैसा दो और अतिक्रमण करो वाला अभियान चल रहा है ।

# सामुदायिक शौचालय के सामने ही उड़ेल दिया कचरे का ढेर पँचायत ने नही किया हस्तक्षेप

**समाज जागरण शहडोल।।**

सामुदायिक शौचालय के पास कचरे का अंबार गंदगी-बदबू से महिलाओं व बच्चों को भारी परेशानी मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ा पंचायत शिकायतों के बाद भी बेखबर पंच-उप सरपंच ने चेताया– नहीं सुधरे हालात तो करेंगे विरोध मप्र सरकार ही नही बल्कि केंद्र सरकार भी स्वछता पर सख्त है और स्वच्छता को लेकर तमाम दावे, होर्डिंग बैनर टीवी, रेडियो पर स्वच्छता सम्बन्धी प्रसारण भी होते हैं किंतु स्थानीय स्तर पर इसका कितना पालन हो रहा है यह तो जिम्मेदार ही बता सकते हैं।

ग्राम पंचायत में कचरे के संग्रहण के लिए बीते वर्ष सरकार ने गाँवो में नाडेप निर्माण की नींव रखी ताकि गाँव-मुहल्ले में एकत्रित होने वाले कचरे का ढेर उस नाडेप में फेंका जा सके पर नाडेप में संग्रहित कचरा क्या सार्वजनिक शौचालय के सामने ही संग्रहण किया जाए यह बड़ा हास्यपद लगता है और इस बात से ग्राम पंचायत के जिम्मेदार बेखबर हैं यह बात हास्यास्पद से भी बड़ा लगता है।

**सार्वजनिक शौचालय को बना दिया कचरा घर**

ग्राम पंचायत सरईकापा के सार्वजनिक शौचालय के पास कचरे का अंबार लग गया है।



"एक तो करेला दूसरा नीम चढ़ा" अरसों से संचालित सार्वजनिक शौचालय का अपना अलग शान है यानी एक तो आज तक शौचालय का दरवाजा नही खुला और उसके सामने कूड़े का ढेर उड़ेल दिया गया है।बदबू और गंदगी से आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए शौचालय का इस्तेमाल करना मुश्किल हो गया है।

गाँव के पंच,उप सरपंच स्थानीय निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद ग्राम पंचायत के जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। कचरे के ढेर से मच्छरों और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**पंचायत में अनाप-शनाप बिल**

पंच,उप सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत का कोई भी काम बिना कमीशन और दलाली के नही होता सारे विकास कार्यो में अनाधिकृत व्यक्तियों का हस्तक्षेप है किसी को प्रभार कहीं और का मिला है और वो आफ रिकार्ड ग्राम पंचायत सरईकापा का जिम्मा उठाए बैठे हैं यही नही हाल ही में आयोजित स्वंतन्त्रता दिवस के अवसर के नाम से यहाँ-वहाँ बिल लगाए गए हैं जिसका आन रिकॉर्ड कोई डाटा नही है और ग्राम पंचायतों में खुली इस प्रकार के भ्रष्टाचार और धांधली पर समय आ गया है जब कलेक्टर को कार्यवाई करने की आवश्यकता है।

# दबंग माफियाओं के शिकंजे में जकड़ा शुक्लागंज : उगाही जारी, सैकड़ों भयभीत

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। योगी सरकार के दावों को ठेंगा दिखाते हुए कई जनपदों में लगातार सक्रिय ऊंची पहुंच वाले दबंग माफिया लोगों को अपना शिकार बनाने में लगातार सफल हैं। इनकी ऊंची पहुंच और प्रभाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस तरह के प्रभावशाली माफियाओं के खिलाफ प्रार्थना पत्र तो देना दूर लोग जुबान खोलने से भी डरते हैं। और जो ऐसे प्रभावशाली दबंगों के खिलाफ साहस करता भी है तो वह उसके खिलाफ सफल नहीं होता, क्योंकि दबंग माफिया किसी न किसी हथकंडे से अपने खिलाफ शिकायत को रफा दफा करवा देता है। मतलब पुलिस के प्रार्थना पत्र पर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। यही वजह है कि वह दबंग माफिया दूसरों के मकानों ,दुकानों ,भूखंडों पर जबरन कब्जों के साथ ही रंगदारी वसूलने में लगातार सफल होता चला जाता है। कुछ इसी तरह के गंभीर आरोपों को लेकर अहमदनगर शुक्लागंज उन्नाव के वीरेंद्र चतुर्वेदी की दबंगई और पुलिस प्रशासन पर उसका अपने पक्ष में जबरदस्त प्रभाव भी चर्चा का विषय बना हुआ हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्लागंज इलाके के इस चर्चित दबंग वीरेंद्र चतुर्वेदी से भयभीत पीड़ित लोगों की संख्या एक आध बल्कि दर्जनों में बताई जाती हैं, जिनमें से एक नाम महताब पुत्र मोहम्मद मुस्तफा निवासी 377 गंगानगर, शुक्लागंज कटरी पीपरखेड़ा उन्नाव का भी है। आरोप है कि पुलिस प्रशासन पर बहुत मजबूत पकड़ वाला दबंग कथित माफिया वीरेंद्र चतुर्वेदी ₹2 लाख की रंगदारी देने में असमर्थ होने की वजह से मेहताब को उसकी ही जमीन पर मकान का निर्माण नहीं करने दे रहा है। जबकि वह इसके पहले भी 2 लाख रुपए मेहताब से रंगदारी के रूप में वसूल भी चुका है। पीड़ित मेहताब इस बारे में पुलिस और प्रशासन के साथ ही शासन को भी प्रार्थना पत्र दे चुका है लेकिन आज तक दबंग वीरेंद्र चतुर्वेदी ने उसका मकान नहीं बनने दिया। इस बारे में पीड़ित मेहता द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र के मुताबिक उसने ग्राम सभा कटरी पीपरखेड़ा में पुरानी भूखण्ड सं० 52 और अब नयी भूखण्ड सं० 91ख रकबा 78.99 वर्ग मीटर पूर्व प्लाट मालिक हरीराम पुत्र दर्शन से दिनांक 22 दिसंबर 2020 को क्रय किया था ,जिसमें वर्तमान में 6 फिट की बाउण्ड्री व गेट भी लगा हुआ है। अब वह अपने इसी भूखंड में अपना मकान बनाना चाहता है लेकिन क्षेत्र के दबंग व अपराधिक प्रवृत्ति के भूमाफिया वीरेन्द्र चतुर्वेदी पुत्र सत्यचरन चतुर्वेदी निवासी अहमदनगर शुक्लागंज उन्नाव उसे अपना मकान बनाने नहीं दे रहा है। वह इसके लिए दो लाख रुपए रंगदारी की मांग कर रहा है, जबकि ₹2 लाख की रंगदारी पहले भी वसूल चुका है। और नहीं देने पर प्लाट पर जबरन कब्जा कर लेने तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी अपने साथियों क्रमशः दिलशाद उर्फ अंकल, आकाश मिश्रा, निवासी अहमदनगर शुक्लागंज आदि के साथ मिलकर दे रहा है। दबंग वीरेंद्र चतुर्वेदी के खिलाफ कई गम्भीर आपराधिक मुकदमें भी दर्ज हैं।

फिलहाल पीड़ित महताब ने अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी सहायता की गुहार लगाई है ,लेकिन क्या उसे न्याय वास्तव में मिल पाएगा या फिर दबंग माफिया को 2 लाख की रंगदारी देने के बाद ही वह अपना मकान बना पाएगा। इस सवाल का जवाब आने वाला वक्त ही बताएगा।

# दो वांछित अभियुक्तों को नगराम पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ नगराम।लखनऊ, नगराम पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में लंबे समय से गैरहाज़िर चल रहे दो वांछित अभियुक्तों को दबोच लिया। यह गिरफ्तारी एसीपी रजनीश वर्मा के कुशल निर्देशन के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में पहला पवन पुत्र गुरुक्रन निवासी ग्राम समसी, थाना नगराम जनपद लखनऊ है।दूसरा अभियुक्त बाबूलाल पुत्र टिन्डे निवासी ग्राम अम्बेडकर नगर, पूर्व मजरा घोड़सारा थाना नगराम जनपद लखनऊ है।

दोनों अभियुक्त काफी लंबे समय से न्यायालय में तिथि पड़ने पर उपस्थित नहीं हो रहे थे, जिस कारण माननीय न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। नगराम थानाध्यक्ष विवेक चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।एसीपी रजनीश वर्मा का कहना है कि न्यायालय में पेश न होने वाले वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# आईसीजीईबी नयी दिल्ली ने बायोई3 नीति की पहली वर्षगांठ मनाई

अंतर्राष्ट्रीय आनुवंशिक अभियांत्रिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आईसीजीईबी), नयी दिल्ली ने आज भारत सरकार की प्रमुख पहल, बायोई3 नीति की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बायोई3@1 का आयोजन किया, जो जैव प्रौद्योगिकी को अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के साथ एकीकृत करती है । इस कार्यक्रम में कृषि और स्वच्छ ऊर्जा में नवाचारों को प्रयोगशाला से बाजार तक पहुँचाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए अग्रणी राष्ट्रीय शोध संस्थानों और उद्योग जगत के दिग्गजों को एक मंच पर लाया गया। इस कार्यक्रम का विषय था "जलवायु अनुकूल कृषि और स्वच्छ ऊर्जा के लिए संस्थान-उद्योग संपर्क", जिसका आयोजन राष्ट्रीय कृषि खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (एनएबीआई), मोहाली; राष्ट्रीय पादप जीनोम शोध संस्थान (एनआईपीजीआर), नयी दिल्ली; राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएबी), हैदराबाद;





कीटनाशक निर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीएफटी), गुरुग्राम; और क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आरसीबी), फरीदाबाद सहित प्रमुख राष्ट्रीय शोध संस्थानों के सहयोग से किया गया था।

कार्यक्रम में बलराम चिन्नी मिल्स, प्रसाद सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, नुजिवीडू सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, बायोसीड्स, मैनकाइंड एग्रो और इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड जैसे उद्योग जगत के दिग्गजों ने सक्रिय भागीदारी की। इस भागीदारी ने भारत की जैव अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में वैज्ञानिक शोध और औद्योगिक अनुप्रयोग के बीच बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया।

यह कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया था। पहले सत्र में, सहयोगी संस्थानों के निदेशकों ने जलवायु-अनुकूल कृषि और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी अत्याधुनिक तकनीकों और जारी शोध कार्यक्रमों पर प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों में राष्ट्रीय और वैश्विक स्थिरता चुनौतियों से निपटने में संस्थागत शक्तियों और नवीन क्षमताओं का उल्लेख किया गया।

दूसरे सत्र में आईसीजीईबी, नयी दिल्ली के निदेशक डॉ. रमेश वी. सोंती द्वारा संचालित एक उद्योग पैनल चर्चा हुई। पैनलिस्टों में श्री प्रवीण गुप्ता (बलराम चिन्नी मिल्स), श्री अरविंद कुमार (प्रसाद सीड्स प्राइवेट लिमिटेड), डॉ. सीताराम अन्नदान (नुजिवीडू सीड्स), डॉ. अजय कुमार (बायोसीड्स), डॉ. अनुपम आचार्य (मैनकाइंड एग्रो), और श्री शेखर बिष्ट (इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड) शामिल थे। उन्होंने बायोई3 ढांचे के तहत उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया और शोध नवाचारों को प्रयोगशाला से बाजार तक पहुँचाने के लिए अपने दृष्टिकोण साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान, सहभागी शोध संस्थानों द्वारा तकनीकी नवाचारों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि-जैव प्रौद्योगिकी, सतत ऊर्जा, पशु स्वास्थ्य और कीटनाशक निर्माण के क्षेत्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी ने उद्योग जगत के हितधारकों को उभरती प्रौद्योगिकियों की व्यावहारिक क्षमता और भारत की जैव-अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका का अवलोकन कराया।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस नीति को 2024 में स्वीकृत किया था। बायोई3 नीति का उद्देश्य भारत की जैव-अर्थव्यवस्था को अगले स्तर तक ले जाना है। यह नवाचार, स्थिरता और समावेशी विकास को बढ़ावा देते हुए, 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की देश की प्रतिबद्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह नीति पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में जैव प्रौद्योगिकी को शामिल करके, राष्ट्रीय विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती है।

# (NAREDCO) की प्रथम गवर्निंग काउंसिल मीटिंग ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुई।

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसलिंग (NAREDCO) की प्रथम गवर्निंग काउंसिल मीटिंग आज दिनांक 7/9/25 को मेरियट होटल लखनऊ में ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुई। यह बैठक रियल एस्टेट क्षेत्र में नये युग की शुरूआत का प्रतीक बनी। इस अवसर पर NAREDCO के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्य अतिथि श्री अनिल सूरी जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की।प्रदेश अध्यक्ष श्री आदित्य शुक्ला जी के कुशल नेतृत्व में NAREDCO उत्तर प्रदेश की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री श्री वीरेंद्र कुमार तिवारी जी को चेयरमैन पद पर नियुक्त किया गया। वहीं श्री नीलेंद्र पांडेय जी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया श्री अमित ओझा जी एवं श्री आकाश पांडेय जी को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया श्री अमित गुप्ता जी को परामर्शदाता की जिम्मेदारी दी गई।साथ में श्री राजा यादव जी ,श्री वेद प्रकाश अवस्थी





जी, श्री मोहम्मद असलम जी, श्री लोकेश तिवारी जी एवं श्री कुशाग्र दीक्षित जी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। साथ में आज लखनऊ चैप्टर का ऐतिहासिक शुभारम्भ हुआ।इस अवसर पर साहू ग्रुप के श्री स्वनय साहू जी को लखनऊ सिटी चैप्टर प्रमुख का दायित्व सौंपा गया।यह नवगठित कार्यकारिणी निश्चित रूप से रियल एस्टेट क्षेत्र के सशक्तिकरण में एक नया अध्याय जोड़ेगी और लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित करेगी। सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए

# पशुओं में लंपी वायरस का प्रकोप, पशु अस्पतालों पर लापरवाही का लगा आरोप

### पशुपालकों ने लापरवाह पशु चिकित्सक पर जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग

**संवाददाता अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**




नगवां/ सोनभद्र/ विकास खंड नगवां के वैनी स्थित राजकीय पशु अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगा है। आरोप है कि अस्पताल प्रभारी डॉक्टर की मनमानी के कारण बरसात से पूर्व पशुओं को लगाए जाने वाले टीके समय पर नहीं लगाए गए, जिससे पशुओं में लंपी वायरस सहित अन्य बीमारियों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है और असमय मौतें हो रही हैं। पशुपालकों का कहना है कि सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई जाती है ताकि सभी पशुओं का समय से टीकाकरण किया जा सके, किंतु डॉक्टरों की लापरवाही के कारण ग्रामीण अपने पशुओं को बीमार और मरते हुए देखने को मजबूर हैं। हाल ही में सिकरवार निवासी पूर्व प्रधान भोला प्रसाद चौरसिया की गाय बीमार हुई तो डॉक्टर को बुलाने पर उन्होंने खुद आने के बजाय चपरासी को भेज दिया। चपरासी ने इंजेक्शन लगाकर 500 रुपये भी लिए, किंतु कुछ ही घंटों बाद दुधारु गाय की मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी पशु बीमार होते हैं, तो प्रभारी डॉक्टर प्रायः बाहर होने का हवाला देते हैं और अपनी जगह चपरासी या कंपाउंडर को भेज देते हैं। परिणामस्वरूप अधिकांश पशुओं का सही इलाज नहीं हो पाता और उनकी मौत हो जाती है। सूत्रों के अनुसार प्रभारी डॉक्टर महीने में मुश्किल से 2-4 दिन ही अस्पताल आते हैं और पूरे महीने का उपस्थिति रजिस्टर भरवा देते हैं। अस्पताल चपरासी और कंपाउडर के सहारे चल रहा है, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पशुपालकों ने जिलाधिकारी सोनभद्र से पूरे मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय उच्चाधिकारियों की अनदेखी के कारण वर्षों से यह मनमानी जारी है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी को जमीन नहीं बेचेंगे कोटा टोला भक्सीहवा के किसान।

### कोटा के भक्सीहवां में सैकड़ों किसानों ने की बैठक, बिचौलियों की धमकी का विरोध।

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। खंड विकास चोपन की ग्राम पंचायत कोटा के टोला भक्सीहवां में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। सैकड़ों किसानों ने इस बैठक में हिस्सा लिया। किसान भू अधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष दीनानाथ साहनी और युवा नेता दीपू शर्मा ने बताया कि अल्ट्राटेक कंपनी के बिचौलिए किसानों को जमीन बेचने के लिए दबाव बना रहे हैं। राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त कानूनगो नंदलाल को बिचौलिए के रूप में भेजा जा रहा है। किसानों का आरोप है कि जमीन न बेचने पर उन्हें धमकाया जा रहा है। बैठक में मौजूद सभी किसानों ने एकजुट होकर अपनी जमीन न बेचने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि धमकी मिलने पर वे कानूनी कार्रवाई का सहारा लेंगे। बैठक में केशव गोंड, रामविलास गोंड, रंगलाल गोंड, ओमकारनाथ यादव, सुखराज गोंड, श्यामलाल, आतिश चंद्रवंशी, संजय कुमार, अजय गोंड, रामशुभग गोंड, कल्लू यादव, प्रभु शंकर यादव, मुन्नीलाल केवट, कृष्णा यादव और सर्वदीन गोंड समेत सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# 15 दिन से बिजली आपूर्ति बेपटरी, अधिकारी कर्मचारी बेबस

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

बीजपुर/ सोनभद्र। नधिरा उपकेंद्र से पोषित ग्रामीण अंचल में बिजली आपूर्ति 15 दिनों से बेपटरी चल रही है। फाल्ट और कटिया मारी तार पोल गिरने के साथ पिपरी से आने वाली 33 केवीए सप्लाई का बार बार ट्रिप होने से अधिकारी कर्मचारी बेबस हैं।बकरिहवा फीडर में तो जैसे पारी बना दिया गया है रात में रहेगी तो दिन में गायब और अगर दिन में रही तो पूरी रात बिजली गायब रहना आम बात हो गयी है। उपभोक्ताओं द्वारा जानकारी लेने पर तरह तरह की जानकारी दी जाती है साथ मे बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्या भी गिनाई जाती है।बताया जाता है कि 15 दिन में महज 60 से 70 घण्टा बिजली आपूर्ति सरकार के उस आदेश को आइना दिखा रहा है जो चुनाव के वक्त 18 घंटा गांवों को बिजली देने का ख्वाब दिखाया गया था। बिजली सप्लाई प्रभावित होने से बच्चों की पढ़ाई लिखाई बर्बाद हो रही है तो पेयजल के संकट से हर कोई जूझ रहा है।गर्मी और उमस के कारण बच्चों बुजुर्गों की हालत खराब है तो मच्छरों से जीवन नारकीय बना हुआ है।शनिवार पूरा दिन बिजली गायब थी तो रात में महज खाना पूर्ति के लिए चार घंटा सप्लाई आयी उसके बाद बताया गया कि 33 गायब है आएगी तो लगेगी नही तो देखा जाएगा। खबर लिखे जाने तक रविवार को सप्लाई बंद पड़ी थी। जिसके कारण आपूर्ति क्यों बन्द है कब तक बहाल होगी या जंफर खोल कर चलाया जाता रहेगा यह जानकारी नही मिल पायी।

# नील गायों के आतंक से किसान चिंतित तटीय इलाकों में नहीं कर पा रहें खेती

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। विकास खंड चोपन के पश्चिमी क्षेत्र महलपूर गोठानी के साथ ही ग्राम पंचायत सिंदुरिया में नील गायों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है आलम यह है कि दर्जनों की संख्या में झुंड बनाकर नील गाय किसानों की खेती को चौपट कर रही हैं जहां एक तरफ तटिय इलाकों में आई बाढ़ से किसानों की खेती काफी प्रभावित हो गई थी अब सीजन चना मटर आदि का रहा है लेकिन जिस प्रकार से नील गायों का आतंक है उससे फसल बच पाना मुश्किल है किसानों का कहना है कि सबसे ज्यादा नुक्सान चना मटर आदि फसलों का नील गायों द्वारा किया जाता है जिससे खेती करने की हिम्मत ही नहीं हो रही है मौजूदा समय में धान की फसल लगी हुई है परन्तु जब झुंड बनाकर नील गाय आती हैं तो पूरे फसल को रौंद कर नुकसान कर दे रही हैं सिंदुरिया निवासी, विजय शंकर पाण्डेय, प्रेमशंकर पाण्डेय हृदय नारायण पाण्डेय, रामबहाल यादव, महलपूर निवासी राजू तिवारी, राजेश तिवारी आदि किसानों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि नील गायों के बढ़ रहे आतंक का जल्द ही कोई कारगर उपाय किया जाय जिससे कि राहत मिल सके

# शिक्षक दिवस पर अश्लील गाने पर थिरके शिक्षक संघ छात्रों का मामला पहुंचा तहसील दिवस

### अश्लीलता फैलाने वाले शिक्षक व कालेज प्रशासन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। स्थानीय तहसील क्षेत्र के मझौली ग्राम के राम नगीना फामेर्सी कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक द्वारा फुहड़पन फैलाते हुए अश्लील गानों के साथ शिक्षकों संघ छात्रों के लगवाए गए ठुमके शिक्षक दिवस पर फैलाया गया अश्लीलता थिरकने का मामला शनिवार को समाधान दिवस में एडीएम वागीश शुक्ला के पास मंडल अध्यक्ष दीपक शाह के नेतृत्व में शिकायती पत्र के माध्यम से पहुंचा मंडल अध्यक्ष ने लिखित अवगत कराया कि संबंधित कॉलेज में शिक्षक दिवस पर हुए कार्यक्रम का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें कई अश्लील गानों पर डांस करते देखा गया है। ऐसे कृत्य से पढ़ने वाले छात्र छात्राओं पर असामाजिक असर पड़ रहा है क्षेत्र में अभिभावकों में आक्रोश है लोगों के मन को ठेस पहुंचा है शिक्षक ने छात्राओं के साथ चोलिया के हुक राजा जी राजा जी के दिलवा टूट जाई जैसे अश्लील गानों पर जमकर ठुमका लगाया जिससे वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र के अभिभावकों में काफी आक्रोश हैं शिक्षक व विद्यालय प्रशासन पर अबतक कार्रवाई न होने से नाराज मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में दुद्धी तहसील समाधान दिवस पर शिकायती पत्र सौंप कर मांग कि गई शिक्षा के मंदिर में शिक्षक द्वारा छात्राओं के साथ फुहड़पन अश्लील गानों पर थिरके शिक्षक व कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाए। जिससे आने वाले भविष्य में इस तरह का कृत्य पुनः दोहराई न जाय। इस दौरान सुमित सोनी, प्रेमनारायण सिंह मनीष जायसवाल, अजय चंद्रवंशी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जिला पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जनपद सोनभद्र की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर की गई । जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी में किया । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद छोटेलाल सिंह खरवार उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग के समाज को एक साथ लेकर चलने का काम करती है लेकिन इस भाजपा सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है ।

किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहा है लेकिन भाजपा कान में तेल डाली हुई है। उसे किसानों की समस्या सुनाई नहीं दे रही है । इसलिए हम समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लें।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि गरीबों का भला समाजवादी पार्टी में है जिसके मुखिया श्री अखिलेश यादव जी हैं। समाजवादी पार्टी किसानों मजदूरों नौजवानों महिलाओं और हर तपके की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव हाजी मुनीर अहमद पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल श्याम बिहारी यादव संजय यादव विजय यादव जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी अनिल प्रधान जिला उपाध्यक्ष वेदमाणी शुक्ला राम प्यारे सिंह पटेल लाल बहादुर पाल डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल त्रिपुरारी गौड़ सुरेश यादव रमेश सिंह यादव अशोक पटेल रमेश कुमार वर्मा रवि कुमार गौड़ बड़कू विपिन श्रीवास्तव गीता गौर सरदार पारब्रह्म सिंह मन्नू पांडे राधा सिंह हिदायत उल्ला खान जुबेर आलम बाबूलाल यादव विजय शंकर जायसवाल परमेश्वर यादव पवन पटेल फारुख अली जिलानी अजीत मौर्य प्रदीप कनौजिया चंद्र भूषण यादव रमजान अली संजय यादव शिवनारायण चौहान सनी पटेल राजेश विश्वकर्मा जलालुद्दीन प्रमोद यादव बाबू हाशमी लालबरत यादव राम लखन अजय विपिन श्रीवास्तव अमरेश दशरथ पीयूष हिमांशु प्रदीप राजमणि दयाशंकर मौर्य विष्णु कुशवाहा सुरेंद्र शिवम नंदलाल सुशील राय सुनील सिंह अमरजीत संत कुमार गौड़ हरिहर प्रसाद सलीम संतोष सुभाष वीरेंद्र राजू शर्मा बचोले लल्लू चंदन अशोक जायसवाल राकेश चौधरी अभिषेक प्रजापति छोटेलाल अली हुसैन नागेश्वर राम लखन इंद्र बहादुर कमलेश चौबे लक्ष्मी नारायण सिंह यादव जयप्रकाश सिंह लक्ष्मण चंद्रवंशी इमरान श्रीनाथ मोतीलाल श्याम सुंदर सत्येंद्र बबलू धनगर बालेश्वर अर्जुन रमेश अखिलेश विवेक सिंह कन्हैया लाल मुरारी विवेकानंद रोहित कुमार अमित सिंह मौर्य आज लोग उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने पड़री खुर्द गांव में सिंचाई डाक बंगला व मऊकला गांव में संरक्षित मूर्ति संग्रहालय का किये आकस्मिक निरीक्षण

**भोला नाथ मिश्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह ने आज भ्रमणशील रहकर विजयगढ़ किला के रास्ते में पड़ने वाले पड़री खुर्द गांव में सिंचाई डाक बंगला व विजयगढ़ किला के पास स्थित मऊकला गांव में संरक्षित मूर्ति संग्रहालय का आकस्मिक निरीक्षण किये। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से वार्ता करते हुए मूर्तियों के रख-रखा व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त किये, इस दौरान जिलाधिकारी ने मूर्तियों के देख रेख कर रहें चौकीदार रामबहार से वार्ता कर यहाँ इन मूर्तियों को देखने आने-जाने वाले लोगों की जानकारी की, जिस पर रामबहार व गांव के कुछ लोगों द्वारा बताया गया की काफी कम संख्या में मूर्तियों को देखने आते हैं। हिंदू व जैन धर्म से सम्बंधित प्रतिमा/मुर्तिया व वास्तु अवशेष आदि बड़ी संख्या में संग्रहित हैं। यह मूर्तियां 8वीं सदी ई0 से लेकर 12वीं सदी ई0 तक की है यह प्राचीन कलाकृतिया तथा ऐतिहासिक महत्त्व की हैं, इसका संरक्षण तथा व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाना आवश्यक है। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान की अपूर्ण प्रतिमा गौतम बुद्ध विहार मऊ कला का भी निरीक्षण किये और इसके संरक्षण व सुरक्षा के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने मऊ कला गांव में आदिवासी त्यौहार के उपलक्ष्य में आदिवासी समूह द्वारा करमा नृत्य कार्यक्रम में शामिल भी हुए और उनके द्वारा प्रस्तुत की जा रही सुन्दर करमा नृत्य को भी देखें।

जिलाधिकारी ने पड़री खुर्द गांव में अंग्रेजों के समय से बनाया गया सिचाई डाक बंगला का भी निरीक्षण किये, इस दौरान स्थानीय लोगों से इसके संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए वार्ता भी किये।

# सिंगरौली के विकास सिंह बने जिलाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष बने फणीभूषण शर्मा उर्फ पप्पू

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पत्रकारों की आवाज और अधिकारों की रक्षा हेतु सक्रिय भारतीय पत्रकार एसोसिएशन ने अपने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शुक्रवार को नवानगर मध्यप्रदेश में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के संयोजक अखिलेश मिश्रा राष्ट्रीय सचिव किशन पाण्डेय व सोनभद्र के मीडिया प्रभारी मुन्ना ओझा मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए संगठन के संयोजक ने मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार विकास सिंह को दी तो वही फणीभूषण शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी। इस बैठक को संबोधित करते हुए। श्री मिश्रा जी ने कहा कि भारतीय पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पत्रकारों पर किसी भी प्रकार का उत्पीड़न या दमन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हम सभी पत्रकार साथी कदम से कदम मिलाकार एक साथ चलने की बातें कही। नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष विकाश सिंह को संगठन का जिम्मेदारी सौंपते हुएं कहां कि वे जिले में पत्रकारों के हित में कार्य करें, संगठन को मजबूत बनाएं और क्षेत्रीय संवाददाताओं की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान किशन पाण्डेय ने पत्रकारों को संगठन के नेतृत्व में भरोसा जताया और एकजुट होकर पत्रकार हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास हम सब करेंगे और कहां कि भारतीय पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पत्रकारों को संगठित कर एक मजबूत मंच प्रदान करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामाअश्रय राय सहित संगठन के उच्च पदाधिकारी नईम गाजीपुरी अजय जौहरी लल्लन गुप्ता जी.के.मदान, सर्वेश राय अमिताभ मिश्रा किशन पाण्डेय नकुल तालिब अंसारी सहित अन्य लोगों ने कुशीनगर जिलाध्यक्ष चन्द्र भूषण चौबे ने मध्यप्रदेश जिलाध्यक्ष को दी बधाई।

# अधिवक्ताओं को भी मिले कैशलेश इलाज की व्यवस्था- राकेश शरण मिश्र

### (संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र)

**भोला नाथ मिश्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए सदैव आवाज बुलंद करने वाले संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए कैशलेश इलाज की मांग की है। श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में मांग की है कि जब वेतन भोगी कर्मचारियों को आप कैशलेश इलाज की सुविधा देने की घोषणा कर सकते है तो अधिवक्ताओं के लिए क्यों नहीं।

उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि अधिवक्ता गैर वेतन भोगी होता है और उसकी दिन की या महीने की कोई निश्चित आमदनी नहीं होती जिससे वो भविष्य की परेशानियों के बारे में कुछ धन बचा कर रख सके। आज शिक्षा और मेडिकल में सबसे अधिक पैसा लग रहा है। ऐसे में कोई अधिवक्ता या उसके घर वाले किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते है तो उसका सब कुछ दांव पर लग जाता है। इलाज के अभाव में प्रतिवर्ष हजारों अधिवक्ता दम तोड़ रहे है। अभी हाल ही में जनपद सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिओम सेठ जो ओबरा तहसील में वकालत करते थे महीनों इलाज के अभाव में तड़पते रहे और अंततः पैसे के अभाव में उनकी इलाज ठीक से ना हो पाने के कारण उनका दुखद निधन हो गया और ना तो सरकार से उन्हें कोई मदद मिली और ना ही बार कौंसिल से। इसलिए संयुक्त अधिवक्ता महासंघ आपसे मांग करता है कि आप जल्द से जल्द प्रदेश के अधिवक्ताओं को पच्चीस लाख की कैशलेश इलाज की व्यवस्था करने और उत्तरप्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की घोषणा करें अन्यथा प्रदेश के अधिवक्ताओं को अपनी इन दोनों मांगों के लिए प्रदेश व्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेवारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी।


# तेंदू के पेड़ में गमछा के सहारे लटक कर युवक ने दी जान, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**अनिल कुमार अग्रहरि/समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के टोला मनेजराडंडी में घर तीन सौ मीटर दूर जंगल में तेंदू के पेड़ में गमछा के सहारे एक युवक का लटकता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी। रविवार को मिली जानकारी के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के कोटा गांव के टोला मनेजराडंडी निवासी लक्षनधारी उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र हरि प्रसाद का शव घर तीन सौ मीटर दूर जंगल में तेंदू के पेड़ में गमछा के सहारे लटकता हुआ था वहीं गांव के लोग जंगल के तरफ गए थे तो लटकता हुआ शव देख मृतक के परिजनों को जानकारी दी गई, वहीं परिजन ने सूचना पाकर शव के पास पहुंच गए और इसकी सूचना चोपन पुलिस को दी गई वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया। वहीं परिजनों का कहना था कि लड़का कल रात को खाना पीना खाकर सोने चला गया है और रात को तेज गरज तड़क के साथ बारिश हो रही थी इसके वजह इसके ऊपर ध्यान नहीं गया और यह घटना घट गई।

# पिपरी की साइबर टीम ने आवेदक की फ्राड हुई धनराशि कुल 10000/- उसके मूल खाते मे कराया वापस

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**




पिपरी/ सोनभद्र। आवेदक नन्दलाल प्रसाद यादव निवासी रेनूकूट पिपरी सोनभद्र के खाते से बिना उसकी जानकारी के अनजान व्यक्ति द्वारा आवेदक के बैंक से जुडे मोबाइल का कोड प्राप्त करके फोन पे यूपीआई आईडी बनाकर आवेदक के खाते मे मौजूद 10000/- रु को किसी अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर लिया जिसके सम्बन्ध में आवेदक ने तत्काल साइबर पुलिस पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई । पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय ) के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में थाना पिपरी की साइबर टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई राशि को सम्बंधित खाते में होल्ड कराया गया तथा ट्रान्जेक्शन के सम्बंध मे आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर सम्बंधित बैंक को पत्राचार कर आवेदक की फ्राड हुई धनराशि कुल 10,000/- को उसके मूल खाते मे वापस कराया गया । आवेदक द्वारा थाना पिपरी की साइबर टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

# अनपरा पुलिस ने मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट व कुर्की के आदेश के क्रम एक वारण्टी को किया गिरफ्तार

**मु० हफीज फुलील/ समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण/नेतृत्व में जनपद के वाँछित/वारण्टी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत तथा मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट व कुर्की के आदेश के क्रम में आज दिनांक 07.09.2025 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-122/2002 धारा 3 (1) गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी कांति पुत्र किशुन खरवार निवासी खजुरा, अनपरा, सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।




# अनपरा पुलिस के प्रयास से पीड़ित को वापस मिला ₹ 14,154/-

**मु० हफीज फुलील/ समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ठगी के शिकार लोगों को न्याय दिलाने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक अनपरा शिव प्रताप वर्मा के नेतृत्व में गठित साइबर सेल थाना अनपरा की टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

आज दिनांक 07.09.2025 को थाना अनपरा निवासी विकास कुमार दूबे पुत्र शैलेन्द्र कुमार दूबे निवासी कहुवानाला औडी मोड थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, के साथ हुए साइबर फ्रॉड में ठगे गए ₹14,154/- की धनराशि को पुलिस टीम द्वारा बैंकिंग व तकनीकी माध्यमों से रिफंड कराकर आवेदिक को वापस दिलाया गया। आवेदक विकास कुमार दूबे ने अपना धन पुनः प्राप्त होने पर अनपरा थाना की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।

# कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को भी मजबूत

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में आज दिनांक 07.09.2025 को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना, सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 07 वैवाहिक जोड़ों की काउंसलिंग की गयी जिसमें से 02 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए, एक प्रकरण को माननीय न्यायालय में भेजा गया और एक प्रकरण में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किय गया व अन्य 03 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गयी। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे जोड़े (दम्पत्ति) हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

# पेंक में पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुवा शुभारंभ ।

**भुनेश्वर कुमार महातो ,संवाददाता-समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित हाईस्कूल फुटबॉल मैदान पेंक में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल



प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच फुटबॉल क्लब धवैया बनाम जय हनुमान क्लब बलकमक्का के बीच हुआ। जिसमें बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए धवैया की टीम ने बलकमक्का को दो गोल दागकर द्वितीय चक्र में जगह बनाएं है। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो, पेंक - नारायणपुर थाना प्रभारी नीतिश कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त व कीक मार कर किया। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और प्रतिभा का निखार होता है। मौके पर जिला सचिव खगेन्द्र कुमार, सह सचिव मधुकर आनन्द,पंचायत अध्यक्ष विजय तुरी, जानकी महतो, संजय महतो, रामदास नायक, प्रकाश कुमार , जेएलकेएम नेता लीडर सहित कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

# नीमडीह के रुपाडीह गांव पहुंचकर विधायक सविता महतो ने जाना डायरिया पीड़ितो का हाल

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: नीमडीह प्रखंड अंतर्गत टेंगाडीह पंचायत के रुपाडीह गांव में विगत 3 सितम्बर को एक दर्जन से अधिक लोंग डायरिया से पीड़ित होने की सुचना झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीणों के द्वारा विधायक सविता महतो को दीया। विधायक ने मामले को संज्ञान में लेकर चिकित्सा प्रभारी व अंचल अधिकारी संग बात कर गांव में जल्द कैंप लगाकर मरीजों का चिकित्सा करने का निर्देश दीया। जिसके बाद गांव में कैंप लगाकर ईलाज शुरू हुआ। रविवार को विधायक सविता महतो गांव पहुंचकर पुरे गांव का भ्रमण कर डायरिया पीड़ितो का हाल चाल जाना और सावधानी बरतने का अपिल किया। इस क्रम में विधायक ने नीमडीह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर भी इलाजरत



डायरिया पीड़ित मरीजों से मिले और चिकित्सक संग बात कर बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से भोजन का अच्छी तरह पकाकर खाने, पानी को उबालकर पीने को कहा। विधायक ने अधिकारियों संग फोन में बात कर गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने, खराब पड़े चापाकल, और सोलर पानी टंकी का अबिलब बनाने का निर्देश दिए। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, सरत मंडल, उदय महतो, अनिल मांझी, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोहम्मद हारुन रशीद को जदयू का युवा जिला अध्यक्ष बनाया गया

**समाज जागरण**
**मनोज कुमारसाह गोड्डा**

आज दिनांक 7.9.2025 को प्रदेश अध्यक्ष के आदेश अनुसार युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद को बनाया गया जिसमें मैं पूरे प्रदेश के सभी अध्यक्ष महोदय एवं सभी



गण्यमन अधिकारी को सीसी तहेदिल से बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं जिला मैं निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा में काम करके पार्टी को आगे बढ़ने का काम करूंगा बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं सभी प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद युवा जदयू गोंडा जिला

# साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, अनपरा पुलिस के प्रयास से पीड़िता को वापस मिला ₹16,944/-

**मु० हफीज फुलील/**
**समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ठगी के शिकार लोगों को न्याय दिलाने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक अनपरा शिव प्रताप वर्मा के नेतृत्व में गठित साइबर सेल थाना अनपरा की टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। आज दिनांक 07.09.2025 को थाना अनपरा निवासिनी श्रीमती नीलम सिंह पत्नी श्री रविन्द्र सिंह, निवासी अनपरा बाजार, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, के साथ हुए साइबर फ्रॉड में ठगे गए ₹16,944/- की धनराशि को पुलिस टीम द्वारा बैंकिंग व तकनीकी माध्यमों से रिफंड कराकर आवेदिका को वापस दिलाया गया। पीड़िता श्रीमती नीलम सिंह ने अपना धन पुनः प्राप्त होने पर अनपरा थाना की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।

# झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन चुनाव : नितेश तिवारी बने पलामू जिला अध्यक्ष

**JJA पलामू चुनाव में नितेश तिवारी की जीत, संतोष श्रीवास्तव और मुरारी कुमार को पछाड़ा**
**पत्रकारों का महाकुंभ: सैकड़ों पत्रकारों की मौजूदगी में नितेश तिवारी जिला अध्यक्ष निर्वाचित**
**झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का पलामू चुनाव सम्पन्न : नितेश तिवारी जिला अध्यक्ष निर्वाचित, पत्रकारिता की चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर गूंजे विचार**

**समाज जागरण दीपक सरकार**

पलामू/ मेदिनीनगरः झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (JJA) की पलामू इकाई का चुनाव रविवार को परिसदन भवन में उत्साह और शालीनता के बीच सम्पन्न हुआ। इस चुनावी प्रक्रिया में सैकड़ों पत्रकारों की मौजूदगी रही, जिससे यह आयोजन पत्रकारों के लिए किसी महाकुंभ से कम नहीं दिखा। कड़ी



टक्कर वाले मुकाबले में नितेश तिवारी ने जिला अध्यक्ष पद पर विजय हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। चुनावी नतीजों के अनुसार नितेश तिवारी को कुल 28 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी संतोष श्रीवास्तव को 17 मत और मुरारी कुमार को 8 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार नितेश तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 11 मतों से हराकर जीत दर्ज की।

**गरिमामय उपस्थिति**

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए बतौर मुख्य अतिथि पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और शिक्षाविद सह माटी कला बोर्ड सदस्य अभिनाश देव मौजूद थे। वहीं पूरी चुनावी प्रक्रिया की निगरानी रांची से चालकर आये खखअ प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत, कार्यकारिणी अध्यक्ष कुमार कौशलेंद्र, प्रभारी सियाराम वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह और उमेश सत्येंद्र कुमार चंदेल ने की।

**व्यापक भागीदारी**

इस चुनाव में न केवल जिले के पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि पांकी, लेस्लीगंज, सतबरवा, मनातू, तरहसी, पाटन, छतरपुर, हुसैनाबाद, बिश्रामपुर, पांडु, उटारी रोड, नावा बाजार और नवडीहा बाजार जैसे विभिन्न प्रखंडों से भी पत्रकार बड़ी संख्या में पहुंचे। पूरे परिसदन परिसर में पत्रकारों की मौजूदगी ने चुनावी माहौल को जीवंत बना दिया।

**अतिथियों के विचार**

इस अवसर पर डीआईजी नौशाद आलम ने पत्रकारिता को सबसे कठिन सेवा करार दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकार दिन-रात 24 घंटे सातों दिन समाज की नब्ज टटोलते हैं और सच सामने लाने का साहस दिखाते हैं। कई बार उन्हें हमलों का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि पत्रकारों के लिए लाइफ इंश्योरेंस सबसे अधिक आवश्यक है। पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि चुनावी राजनीति में उनके अच्छे कार्यों को जनता तक पहुंचाने का सबसे बड़ा श्रेय पत्रकारों को जाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का ऐसा वर्ग है जो सत्ता और समाज के बीच सेतु का कार्य करता है। पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने भावुक होकर कहा कि मीडिया ने ही उन्हें "ट्रीमैन" का नाम दिए है, जिसके कारण आज उनकी पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैली है। उन्होंने इस सम्मान के लिए मीडिया और पत्रकारों का आभार जताया। मुख्य वक्ता शिक्षाविद अभिनाश देव ने पत्रकारिता की निष्पक्षता पर जोर देते हुए कहा कि पत्रकार किसी जाति, धर्म या वर्ग से ऊपर उठकर कलम उठाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छाई और सच्चाई को बिना डर-भय के लिखना ही पत्रकार का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने यह भी साझा किया कि जब वह गलत निर्णय लेते हैं तो पत्रकार निडर होकर उनके खिलाफ भी लिखते हैं। यही पत्रकारिता की सच्ची पहचान है।

**ऐतिहासिक अवसर**

इस चुनाव ने न केवल संगठनात्मक नेतृत्व को चुना बल्कि पत्रकारिता की चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर भी गहन विमर्श का अवसर दिया। पलामू में आयोजित यह चुनाव पत्रकारिता की गरिमा, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और समाज में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने वाला ऐतिहासिक अवसर साबित हुआ।

# भारत ने एससीओ व्यापार मंत्रियों की बैठक में विश्व व्यापार संगठन-केंद्रित, निष्पक्ष व्यापार प्रणाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया

**भारत ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का प्रदर्शन किया, एससीओ में निष्पक्ष एवं सुरक्षित ई-कॉमर्स ढांचे पर सहयोग का प्रस्ताव रखा**

भारत ने 06 सितंबर 2025 को व्लादिवोस्तोक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के व्यापार मंत्रियों की बैठक में साझा समृद्धि के लिए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सामूहिक शक्तियों का लाभ उठाने की संभावनाओं पर जोर दिया और निर्यात विविधीकरण, निर्भरता कम करने और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। एससीओ में दुनिया की 42% आबादी और वैश्विक व्यापार का 17.2% हिस्सा है, इसलिए भारत ने व्यापार प्रवाह बढ़ाने, कमजोरियों को दूर करने और पूरे क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए समन्वित कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का प्रतिनिधित्व करते हुए, वाणिज्य विभाग के अपर सचिव, श्री अमिताभ कुमार ने विश्व व्यापार संगठन (डबल्यू.टी.ओ.) को केंद्र में रखते हुए एक खुली, निष्पक्ष, समावेशी और भेदभाव रहित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विकास-केंद्रित एजेंडे के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण (पी.एस.एच.) पर एक स्थायी समाधान, विकासशील देशों के लिए प्रभावी विशेष एवं विभेदक उपचार (एस एण्ड डी टी), और पूरी तरह कार्यात्मक द्वि-स्तरीय डबल्यू.टी.ओ. विवाद निपटान प्रणाली की बहाली शामिल है। उन्होंने आर्थिक विकास को मजबूत करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एमएसएमई की व्यापक भागीदारी को समर्थन देने के लिए, राष्ट्रीय कानूनों और पारदर्शिता के अनुरूप, सेवा व्यापार और कुशल पेशेवरों की अस्थायी आवाजाही की भूमिका पर भी जोर दिया।

भारत ने राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को कायम रखते हुए, भौगोलिक विस्तार, अंतर-संचालनीय लॉजिस्टिक्स, पूवानुमानित बाजार पहुँच और बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से आपूर्ति और उत्पादन श्रृंखलाओं में विविधता लाने और जोखिम कम करने के महत्व पर बल दिया। कहा कि लगातार व्यापार असंतुलन को बेहतर बाजार पहुँच, मानकों पर सहयोग और सुव्यवस्थित व्यापार सुविधा के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए। भारत ने आगाह किया कि निर्यात संबंधी उपायों का इस्तेमाल कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजारों को विकृत करने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के लिए शस्त्र के रूप में नहीं किया जाना चाहिए या उनका दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए और इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य में विश्वास बनाए रखने के लिए उनका संतुलित और पारदर्शी उपयोग आवश्यक है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, भारत ने निष्पक्ष, पारदर्शी और पूवार्नुमानित नियामक ढाँचों, सर्वोत्तम प्रथाओं पर स्वैच्छिक सहयोग और सुरक्षित, नवाचार-आधारित डिजिटलीकरण के लिए क्षमता निर्माण पर केंद्रित एससीओ कार्यप्रवाहों का प्रस्ताव रखा। भारत ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डी.पी.आई.) में अपनी उपलब्धियों का भी प्रदर्शन किया, जिसमें रीयल-टाइम भुगतान के लिए यू.पी.आई., पहचान और सहमति प्रबंधन के लिए इंडिया स्टैक और अनबंडल डिजिटल कॉमर्स के लिए डठऊ शामिल हैं। इन पहलों को एमएसएमई लागत कम करने, बाजारों तक पहुँच बढ़ाने और विश्वसनीय भागीदारों के बीच पायलट परियोजनाओं सहित रीयल-टाइम निपटान को सक्षम करने के लिए कम लागत वाले, मानक-आधारित और अनुकरणीय मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया।

सतत विकास के संदर्भ में, भारत ने समानता और साझा लेकिन विभेदित उत्तरदायित्वों एवं विशिष्ट क्षमताओं (सीबीडीआर-आरसी) के सिद्धांत पर जोर दिया। इसने मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) पहल पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि जलवायु कार्रवाई को वित्त और किफायती प्रौद्योगिकी प्रवाह द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। भारत ने यह भी आगाह किया कि व्यापार से जुड़े जलवायु उपायों के परिणामस्वरूप मनमाना या अनुचित भेदभाव नहीं होना चाहिए। भारत ने एवीजीसी क्षेत्र (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) को रोजगार, निर्यात और समावेशी विकास के इंजन के रूप में रेखांकित किया। इसने इस वर्ष की शुरूआत में पहली बार आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स 2025) की अपनी सफल मेजबानी को याद किया, जिसमें 100 से अधिक देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस शिखर सम्मेलन ने कई पहलों को गति दी, जिनमें वैश्विक मीडिया सहयोग के लिए वेव्स बाजार, रचनात्मक स्टार्ट-अप फंडिंग के लिए वेवएक्स, और क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के माध्यम से प्रतिभा विकास के लिए क्रिएटोस्फीयर शामिल हैं। सरलीकृत नियामक ढाँचों और पहले से मौजूद 17 सह-निर्माण समझौतों द्वारा समर्थित इंडिया सिने हब के माध्यम से, भारत खुद को एक वैश्विक फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।

भारत ने एक ठोस व्यापार और आर्थिक एजेंडा तैयार करने और व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एससीओ शासनाध्यक्षों (प्रधानमंत्रियों) की परिषद की रूसी अध्यक्षता के लिए धन्यवाद दिया। इसने पूरे क्षेत्र में सतत और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 2026-27 में एससीओ सीएचजी की ताजिकिस्तान की अध्यक्षता में सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया।

# पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चीन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड(आईईएसओ-2025) में भारतीय टीम के विजेता छात्रों को सम्मानित किया

**प्रतिष्ठित वैश्विक ओलंपियाड में टीम इंडिया ने 1 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य सहित 7 पदक जीते**
**डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्टार्टअप क्रांति से प्रेरित टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवाओं में आकांक्षाओं की सराहना की**
**एनईपी-2020 पारंपरिक विषय बाधाओं से युवा मस्तिष्कों को मुक्त करके उनकी क्षमता को उजागर कर रहा है: डॉ. जितेंद्र सिंह**
**उभरते क्षेत्रों की ओर रुख: पृथ्वी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष क्षेत्र और स्टार्ट-अप आधारित स्व-रोजगार**
**मंत्री ने छात्रों से विज्ञान ज्योति, छात्रवृत्ति, फैलोशिप और अनुसंधान अनुदान जैसे नए सरकारी प्रोत्साहनों और पहलों का पता लगाने का आग्रह किया**



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 8-16 अगस्त 2025 तक चीन के जिनिंग में आयोजित 18वें "अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड" (आईईएसओ-2025) में भारतीय टीम के विजेता छात्रों को सम्मानित किया।

टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल सात पदक - 1 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य - हासिल किए, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय भूविज्ञान युवा आंदोलन (आई-जीवाईएम) रिपोर्टर श्रेणी में तीसरा पुरस्कार भी प्राप्त किया।

विजेता छात्रों में शामिल हैं: रयांश गुप्ता (सत पॉल मित्तल स्कूल, लुधियाना, पंजाब)- स्वर्ण, रजत और आई-जीवाईएम तृतीय पुरस्कार ड्ट चारुव्रत बैंस (एमजीएन पब्लिक स्कूल, कपूरथला, पंजाब) - 2 रजत, 1 कांस्य ड्ट अपम निधि पांडे (पीएम श्री केवी नंबर 1, जयपुर, राजस्थान) - 1 रजत प्रियांशी घनघास (एमडी इंद्रप्रस्थ सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, दिल्ली) - 1 कांस्य छात्रों को मार्गदर्शक प्रोफेसर देवेश वालिया और प्रोफेसर हेमा अच्युतन द्वारा मार्गदर्शन दिया गया तथा वैज्ञानिक-जी डॉ. जगवीर सिंह पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्र को गौरव दिलाने वाले युवा उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना करते हुए कहा कि ये परिणाम पिछले दशक में भारत की स्टार्टअप क्रांति के बाद युवाओं, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवाओं में नई आकांक्षा की भावना को दशार्ते हैं।

मंत्री महोदय ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) ने युवा मस्तिष्कों को कठोर विषय धाराओं की सीमाओं से मुक्त करके और उन्हें विविध विषयों का अन्वेषण करने में सक्षम बनाकर उनकी रचनात्मक क्षमता को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि यह पारंपरिक पाठ्यक्रमों से हटकर पृथ्वी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और स्टार्ट-अप आधारित स्व-रोजगार जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों की ओर एक आदर्श बदलाव को प्रोत्साहित कर रहा है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे विज्ञान ज्योति, छात्रवृत्ति, फेलोशिप और अनुसंधान अनुदान जैसी पहलों के माध्यम से सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का सक्रिय रूप से लाभ उठाएं, ताकि उनके विचारों को आगे बढ़ाया जा सके और उन्हें समाज के लिए लाभकारी बनाया जा सके।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन ने बताया कि मंत्रालय हर साल भारत के 300 केंद्रों पर भारतीय राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (आईएनईएसओ) आयोजित करके आईईएसओ के लिए छात्रों का समर्थन करता है। लगभग 30 चयनित छात्रों में से, चार का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में आईईएसओ में भारत का प्रदर्शन बेहद उत्साहजनक रहा है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी खोज को केवल प्रतियोगिताएं जीतने तक ही सीमित न रखें, बल्कि अपने क्षितिज को व्यापक बनाएं और नागरिकों की व्यापक भलाई के लिए वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए अपने नवाचारों को लागू करें।

अंतर्राष्ट्रीय भूविज्ञान शिक्षा संगठन (आईजीईओ) द्वारा 2003 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (आईईएसओ), दुनिया भर के माध्यमिक विद्यालय के छात्रों (कक्षा क-क्क) के लिए एक वार्षिक प्रतियोगिता है। भारत 2007 से इसमें भाग ले रहा है और 2013 में मैसूर में इसके 10वें संस्करण की मेजबानी की थी।

# आईएनएस कदमत्त ने पापुआ न्यू गिनी के 50वें स्वतंत्रता दिवस पर सचल नौसैन्य जहाजों के बेड़े का नेतृत्व किया

स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर कार्वेट आईएनएस कदमत्त को मित्रता और समुद्री साझेदारी के एक घनिष्ठ प्रदर्शन के रूप में 04 सितंबर, 2025 को पापुआ न्यू गिनी के 50वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के हिस्से के तौर पर सचल नौसैन्य जहाजों के बेड़े का संचालन एवं नेतृत्व करने का ससम्मान अवसर प्रदान किया गया। औपचारिक नौसैन्य दल के प्रमुख जहाज के रूप में आईएनएस कदमत्त आगे था और सहयोगी जहाजों में एफएनएस ऑगस्टे बेनेबिग, एचएमपीएनजीएस गिल्बर्ट टोरोपो, एचएमपीएनजीएस टेड डिरो, एचएमपीएनजीएस रोचस लोकिनाप, वीओईए नकाहाऊ कोउला और एचएमएएस चाइल्डर्स शामिल थे।

आईएनएस कदमत्त ने पोर्ट मोरेस्बी बंदरगाह के भीतर आयोजित होने वाले एक बहुराष्ट्रीय एवं बहुमंचीय कार्यक्रम केहिस्से के रूप में समीक्षा या परेड करने वाले जहाजों के बेड़े के अधिकारी (ओसीएस) के तौर पर विभिन्न चुनौतियों का सटीकता के साथ सामना किया। पहली सितम्बर को जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद, युद्धपोतों के सुरक्षित संचालन के साथ-साथ सटीक युद्धाभ्यास सुनिश्चित करने हेतु सभी जहाजों के लिए विस्तृत ब्रीफिंग आयोजित की गई और स्पष्ट आदेश जारी किए गए।

बंदरगाह में पूरी तैयारी की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप पांच देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात युद्धपोत एक ही पंक्ति में और प्रत्येक पोत के बीच 600 गज की दूरी पर सटीकता के साथ रवाना हुए। इसके बाद वे सभी पूर्व-निर्धारित समय पर अपने-अपने सलामी स्थलों पर पहुंचे।

# आईईपीएफए ने जीवन को आसान बनाने के लिए कम राशि वाले दावों के लिए दस्तावेज प्रक्रिया को सरल बनाने की पेशकश की

समिति के सुझावों के अनुसार, एक बार अपनाए जाने के बाद, ये सुझाव 5 लाख रुपये (भौतिक प्रतिभूतियां), 15 लाख रुपये (डीमैट प्रतिभूतियां) और 10,000 रुपये तक के लाभांश मूल्य के दावों पर लागू होंगे।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) ने मौजूदा प्रक्रियाओं की समीक्षा करने और कम राशि वाले दावों की दस्तावेज प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सुधारों की सिफारिश करने हेतु एक समिति का गठन किया था। इस पहल से समय सीमा में उल्लेखनीय कमी आने, पारदर्शिता में सुधार होने और निवेशकों को परेशानी मुक्त सेवाएँ मिलने की उम्मीद थी।

समिति में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए), निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई), भारतीय लागत लेखाकार



संस्थान (आईसीएमएआई), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई), भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की), पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडी सीसीआई), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआई आई), और भारतीय रजिस्ट्रार संघ (आरएआईएन) के प्रतिनिधि शामिल थे। समिति ने अपनी रिपोर्ट आईईपीएफए को सौंप दी थी।

समिति के सुझावों के अनुसार आईईपीएफए द्वारा अपनाए जाने के बाद ये सुझाव 5 लाख रुपये (भौतिक प्रतिभूतियां), 15 लाख रुपये (डीमैट प्रतिभूतियां) तथा 10,000 रुपये तक के लाभांश मूल्य के दावों पर लागू होंगे।

**आईईपीएफए के बारे में**

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) की स्थापना 7 सितंबर, 2016 को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन की गई थी। आईईपीएफए निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि के प्रबंधन के लिए ज़िम्मेदार है, जिसका उद्देश्य शेयरों, दावा न किए गए लाभांशों और परिपक्व जमा/ऋणपत्रों की वापसी की सुविधा प्रदान कर निवेशकों के हितों की रक्षा करना है। अपनी पहलों के माध्यम से, आईईपीएफए का उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना, निवेशकों के अधिकारों की रक्षा करना और देश भर में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना है।

# गैराज संचालक के साथ साइबर ठगी जांच शुरू

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र में एक गैराज संचालक के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। वाराणसी-भदोही रोड स्थित जलालपुर गांव के गैराज संचालक रंजीत कुमार पटेल के बैंक खाते से चार अलग-अलग ट्रांजैक्शन में 75,880 रुपए निकाल लिए गए।

पीड़ित रंजीत कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने किसी को भी अपना पासवर्ड या ओटीपी नहीं दिया। उन्हें रकम निकलने की जानकारी मोबाइल पर मैसेज आने से हुई। इसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

जंसा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की तकनीकी जांच की जा रही है। बैंक से ट्रांजैक्शन की पूरी जानकारी मांगी गई है। साइबर सेल की टीम भी जांच में जुट गई है। पुलिस ट्रांसफर की गई रकम की पड़ताल कर रही है।

# आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर में सर्वपल्ली डा0राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मना

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर में सर्वपल्ली डा0राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर धुमधाम से मनाया गया।सर्व प्रथम नर्सरी से 12वीं तक के सभी कक्षाओं में क्लाश टीचरों द्वारा अपनी अपनी कक्षाओं में बच्चों के बीच में पहुंचकर केक काटकर बच्चों को खिलाकर धुमधाम से मनाया।तथा



सभी बच्चों द्वारा अपने अपने क्लाश टीचर को गिफ्ट दिया गया। स्कूल के प्रबंधक यशवन्त सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज के लिए दर्पण होता है।समाज के हर तबके की निगाह शिक्षकों के ऊपर होती है।शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देते हैं बल्कि संस्कार अनुशासन और आत्मविश्वास के ज्ञान से बच्चों को संवारते हैं।एक अच्छा शिक्षक बच्चों में कल्पनाशक्ति को प्रज्वलित कर सकता है।और जीवन भर सीखने की प्रेरणा दे सकता है। शिक्षकों का अहम योगदान राष्ट्र निर्माण में होता है।उन्होंने आगे कहा कि माता पिता के बाद बच्चों के जीवन में शिक्षकों की भूमिका मार्गदर्शक के रूप में जानी पहचानी जाती है।एक शिक्षक सिर्फ किताबी ज्ञान ही बच्चों को नहीं देता है।बल्कि एक सम्पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण बच्चों में करता है।इसी लिए शिक्षक समाज में दर्पण का कार्य करता है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव, कोआर्डिनेटर आनन्द तिवारी,गौतम प्रजापति, अवनीश राय,विश्वजीत सिंह,हृदय नारायण,सद्दाम,पीयूष कुमार,सुमन सिंह कुशवाहा, अंजलि जायसवाल,श्वेता ठाकुर,अनामिका सिंह,सिम्पल राय,लक्ष्मी सिंह,कहकशां सहित सभी कर्मचारी स्टाफ उपस्थित रहा।

# बालश्रम करना व करवाना कानूनन अपराध है

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) ए0एच0टी0 व थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव थाना एएचटी बलरामपुर के निर्देशन में बाल तस्करी से आजादी 3.0, अभियान



व मानव तस्करी, बालश्रम/भिक्षावृत्ति अभियान व बचपन बचाओ आन्दोलन के अंतर्गत 1-उप नि0 शनि कुमार निषाद,2- म. उ.नि. नीलोफर बानो,3- कांस्टेबल असलम सिद्दीकी,4- महिला कांस्टेबल पूजा देवी, मय टीम ए0एच0टी0 द्वारा थाना श्रीदतगंज अन्तर्गत दुकान, जलपान गृह /होटल, ढाबा ,चेक किया गया तथा अभियान के दौरान मौके पर मौजूद जनता को जागरूक किया गया होटल ढाबा वर्कशॉप मालिकों को हिदायत दी गई कि बाल श्रम करना दंडनीय अपराध है।

# ग्राम सभा की जमीन को कराया गया कब्जा मुक्त

**समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भवानीपुर में रविवार 7 सितंबर को राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सिंधोरा-धरसौना मार्ग स्थित ग्राम सभा की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया।



गौरतलब है कि ग्राम सभा भवानीपुर (कटेहर) में सड़क किनारे स्थित आराजी संख्या 44 पर ग्राम सभा की जमीन है, जिस पर बारातघर निर्मित है। इसी परिसर में स्थानीय निवासी जहेंद्र यादव (पुत्र स्व. बच्चा राम यादव) द्वारा चाय-पान की गुमटी लगाकर व्यवसाय किया जा रहा था।

मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर स्थानीय निवासी हुबलाल कन्नौजिया (पुत्र स्व. मन्नू कन्नौजिया) द्वारा अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद रविवार सुबह राजस्व विभाग की टीम, जिसमें कानूनगो रामरेखा सिंह और क्षेत्रीय लेखपाल सतीश चंद ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया और ग्राम सभा की जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष देखा गया और उन्होंने इसे सराहनीय पहल बताया।

# महापौर ने रामनगर रामलीला स्थलों का किया निरीक्षण, सफाई का निर्देश

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। रामनगर की विश्व प्रसिद्ध रामलीला को देखते हुए महापौर अशोक कुमार तिवारी ने रामलीला मैदान, पंचवटी मैदान और निषादराज मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मेयर ने पंचवटी मैदान में जलभराव की समस्या पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वहां पहले से लगे एक पंप के अलावा दो और पंप लगाए जाएं, ताकि जल्द से जल्द पानी निकाला जा सके। साथ ही मैदान की सफाई और छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निषादराज




मैदान में भी तत्काल दो पंप लगाकर पानी निकालने और समुचित सफाई करने को कहा गया।

रामलीला मैदान के निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को मैदान की सफाई और समतलीकरण का कार्य तुरंत पूरा करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिले। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, प्रशांत सिंह (पूर्व उपाध्यक्ष), नंदलाल चौहान, मंजू देवी, अजय सिंह, संतोष द्विवेदी, अनिरुद्ध कन्नौजिया, राघवेंद्र मिश्रा और गौरव गुप्ता के साथ भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गाजीपुर के प्रथम गुरुकुल वेद विद्यालय का डॉ. सानंद सिंह व डॉ. प्रीति सिंह ने विधि-विधान से किया शुभारंभ

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर सत्यदेव कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक डॉक्टर सानंद सिंह और डॉक्टर प्रीति सिंह ने स्वामी योगी आनंद जी और देव पूजन से किया शुभारंभ।इस अवसर पर डॉक्टर सानंद सिंह ने अपनी बात रखी और कहा कि गाजीपुर की महान धरती जो सदैव से ही ऋषियों मुनियों को आकर्षित करती रही है ,जहां की पुण्य भूमि पर मां गंगा सभी को सर्वशुलभ उत्तम स्वास्थ्य दर्शन देती हैं ।ऐसी ही माटी पर गीता गुरुकुल मिशन मिशिगन अमेरिका के संस्थापक, पूज्य गुरुदेव स्वामी योगी आनंद जी का संकल्प ज्योति प्रकाश में बदल रहा है। उनकी वर्षों की तपस्या ने आज मूर्त रूप लिया है । अपने गांव की माटी पर ब्राह्मण स-कुमार बटुक को ज्ञानवान ब्राह्मण बनाने का उन्होंने मार्ग दिया है । स्वामी जी लगातार बचपन से ही पावन ग्रंथ गीता को लेकर के समाज में अनेक कक्षाएं भी लेते रहे हैं ।



अनेकों सोशल मीडिया और यूट्यूब पर उनकी बोली हुई वाणी है। अपने प्रभाव से हजारों शिष्यों को देश और दुनिया में पावन गीता से सुपरिचित करने का नाम है योगी आनंद जी। सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के वह पैटर्न सुप्रीमो है और हम सभी के पारिवारिक आचार्य भी हैं । अत्यंत आदरणीय हैं। आज उनके आमंत्रण पर उसे वेद विद्यालय गुरुकुल के प्रथम कक्षा के शुभारंभ पर सपत्नीक पहुंचने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। हम लोगों ने पूजन किया और सभी का अभिनंदन किया आज से वेद विद्यालय गुरुकुल का शुभारंभ हुआ। पूजन अर्चन और वह ज्ञान की है परंपरा हम सब का मार्ग पावन करें ऐसी ही प्रार्थना हम करते हैं। ब्राह्मण का होना, संस्कारों का होना है। ब्राह्मण का होना, विद्या का होना है। ब्राह्मण का होना जीवन में आदर्श का होना है।।

इसलिए इस संतुलन को आज स्वामी योगी आनंद जी ने अपने कर्म से ज्योति का पथ दिया है। गाजीपुर जनपद हम सभी सत्यदेव परिवार आपके प्रति कृतज्ञता पूर्वक आभार व्यक्त करता है।

# मादक पदार्थो का सेवन कर व बिना बीमा के वाहन न चलायें

**समाज जागरण
ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार दिनांक 01.09.2025 से 30.09.2025 तक चलाए जाने वाले नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07.09.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती, श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भरत पास्वान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा गिलौला व थाना इकौना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले विभिन्न पेट्रोल पम्प संचालकों से वार्ता कर शासन द्वारा चलाए जा रहे No Helmet No fuel अभियान के बारे मे अवगत कराया गया तथा बिना हेलमेट के फ्यूल न देने के बारे मे बताया गया इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा थाना क्षेत्र को0 भिनगा व थाना सिरसिया क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों/स्थानीय बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर अधिक से



अधिक शमन शुल्क अधिरोपित किया गया तथा लाउड हेलर के माध्यम से दिनाँक 13/09/2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे मे अवगत कराया गया तथा समस्त को यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाली जान-माल की हानि के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया गया, तथा प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानीय बाजारों/भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर आम जनमानस को एकत्र कर उन्हें दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने,व मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की हिदायत दी गई तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने,बिना बीमा वाहन न चलाने, व बिना नम्बर प्लेट वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए उन्हे यातायात नियमों सम्बन्धित पम्पलेट्स का वितरण कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई

# पिछली सरकारों में इतना पैसा लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख नहीं मिला पाते थे: सीएम

लखनऊ, 7 सितंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि 8 वर्ष पहले वे नियुक्ति पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं कर पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। क्योंकि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है। 2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही, लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है।

# मृतक के पत्नी की तहरीर पर चार सूदखोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी। बाबतपुर एयरपोर्ट पर तैनात चतुर्थ श्रेणी के कमचार्री मनोज कुमार द्वारा सूदखोरों से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर फूलपुर पुलिस ने चार सूदखोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस को दिए तहरीर में मृतक की पत्नी किरण ने आरोप लगाया कि पति ने कुछ रुपये सूदखोरों से लिए थे। जिसके बदले में कई गुना ज्यादा रुपये दे चुके थे लेकिन उसके बाद भी रुपते मांग रहे थे। जिससे तंग आकर 2 सितम्बर को जहर खा ली और 2 दिन बाद अस्पताल में मौत हो गई। लेकिन सूदखोर उसके बाद भी रुपये की मांग करते रहे। पुलिस तहरीर के आधार पर बाबतपुर फूलपुर निवासी सूदखोर अरविंद ओझा, सुरेंद्र मिश्रा गौतम मौर्य व ओमप्रकाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 110 के तहत मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर फूलपुर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जांचोपरांत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है।

# धोखा देकर जमीन लिखवाने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । फूलपुर पुलिस ने एसीपी के निर्देश पर ब्याज के रूप में रुपये देने के बहाने तहसील पिंडरा में जमीन की रजिस्ट्री करा लेने के आरोप के तहत युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस को दिए तहरीर में कुड़ी बड़ागाँव निवासी मोहन कुमार ने आरोप लगाया कि वह अपने बुआ के यहाँ मजदूरी पर जीवन यापन करता है। तबियत खराब होने पर हम 6 फरवरी 2025 को गांव के मुन्ना प्रजापति के यहाँ उधार लेने पहुचा तो वह एक लाख देने को तैयार हुआ। उसके बाद वह तहसील पिंडरा 7 फरवरी को लिखापढ़ी के साथ देने के लिए ले गया और हम अपनी माँ के साथ गया और वहां अजय कुमार नामक युवक उनके साथ मिला और कागजात पर लिखापढ़ी कराई। जब घर पहुचा तो मेरा भाई ने बताया कि मुन्ना प्रजापति को तुमने खालिसपुर वाली जमीन लिख दी है। उसके बाद माथा ठनका और तब वह मुन्ना के यहां पहुचा और पूछा तो बताया कि हां जमीन की रजिस्ट्री करा लिया है। तब से पुलिस के यहाँ धोखाधड़ी के तहत मुकदमा दर्ज कराने के लिए चक्कर लगा रहा हु। जिस पर एसीपी प्रतीक कुमार के निर्देश पर फूलपुर पुलिस ने कुड़ी निवासी मुन्ना प्रजापति के खिलाफ 318 (4), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# शिक्षक का जन्म साधारण होता है, परंतु उनका जीवन इतिहास बन जाता है- फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के हार्टमन इण्टर कालेज, हार्टमन पुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ईश्वर वंदना से हुई।विद्यालय के प्रशासक फादर पी विक्टर ने सर्वप्रथम डा० राधाकृष्णन एवं मदर टेरेसा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



इस पुनीत अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर गुरुजनों को आदर दिया।शिक्षकों के महत्ता को प्रकट करते हुए फादर पी विक्टर ने कहा कि एक शिक्षक कभी भी साधारण नही हो सकता। उसका जन्म तो साधारण इंसान के रूप में होता है पर ज्ञानदान जैसे महान दान से वह ईश्वर तुल्य हो जाता है।वह इतिहास रचना द्वारा ब्रह्मा के समान हो जाता है और साधारण दिखते हुए भी असाधारण इतिहास रच देता है; उनका जीवन इतिहास बन जाता है।चाणक्य,डॉक्टर राधा कृष्णन आदि शिक्षक इसके उदाहरण हैं। शिक्षक चाणक्य ने आततायी शासक घनानन्द के अत्याचार को समाप्त करने के लिए अपने विद्यार्थियों की सेना तैयार की और अत्याचारी शासक का अंत कर इतिहास रच दिया।राधाकृष्ण ने स्टालिन जैसे क्रूर तानाशाह को भी अपनी मानवीय संवेदना की शिक्षा देकर मानवीय संवेदनाओं को जगा कर इतिहास रच दिया।राधाकृष्ण ने कहा था कि यदि शिक्षा सही प्रकार से दी जाए तो समाज से बुराइयाँ मिट जाएँगी। फादर ने आगे कहा कि शिक्षक का जीवन बच्चों के साथ कैसे व्यतीत होता है वह कभी बच्चा बनकर उन्हें समझाने की कोशिश करता है तो कभी दार्शनिक की तरह उनके प्रश्नों का उत्तर उनके स्तर पर दे रहा होता है।

इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर नर्वदेश्वर राय ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर राधाकृष्णन को महान शिक्षक बताया। अवकाश प्राप्त शिक्षक सी डी जान,शिक्षक श्रीराम ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर फादर पी विक्टर ने द्वारा सभी आगंतुक शिक्षकों एवं अतिथियों को माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया।मंच पर छोटे बच्चों के द्वारा केक काट कर राधाकृष्णन का जन्मोत्सव मनाया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य उदय कुमार,पूर्व शिक्षक लक्ष्मण राय, स्वर्ण लता,राजेश कुशवाहा,शुभ नरायण यादव,सिस्टर हेलेन, अरविन्द भारती, सत्येन्द्र पाण्डेय,राजकुमार,पूनम,गुड्डन चौबे,वीरेंद्र यादव,अरविंद राय समेत छात्र छात्राएँ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो कारों के टक्कर में आठ घायल, वाहन पुलिस कब्जे में

## मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी बड़ागांव थाना क्षेत्र का हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत वाजिदपुर स्थित रिंग रोड चौराहे पर बीती रात दो वाहनों दो वाहनों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई दोनों वाहनों में सवार आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए सभी घायलों को पुलिस द्वारा हॉस्पिटल मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां तीन लोगों को गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया अन्य सभी घायलों को उपचार के बाद छोड़ दिया गया। UP619199 सफारी कार सवार हिमांशु सिंह 30वर्ष पुत्र चंद्रशेखर सिंह सुधांशु सिंह 33वर्ष पुत्र चंद्रशेखर सिंह दोनो पिता चंद्रशेखर सिंह 58 वर्ष निवासी ग्राम आरंगी थाना कनदवा जिला चंदौली यह सभी लोग अयोध्या से वापस अपने घर चंदौली गुगल मैप के सहारे लौट रहे थे। मैप में चौराहा तो दिखा लेकिन उनको या नहीं मालूम था कि चौराहे पर इतनी तेज विपरीत दिशा




से गाड़ी आ रही होगी जैसे ही वाजिदपुर रिंग रोड चौराहे पर पहुंचे तभी राजातालाब से संदहा की तरफ जा रही कार में जोरदार टक्कर हो गई।

वाहन संख्या UP 66AH7697 रेनॉल्ट ट्राइबर जिसमें 6 व्यक्ति सवार थे जो UPPET की परीक्षा देने अपने घर गोपीगंज से मऊ के लिए जा रहे थे प्रशांत कुमार पुत्र बंशीलाल उम्र 26 वर्ष निवासी जंगीपुर थाना गोपीगंज मोनू पुत्र सतीश कुमार उम्र 26 वर्ष पता उपरोक्त सत्य प्रकाश कुमार पुत्र भोलानाथ उम्र 25 वर्ष ज्ञानपुर भदोही, गोविंद पुत्र सिकंदर बिंद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सराय राजपूतानी थाना ज्ञानपुर भदोही, संदीप पुत्र रमाशंकर उम्र 25 वर्ष निवासी जीयनपुर थाना सुरियावा जो तीन व्यक्ति चोटिल है इनको ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जहां सभी लोगों का इलाज चल रहा है बड़गांव पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# 2047 तक 15-20 'डेकाकॉर्न' वाला प्रदेश बनेगा यूपी, 4 करोड़ ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स होंगे तैयार

**- आईटी और एआई सेक्टर में यूपी को ग्लोबल हब बनाने की तैयारी में जुटी योगी सरकार**

**- 2030 तक लखनऊ और कानपुर में बनेगी एआई सिटी, 20 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भी होंगे तैयार**

**- सीएम योगी का संकल्प, 2047 तक यूपी को एआई और ब्लॉकचेन में बनाया जाएगा वैश्विक लीडर**

**- 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार होगी चार करोड़ युवाओं की ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स**

**- हर मंडल में इनक्यूबेटर, टियर 2 और 3 शहरों में सुदृढ़ होगा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर**

**- योगी सरकार का संकल्प, यूपी बनेगा भारत का स्किल कैपिटल**

लखनऊ, 07 सितंबर। उत्तर प्रदेश बीते साढ़े आठ वर्षों में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नए क्षेत्रों में लगातार प्रगति दर्ज कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने 2017 से पहले की चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए एक नया टेक्नोलॉजी हब बनने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। सीएम योगी का विजन है कि 2047 तक यूपी में 10 अरब यूएस डॉलर मूल्यांकन वाली 15-20 'डेकार्कॉर्न' कंपनियां स्थापित हो सकें। इसके लिए एक तरफ आईटी, एआई, डीपटेक जैसे भविष्योन्मुखी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही 4 करोड़ से अधिक युवाओं को ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स के रूप में तैयार किया जाएगा।

**बीते साढ़े आठ साल में हुए अहम बदलाव**

2017 से पहले प्रदेश में आईटी और डिजिटल क्षेत्र को लेकर न तो कोई ठोस नीतिगत प्रयास हुए थे और न ही कोई बड़ा विजन था। सॉफ्टवेयर निर्यात और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहद सीमित थे। डाटा सेंटर जैसी अवधारणाएं केवल कागजों में थीं और प्रदेश तकनीकी दौड़ में पीछे छूट रहा था। वहीं 2017 के बाद योगी सरकार के प्रयासों से आज उत्तर भारत का पहला डाटा सेंटर गौतमबुद्ध नगर में स्थापित हो चुका है। कई और डाटा सेंटरों की स्थापना पर काम चल रहा है। सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट में भी प्रदेश ने रिकॉर्ड कायम किए हैं। इससे यूपी तेजी से राष्ट्रीय और वैश्विक आईटी मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है।

**2030 तक का रोडमैप**

लघु अवधि के लक्ष्यों के तहत 2030 तक लखनऊ और कानपुर में एआई सिटी विकसित होगी। एनसीआर, लखनऊ और नोएडा को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर हब बनाया जाएगा। हर मंडल में इनक्यूबेटर स्थापित होंगे और नए यूनिकॉर्न स्टार्टअप (1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य) को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2030 तक कम से कम 20 यूनिकॉर्न स्टार्टअप तैयार करने पर है। इसके साथ ही इसरो के सहयोग से सैटेलाइट लॉन्चिंग कर आपदा प्रबंधन और मौसम पूर्वानुमान में क्रांति लाने का प्रयास होगा। वहीं सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट को भी 5 गुना बढ़ाया जाएगा।

**2047 तक का दीर्घकालिक विजन**

मध्य और दीर्घ अवधि में 2047 तक उत्तर प्रदेश को एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन का वैश्विक लीडर बनाने का लक्ष्य है। राज्य को एक विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी कॉरिडोर के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस दौरान 15 से 20 डेकाकॉर्न (10 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य) स्टार्टअप तैयार होंगे और यूपी भारत के आईटी निर्यात में सबसे बड़ा योगदान देने वाला राज्य बनेगा।

**चार स्ट्रैटेजिक स्तंभ और फोकस एरिया**

सरकार की रणनीति चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है, इसमें एआई सिटी, ग्रीन आईटी व सस्टेनेबल टेक, जीसीसी और स्पेस टेक्नोलॉजी शामिल है। इन मुख्य फोकस क्षेत्रों में एआई और डीप-टेक इनोवेशन, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार टियर- 2 और 3 शहरों तक, सैटेलाइट इकोसिस्टम, ग्लोबल स्टार्टअप कनेक्ट, साइबर सिक्योरिटी और डाटा प्रोटेक्शन, यूनिवर्सिटी स्टार्टअप इनोवेशन फंड और रिसर्च हब शामिल हैं।

**यूपी बनेगा स्किल कैपिटल**

आईटी विजन को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्किल डेवलपमेंट को केंद्र में रखा है। लक्ष्य है कि प्रदेश के शत प्रतिशत युवाओं को इंडस्ट्री-बेस्ड स्किल्स में प्रशिक्षित किया जाए और चार करोड़ से अधिक ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार की जाए। प्रदेश के पांच शैक्षणिक संस्थानों को दुनिया के 200 सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में शामिल करने की भी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इंडस्ट्री 4.0 के अनुरूप युवाओं को तैयार किया जाएगा और विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटीज एवं आरएंडडी सेंटर्स की स्थापना होगी।

**6 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का है लक्ष्य**

ह्यविकसित यूपी @2047 का लक्ष्य है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचे, जो भारत की अनुमानित जीडीपी का 20% होगा।

## रेड लाइट एरिया में चोरी मामले में आरोपी को पकड़ने पहुंची पर झाड़ू-चप्पल से हमला चार पुलिसकर्मी घायल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

नगर परिषद क्षेत्र स्थित खगड़ा रेड लाइट एरिया में चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर उग्र ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। फिलहाल पुलिस पर हमला मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। रविवार को पुलिस टीम 15 लाख रुपए की चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ने के लिए खगड़ा रेड लाइट एरिया पहुंची



थी। जहां पुलिस ने कादिर को गिरफ्तार भी कर लिया और अपने साथ थाने ले जा रही थी। इसी दौरान आरोपी के परिजन और ग्रामीणों ने आरोपी को छुड़ाने के लिए पुलिस से भिड़ गए और कादिर को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा लिया। इसी दौरान महिलाओं की भीड़ ने एएसआई पुष्पांजलि भारती को घेर लिया। उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। साथ ही महिलाओं ने झाड़ू और डंडे से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में पुष्पांजलि भारती समेत तीन प्रशिक्षु एएसआई सुधीर कुमार, प्रदीप कुमार और नीतीश कुमार घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ गौतम कुमार, सदर थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन समेत बड़ी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। एसडीपीओ गौतम कुमार ने बताया कि 'घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 26 अगस्त को शहर के विकास गुप्ता के घर से 15 लाख रुपए के जेवरात और कैश की चोरी हुई थी। मामले में सदर थाने में कांड संख्या 485/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज गई थी। इसी मामले को लेकर आरोपी को पकड़ने पुलिस पहुंची थी। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। इसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने एक आरोपी महिला शहनाज बेगम को हिरासत में लिया है। पूछताछ कर रही है।

## अवैध रूप से चल रहे गॉड ब्लेस नर्सिंग होम में गलत ग्रुप के ब्लड और गलत इंजेक्शन देने के कारण प्रसूता की हुई मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**वीरेंद्र चौहान ,समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

शहर के मारवाड़ी कॉलेज रोड इमाम नगर स्थित अवैध रूप से चल रहे गॉड ब्लेस नर्सिंग होम में गलत ग्रुप के ब्लड और गलत इंजेक्शन देने के कारण बीती रात मेरुना बेगम पति नूर आलम शाहपुर ग्वालपोखर निवासी प्रसूता की मौत हो गई, जिसके बाद गॉड ब्लेस नर्सिंग होम के डॉक्टर और कर्मी बीती रात नर्सिंग होम में ताला लगा कर फरार हो गए। जिसके बाद परिजनों ने हो हंगामा व रोने विलखने लगे। अवैध रूप से चल रहे गॉड ब्लेस नर्सिंग होम का एक छोटा बैनर मिला जिसमें डॉ महेश कुमार, डॉ गौरी रानी, डॉ गौहर ताज बेगम, डॉ राजीव कुमार रतन का नाम अंकित है। मृतक प्रसूता मैरिज के परिजनों ने बताया कि 2 दिन पहले गॉड ब्लेस नर्सिंग होम में प्रसूता मरीज



को भर्ती करवाए थे भर्ती करने के बाद सीजर कर बच्चे का डिलीवरी हुआ। उसके बाद गॉड ब्लेस नर्सिंग होम के डॉक्टर ने कहा कि ब्लड की कमी है तो डॉक्टर के कर्मचारियों ने गलत ग्रुप के ब्लड चढ़ते हुए और गलत इंजेक्शन प्रसूता को लगा दिया जिसके तुरंत बाद ही शनिवार की शाम को प्रसूता मरीज की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। तबीयत बिगड़ता देख नर्सिंग होम के कर्मचारी के द्वारा इलाज के लिए पूर्णिया लेकर जा रहा था इसी दौरान बीती रात प्रस्तुत मरीज की मौत हो गई। बड़ा सवाल जिले में सैकड़ों अवैध नर्सिंग होम व पैथोलॉजी संचालित है। आए दिन मरीजों मौत थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## अनुग्रह नारायण स्टेडियम नबीनगर में एनडीए ने आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मेलन

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) रविवार को अनुग्रह नारायण स्टेडियम नबीनगर में एनडीए गठबंधन का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी तथा संचालन जदयू विधानसभा प्रभारी प्रोफेसर अरुण शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप मे नबीनगर के पूर्व विधायक रहे वर्तमान में शिवहर के सांसद लवली आनंद,वाल्मिकीनगर के सांसद और औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह सम्मेलन में मौजूद थे।सामूहिक रूप से कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।वही आगत अतिथियों का



फूल माला अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिवहर सांसद लवली आनंद ने कहीं कि नवीनगर से हमारा पुराना रिश्ता रहा है ।बिहार में जब जंगल रहा था तब कुछ समय के लिए नवीनगर से मैं भी विधायक रही थी और क्षेत्र में हर संभव विकास कार्य करने का प्रयास किया उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते नबीनगर को अनुमंडल बनाए जाने की बात कही लोगों को आश्वस्त करते हुए कहीं की यदि इस बार एनडीए की सरकार बनती है तो नबीनगर को अनुमंडल बनना तय है। वही औरंगाबाद के पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मिथिला की पावन धरती माता सीता की भूमि से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता को गाली दिया गया उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि बिहार की पहचान अक्खड़ संस्कृति की रही है ना की गाली की । उन्होंने एस आई आर का चर्चा करते कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी का विरोध था ।बिहारी को गाली देने वाले को बिहार में सम्मानित किया जाता है ' उन्होंने देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा की और कहा की नबीनगर देशभर में ऊर्जा का हब बना हुआ है। अभी हाल ही में बिक्रमगंज की सभा से प्रधानमंत्री मोदी ने नबीनगर थर्मल पावर परियोजना में ८०० मेगावाट की तीन और इकाई की शिलान्यास किया है।सम्मेलन को भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, हम पार्टी के रणधीर सिंह, वाल्मीकि नगर सांसद, जदयू के पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह, भाजपा के संजय गुप्ता, नबीनगर प्रमुख लव कुमार सिंह सहीत कई अन्य लोगों ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। और एनडीए उम्मीदवार को जीत दिलाने पर बल दिया।वक्ताओं ने कहा कि नबीनगर से प्रत्याशी किस दल का और कौन होंगे ये एनडीए तय करेगी और जो भी प्रत्याशी होंगे उन्हें इसी एकजुटता के साथ जीत दिलाना है।मौके पर राम लखन सिंह ,सूर्यवंश सिंह ,उदय प्रताप सिंह, सोनू कुमार सोनी, राजीव रंजन उर्फ राजा बाबू, सुधा सिंह, कुमार अवधेश सिंह ,मालती देवी सहित हजारों की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में आपस मे भिड़े दो भावी प्रत्याशी

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर के अनुग्रह नारायण स्टेडियम में रविवार को आयोजित एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में जदयू के दो दिग्गज आमने-सामने भीड़ गए।एक ओर पूर्व सांसद एवं नवीनगर से तीन बार विधायक रहे वीरेंद्र कुमार सिंह तो दूसरी ओर जदयू के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार सिंह आपस में भिड़ते हुए देखे गए।हुआ यू की दोनों नेताओं के समर्थक अपने-अपने समर्थन के पक्ष में नारे लगाते दिखाई दिए। एक तरफ वीरेंद्र कुमार सिंह जिंदाबाद तो दूसरी तरफ से संजीव कुमार सिंह जिंदाबाद के नारे लग रहे थे।वही सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कई दिनों से तैयारी चल रही थी।एक प्रकार से दोनों जदयू के भावी प्रत्याशी के रूप में अपना अपना शक्ति प्रदर्शन करते दिखाई दिए। बताते चले कि नबीनगर विधान सभा सीट पर जदयू की प्रबल दावेदारी है और जदयू के बिरेंद्र





कुमार सिंह नबीनगर से तीन बार विधायक रह चुके है जदयू के दोनों नेता नबीनगर से टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।जैसे ही सम्मेलन में जदयू नेता संजीव कुमार सिंह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ आए और संजीव कुमार सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए जाने लगे । संजीव कुमार सिंह का सम्मेलन मंच पर बैठने के कुछ ही क्षण बाद पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह एवं संजीव कुमार सिंह में तीखी नोक झोक शुरू हो गई। जिसको बीच बचाव कर अन्य उपस्थित नेताओं ने मामले को शांत कराया।वही कुछ देर के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन में अफरा तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## पटना में तालाब में डूबने से महिला की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के सोना गोपालपुर में रविवार की सुबह टहलने के दौरान एक महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार सुबह के समय महिला तालाब किनारे टहल रही थी। इसी दौरान पैर फिसल जाने से वह अचानक तालाब में गिर गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में तालाब से निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर गोपालपुर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। मृतका की पहचान स्वर्गीय गोपीचंद मोची की पत्नी गिरनिया देवी के रूप में की गई है। थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि डेड बॉडी को पोस्टमार्टम में भेज कर आगे की प्रक्रिया की जा रही है।

## मारपीट व छेड़छाड़ करने मामले तीन पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण संवाददाता पृथ्वीराज सरकार**

राधानगर पुलिस ने एक विवाहिता महिला के साथ मारपीट तथा छेड़खानी करने मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के दक्षिण पियारपुर निवासी विवाहित महिला नजीमा बीबी राधा नगर थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। जिसमें उन्होंने गांव के ही नबी हुसैन, साइम शेख तथा सेलिना बेबी ने उनके साथ मारपीट कर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। इधर राधा नगर पुलिस में पीड़िता महिला के बयान पर थाना कांड संख्या 374/25 भादवि की धारा 126(2)/115(2)/ 117(2)/109 (1)/74/352/ 329(3) /302(3)/ 3(5) बीएनएस के साथ तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## पूर्वी उधवा पंचायत में हुई विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता पृथ्वीराज सरकार**

प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत सचिवालय में रविवार को एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के प्रभारी मुखिया दीपा देवी ने की। ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत के लोगों को केंद्र सरकार द्वारा जारी पीएआई पोटल लॉन्च के बारे में बताया गया। साथ ही पंचायत में चल रहे 14 विभागों के कार्यों से संबंधित चर्चा की गई। बताया कि 14 विभागों के द्वारा पंचायत क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। वही बताया कि ग्राम



पंचायत के लोगों को सही रूप से मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर केंद्र सरकार को दिया जाना है।जिसमें स्वास्थ्य विभाग,पुलिस विभाग, पीएचडी विभाग सहित 14 विभाग शामिल है। मौके पर पंचायत सचिव मोनिका मुर्मू, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक हारून रशीद,पूर्व प्रभारी मुखिया मनोहर मंडल, किशोर कुमार, लालु साहा, उदय मंडल, सरजीत मंडल, नयन सरकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पटना पुलिस ने किया शैलेंद्र यादव उर्फ कारू को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना पुलिस ने जिले के टॉप-10 कुख्यात अपराधियों की सूची में शामिल शैलेंद्र यादव उर्फ कारू यादव को गांधी मैदान थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। अपराध की दुनिया में कारू यादव लंबे समय से सक्रिय था और गौरीचक थाना क्षेत्र सहित कई थानों में उस पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस सूत्रों ने बताया कि कारू यादव पर हत्या, लूट, फिरौती वसूली और आर्म्स एक्ट सहित कई संगीन मामले दर्ज हैं। इस साल 2025 में ही वह तीन अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस की निगाह लंबे समय से इस पर थी। आखिरकार विशेष टीम ने शनिवार को गांधी



मैदान इलाके में छापेमारी कर उसे दबोच लिया।गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में गांधी मैदान थाना पुलिस और गौरीचक थाना की टीम शामिल रही। टीम का नेतृत्व कर रहे कमिश्नरेट के एसआई नीरज कुमार ने बताया कि अपराधी की निशानदेही पर पुलिस ने एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पटना पुलिस ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार दिया है। कारू यादव की गिरफ्तारी से इलाके के लोगों में राहत की भावना है। वहीं, पुलिस को उम्मीद है कि इस अपराधी के नेटवर्क के कई राज अब खुल सकते हैं।

## अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाईः 132 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**

नवीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण, भंडारण, सेवन और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए एक बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर नरारीकला खुर्द थानांतर्गत ग्राम-कंचनपुर टोला गजाधर बीघा में छापेमारी कर पुलिस ने कुल 132 लीटर देशी टनाका शराब के साथ एक तस्कर शंकर यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः



अंकुश लगाने के लिए पुलिस निरंतर प्रयासरत है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

## प्रेरक और समन्वयक के समायोजन को लेकर सांसद लवली आनंद को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर के अनुग्रह नारायण स्टेडियम में रविवार को हो रहे एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में लवली आनंद, जो शिवहर से सांसद हैं, के समक्ष प्रेरक और समन्वयक के समायोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया है और समायोजन संबंधी एक ज्ञापन सौंपा गया है।प्रेरकों का कहना है कि बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने 2011 में साक्षर भारत मिशन के तहत प्रेरक और समन्वयक के पद पर बहाली की थी, लेकिन 31 मार्च 2018 के बाद से ये लोग कार्य से वंचित हो गए हैं। इस बहाली में आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया था और एक पुरुष एवं एक महिला का चयन किया गया था। 31 मार्च 2018 के बाद से प्रेरक और समन्वयक कार्य से वंचित हो गए हैं। इससे उनकी आजीविका पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि प्रेरक और



समन्वयक ने बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान, मानव श्रृंखला, और जनधन खाता जैसी योजनाओं सहित सरकार द्वारा चलाए जा रहे अन्य कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है।ज्ञापन के माध्यम से सांसद लवली आनंद से अनुरोध किया गया है कि वे प्रेरक और समन्वयक के समायोजन के लिए मुख्यमंत्री से बातचीत कर समस्याओं के निराकरण में अपनी भूमिका निभाए। ज्ञापन में यह भी दशार्या गया है कि अभी हाल ही में मुख्यमंत्री सचिवालय से प्रेरक समन्वयक समायोजन संबंधी शिक्षा विभाग के आला अधिकारी को पत्र निर्गत किया गया है जिसमें प्रेरक समन्वयक के संबंध मे की गई कारवाई को मुख्यमंत्री सचिवालय के पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही गई है। ज्ञापन सौंपते प्रेरकों ने बताया कि सांसद महोदया से मांग की गई है कि शिक्षा विभाग के एसीएस के माध्यम से मुख्यमंत्री सचिवालय के पोर्टल पर समायोजन हेतु वेब पोर्टल पर अपलोड कराया जाय।ताकि प्रेरक और समन्वयक के समायोजन से उनकी आजीविका सुरक्षित हो सकेगी और वे अपने कार्यों को और भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे।

## पटना पुलिस ने किया भश्री मात्रा में शराब बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पुलिस ने राजधानी पटना के कुम्हरार इलाके में छापेमारी कर सेब की पेटी से विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद किया गया है। सेब की पेटी में शराब की पैंकिंग की जा रही थी, तभी इस बात की गुप्त सूचना किसी ने पुलिस को दे दी थी। मद्य निषेध विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और 4 तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया। वही अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप को बरामद किया। अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार स्थित एक मकान में सेब की पेटी में छिपाकर अंग्रेजी शराब को मालवाहक टेम्पू में लोड किया जा रहा था। मद्य निषेध टीम ने जब छापेमारी की तब मकान और गौशाला से भी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। शराब के साथ टेम्पू को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार शराब तस्करों की पहचान (1). टुनटुन कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता- दिलीन्द्र पासवान, साकिन करमलीचक, थाना बाईपास, जिला पटना (2). छोटु कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता- स्व. कृष्णा प्रसाद, साकिन मुसल्लहपुर हाट, थाना कदमकुआं, जिला पटना (3) पथलु सहनी, उम्र 40 वर्ष, पिता- कुलदीप



सहनी, साकिन रसुलपुर दाउद, थाना गोरौल, जिला वैशाली (4) उज्जवल कुमार यदुवंशी, उम्र 25 वर्ष, पिता- स्व. प्रमोद कुमार यदुवंशी, साकिन कुम्हरार, थाना अगमकुआं, जिला पटना के रूप में हुई है। इन लोगों का मालिक कोई और है जो इन्हें शराब उपलब्ध कराता था। सिर्फ इन्हें अलग-अलग इलाकों में शराब डिस्ट्रीब्यूट करने का जिम्मा सौंपे थे। ये लोग शराब की डिलिवरी का काम करते थे। इन चारों की गिरफ्तारी के बाद इनकी निशानदेही पर अब उनके आंका की पहचान की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही शराब का मेन सप्लायर सलाखों के पीछे होगा। जब्त टेम्पू किसके नाम से है उसका भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने मौके से मैकडॉवेल कंपनी की विदेशी शराब की 57 कार्टून (499.68 लीटर), हैवर्ड्स बीयर - 01 कार्टून (12 लीटर), माल वाहक टेम्पू (रजि. नं. BR01GJ-6268), 04 मोबाइल फोन (आईफोन-01, की-पैड फोन-03) बरामद किया है। इस मामले में अगमकुआं थाना कांड संख्या-662/25, दिनांक 06.09. 2025, धारा-30(ए)/32, बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच परि.पु.अ.नि. रौशन कुमार को सौंपी गई है। जांच अधिकारी मालवाहक टेम्पू और गौशाला मालिक के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

## नाला निर्माण कार्य में घटिया सामग्री कर का उपयोग खुले आम कर रहे हैं

**समाज जागरण**

साहिबगंज जिले के राजमहल प्रखंड के मंगलहाट में एनएच-80 के किनारे नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि मंगलहाट से मलाहीटोला इलाके में पिछले कई वर्षों से सड़क ऊंची होने के कारण लगातार जलजमाव की समस्या बनी रहती थी। इसी समस्या से निजात दिलाने के लिए नाला



निर्माण का टेंडर पास किया गया था, ताकि स्थानीय ग्रामीणों को राहत मिल सके ।लेकिन बेहद अफसोस की बात यह है कि जिस संवेदका के द्वारा यह काम कराया जा रहा है, उसने न तो कार्य स्थल पर किसी प्रकार का बोर्ड लगाया है और न ही मानक गुणवत्ता का पालन किया जा रहा है। नाला निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग खुलेआम किया जा रहा है, गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं करने से मात्र छः महीने में डाहा जाता है, टिकाऊ साबित नहीं होता है और जल्द ही टूट-फूट की संभावना बनी रहती है।इस पूरे मामले में विभाग की घोर लापरवाही और संवेदक की मनमानी साफ झलक रही है। वहीं मैंने स्वयं जनाकरी लेने का प्रयास किया तो काम कर रहे मजदूर एवं मिस्त्री कोई कुछ नहीं बात पाये और कुछ बोलने से बचते नजर आए और इतना ही कहा कि जो भी जानकारी चाहिए कनिय अभियंता से ले सकते हैं ।

कनिया अभियंता को काई बार फोन किया तो रिसिव तक नहीं किया। बन रहे नाला निर्माण में किसी भी प्रकार का बोर्ड नहीं लगाया गया है जो यह स्पष्ट हो सके कि कहां से कहां तक बना है और कितना राशि का है। देखने से ही प्रतीत होता है कि एक मात्र खानपुर्ती के लिए बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों को भी जानकारी ले चाहा भी तो धमकी भरे लहजे से बात करते हैं।

मैं जिला के आला अधिकारी तथा जिला उपायुक्त महोदय श्री हेमंत सती जी आग्रह करते हैं कि मंगलहाट से मलाईटोला में बने रहे नाला निर्माण कार्य को तत्काल रोक लगा कर जांच करने कि कृपा करें और दोषी संवेदक पर करवाई करने कि कृपा करें।

# सरैया में प्रकट हुई शेषनाग स्वरूप पत्थर उमड़ रही आस्था

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा प्रखंड के सरैया पार नदी सीमाना पर स्थित रेलवे लाइन के किनारे नाग के फन जैसी आकृति वाले पत्थर इन दिनों लोगों की गहरी आस्था और जिज्ञासा का केंद्र बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ये पत्थर साधारण शिलाखंड नहीं हैं, बल्कि प्राकृतिक रूप से बने ऐसे अद्भुत स्वरूप हैं, जिनमें शेषनाग के फन जैसी आकृति दिखाई देती है। प्रतिदिन आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और उत्सुक लोग यहां पहुंचकर दर्शन करते हैं।





स्थानीय लोगों का मानना है कि इस स्थल पर धार्मिक अनुष्ठान शुरू होने से यह स्थान शीघ्र ही एक तीर्थस्थल का रूप धारण कर सकता है। वहीं कई ग्रामीण इसे चमत्कार मानते हुए यहां पूजा-अर्चना भी करने लगे हैं।इसी क्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को उक्त स्थान पर शिवचर्चा एवम भजन कीर्तन का बड़े पैमाने पर आयेजन किया।आयोजनकर्ता में मुख्य रूप से विचित्रा मेडिकल के संचालक शशिकांत सिंह ने बताया कि यह स्थान पूर्व काल से ही जागृत एवम प्राकृतिक सौंदर्य से भरा पूरा रहा है,क्षेत्र के ग्रामीणों का इस स्थान पर पूर्व से ही गहरी आस्था रहा है।रेलवे लाइन बनाने के क्रम में कुछ ऐसी रहस्यमयी घटनाएं हुई जिससे यह स्थान लोगो के लिए जिज्ञासा व उत्सुकता का केंद्र बन गया है। ग्रामीणों की माने तो कई ऐसे लोगों की इस स्थान पर आस्था के कारण ही उनकी मनौतियां भी पूर्ण हुई हैं।भजन कीर्तन के कार्यक्रम में आयजको के द्वारा भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी।इस आयोजन में क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता एवं स्थानीय मुखिया शांति देवी ,डॉ जगदीश सिंह,राजेश मेहता,प्रमोद यादव,दुर्गा प्रजापति, मिथलेश प्रजापति,नीरू राणा,अरुण केशरी के साथ भारी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोगो की उपस्थिति देखी गई।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का दारु प्रखण्ड में किया गया संगठन का पुनर्गठन ।

**मिंटू कुमार समाज जागरण ।**

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का दारु प्रखण्ड में संगठन का पुनर्गठन जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में की गई। बैठक झुमरा स्थित पूर्व मंत्री स्वर्गीय देवदयाल कुशवाहा स्मृति भवन में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से महेन्द्र राम कुशवाहा को प्रखण्ड अध्यक्ष, मुरारी प्रसाद कुशवाहा



को सचिव, मोहन प्रसाद कुशवाहा को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में संगठन के संरक्षक श्री जय प्रकाश दयाल ने अनेक सुझाव दिये। बैठक में जिले के अलग अलग प्रखण्डों से गणमान्य समाजसेवी उपस्थित थे। इस अवसर पर शहीद जगदेव प्रसाद को भावभीनी श्रधांजलि अर्पित की गई। बैठक में प्रमण्डल स्तर पर प्रतिनिधि सम्मेलन करने पर सहमति बनी। समय का निर्धारण पर्व त्योहार को मद्देनजर रखते हुए जिला कमीटी की बैठक में करने पर विचार किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला कोषाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा ने किया।

# छडवा गांव में चंगाई सभा को लेकर बवाल

### बजरंग दल और ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**अरविंद कुमार यादव सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

कटकमसांडी प्रखंड के रोमी पंचायत अंतर्गत छडवा गांव में रविवार को चंगाई सभा का आयोजन किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार, आशा देवी पति शर्मा राम के घर पर यह सभा हो रही थी, जिसमें छडवा समेत असधीर, रोमी, हेदलाग, डांड, तीलरा, कंचनपुर, हुडहुडू और मंडई गांवों से दर्जनों महिला-पुरुष शामिल हुए थे। इस दौरान शिला देवी और तुलसी रविदास सभा का नेतृत्व कर रहे थे तथा धार्मिक प्रचार-प्रसार किया जा रहा था।ग्रामीणों और बजरंग दल को जब इसकी भनक लगी तो समाजसेवियों और प्रबुद्ध लोगों की मौजूदगी में दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुँच गए। लोगों का आरोप था कि चंगाई सभा के बहाने ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विरोध बढ़ते ही मामला पुलिस तक पहुँचा। सूचना मिलते ही ओपी



पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय त्वरित कार्रवाई करते हुए दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे और सभा में शामिल लोगों को थाने ले आए।ओ पी पेलावल पुलिस की पहल पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। इस दौरान सभा आयोजकों ने लिखित बाउंड भरते हुए स्वीकार किया कि आज से वे किसी भी प्रकार का चंगाई सभा का आयोजन अपने घर में नहीं करेंगे और न ही किसी को इसके लिए प्रेरित करेंगे।सभा का विरोध करने वालों में सहायक शिक्षक संघ मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंदन कुमार मेहता, संजय कुमार, परमेश्वर मेहता, रामू राम,अजय कुमार मेहता, कैलाश यादव, उमेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, विशाल कुमार, रोशन ठाकुर, संदीप मेहता, मुकेश मेहता, मुकेश यादव, भोला राणा, अजय यादव, रोहित मेहता, आदित्य गुप्ता, मुकेश पासवान समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि गांव में इस तरह की धार्मिक सभा या धर्मांतरण से जुड़े किसी भी आयोजन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और कहा कि कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कटकमसांडी पेट्रोल पंप के बगल में सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा ने किया ठाकुर ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**अरविंद कुमार यादव सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

रविवार को कटकमसांडी में सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा ने पेट्रोल पंप के के समीप ठाकुर ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया और इस नई रेस्टोरेंट के उज्जवल भविष्य की कामना ईश्वर से की। रेस्टोरेंट संचालक ग्राम कटकमसांडी निवासी बजरंगी ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया कि यहां पारिवारिक माहौल में लोग इंडियन,



साउथ इंडियन और चाइनीस फूड का आनंद उठा सकेंगे ।

मौके पर विशेष रूप से सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा,पूर्वी मंडल के सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरू,मुखिया श्रुति पांडे,सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वज्रपात से एक मवेशि की मौत:किसानों को हजारों का नुकसान, सरकारी अधिकारी से किया मदद का गुहार

**अरविंद कुमार यादव दैनिक सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

झारखंड में हो रही तेज बारिश और वज्रपात से राज्य के कई हिस्सों में नुकसान हुआ है। तेज बारिश की वजह से कई गांव के रास्ते कट गये हैं तो वज्रपात की वजह से भी काफी नुकसान हुआ है। हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत डांड के ग्राम पिचरी निवासी नरेश



पासवान का आज लगभग 2 बजे तेज बारिश के साथ ब्रजपात से एक मवेशि का मौत हो गया।बताया जा रहा है कि जिस मवेशी का मौत हुआ है वह अच्छे नस्ल की गाय थी।जिसका लगभग लागत 50 हजार रुपया का अनुमान लगाया जा रहा है।नरेश पासवान ने इस मामला को लेकर स्थानीय प्रशासन से मदद का गुहार लगा रहे है।

# खरांटी में तैलिक साहू समाज की बैठक, कमेटी गठित, अध्यक्ष सुरेंद्र , शशि सचिव बने

**सामाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड के चोपदार बलिया पंचायत अंतर्गत ग्राम खरांटी में रविवार को तैलिक साहू समाज की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जगदीश साहू व संचालन विनय कुमार साव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र साव, उपाध्यक्ष डलेश्वर कुमार उर्फ मेडिकल, सचिव शशि भूषण कुमार, कोषाध्यक्ष बाल्मीकि कुमार साव, संयोजक विनय कुमार साव, संरक्षक हरिदयाल साव , जगदीश साहू ,धनेश्वर साहू एवं मीडिया प्रभारी बिरेंद्र कुमार बनाए गए। तैलिक साहू समाज के उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर विशेष जोर दिया । लोगों ने कहा हमारा तेली समाज बिखरा हुआ है हमलोग को एकजुट होकर रहना होगा तभी भविष्य में हमें लाभ मिलेगा। वक्ताओं



ने यह भी कहा कि हमारा समाज शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है बिना शिक्षा के कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ पाया है। इसलिए सभी माता-पिता इस पर ध्यान देकर के अपने बाल बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करे, अच्छे संस्कार दें। शराब से दूरी बनाएं तभी हमारा समाज आगे बढ़ सकता है।तथा उपस्थित समाज की सभी लोगों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि समाज में किन्ही व्यक्ति का निधन हो जाता है तो अंतिम संस्कार में, या अंतिम यात्रा में अधिक से अधिक लोग भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से विनय कुमार साव,जगदीश साहू, हरदयाल साहू, धनेश्वर साहू ,सुरेंद्र साव ,शशि भूषण कुमार, मेडिकल कुमार ,वाल्मीकि कुमार, पंसस प्रतिनिधि मिथलेश कुमार, बिरेंद्र कुमार,महादेव साव, दिनेश साव, बिगो कुमार साव, पन्नालाल साव, जानकी साव, लक्ष्मण साहू, सुनील कुमार एवं अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# शाहपुर में तहसील कार्यालय पर अवैध कब्जा, पूर्व मुखिया पर गंभीर आरोप

**अरविंद कुमार यादव सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर पंचायत में वर्ष 2018-19 में लगभग 32 लाख रुपए की लागत से बने सरकारी तहसील कार्यालय पर आज तक आम जनता का कोई काम नहीं हो पा रहा है। कारण यह है कि इस भवन पर स्थानीय पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद ने कब्जा जमा रखा है। जानकारी के अनुसार, यह तहसील कार्यालय सरकारी जमीन पर बनने के बजाय पूर्व मुखिया की निजी जमीन पर बनाया गया। भवन निर्माण पूरा होने के बाद भी इसे अब तक प्रशासन को सुपुर्द नहीं किया गया है। हैरानी की बात यह है कि न तो प्रखंड अंचल अधिकारी और न ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसकी कोई ठोस जानकारी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूर्व मुखिया ने भवन का इस्तेमाल अपने निजी हित में करना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि वर्तमान में इसी भवन में वह जनवितरण प्रणाली (PDS) की दुकान भी चला रहे हैं। शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी शंभू यादव ने कहा कि यह कार्यालय जनता के सरकारी कार्य–जैसे रसीद कटाई, मलगुजारी, दाखिल-खारिज और अन्य राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं–के लिए बनाया गया था। लेकिन एक जनप्रतिनिधि द्वारा कब्जा कर लिए जाने से आम लोग वंचित हो रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि तहसील कार्यालय को अवैध कब्जा से मुक्त कराया जाए और इसे जनता के हित में चालू किया जाए।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब प्रेम प्रसाद मुखिया थे, तभी कार्यालय निर्माण कार्य पूरा हुआ था और उसके दो साल बाद से ही उन्होंने भवन पर अपना कब्जा कर लिया। परिणामस्वरूप आसपास के पंचायतों के लोगों को तहसील से जुड़ी जरूरी सेवाओं के लिए पेलावल स्थित तहसील कार्यालय का सहारा लेना पड़ता है, जहां अंचल अधिकारी, उप-अंचल अधिकारी और राजस्व कर्मचारी नियमित कार्य करते हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि शाहपुर तहसील कार्यालय को चालू कर दिया जाए तो हजारों लोगों को राजस्व संबंधी काम निपटाने में सुविधा होगी। फिलहाल लोग जिला प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# अश्वनी दुर्गा पूजा समिति सोनपुरा का गठन किया गया गुलेश्वर अध्यक्ष चुने गए

**सामाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड के ग्राम सोनपुरा प्राथमिक विद्यालय में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पंसस रंजीत कुमार चौबे के द्वारा किया गया ।बैठक में सर्व समिति से अध्यक्ष गुलेश्वर कुमार, उपाध्यक्ष उदय राम, सचिव अजीत कुमार ,उप सचिव पवन कुमार चौबे ,कोषाध्यक्ष युगल किशोर राणा एवं उमेश ठाकुर ,मनोरंजन मंत्री राजनाथ कुमार को सर्व समिति से चयनित किया गया अध्यक्ष गुलेश्वर कुमार के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनपुरा में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा त्योहार को संपन्न कराया जाएगा ।बैठक में उपस्थित ग्राम अध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार, सचिव विनोद प्रसाद दांगी , कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद दागी, संयोजक प्रोफेसर लालदेव महतो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का बैठक गिद्दी सी में हुआ।

### युवा मोर्चा गठन होने से डाड़ी प्रखंड में पार्टी ओर मजबूत होगा -शक्ति गोप।

**सामाज जागरण**

आज दिनांक 7.9.2025 को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का डाडी प्रखंड स्तरीय युवा मोर्चा भाग 2 का विस्तार किया गया। जिसके अध्यक्षता प्रखंड सचिव शक्ति गोप तथा संचालक डाडी प्रखंड मीडिया प्रभारी सेवकी महतो ने किया जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री रवि कुमार महतो ,जिला सहसचिव मनोज कुमार महतो सुरेंद्र महतो , युवा मोर्चा भाग दो के अध्यक्ष सूरज यादव,दिनेश कुमार ,राज किशोर महतो, कपिल देव



महतो युवा मोर्चा भाग एक,सुरेंद्र कुमार जिसमें सर्वसहमति से उपाध्यक्ष में आशीश राम, मनीष कुमार राणा, गोस्वामी चौधरी, सचिव में करमु सर, संगठन मंत्री,पिंटु कुमार, संगठन महामंत्री पवन कुमार एवं अन्य सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया और झारखंड के टाईगर जयराम महतो के सिद्धांतों को गांव गांव तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत बनाने में सभी लोग मेहनत कीजिए। आने वाले दिनों में झारखंड का राजनीतिक भविष्य बदलाव की ओर है।

# मुखिया के हाथों 231साड़ी - धोती और लूंगी का वितरण किया गया

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड के पश्चिमी पंचायत अंतर्गत पीडीएस दुकान तेलियातरी में मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार के हाथों लंगातू, तेलीयतरी और चंदनपुर के लाभुकों के बीच साड़ी - धोती और लूंगी का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 231 साड़ी- धोती और लूंगी का वितरण



किया गया। रंजीत कुमार ने पंचायत में संचालित सभी पीडीएस संचालकों को समय पर राशन देने की बात कही और आगे कहा कि पंचायत में राशन वितरण से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत की मौका नहीं दें। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, पीडीएस संचालक विनोद राणा, वीरेंद्र ओझा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# भारतीय जीवन बीमा जीवन ज्योति कार्यालय के सभागार में आमसभा का किया गया आयोजन

### संगठन को सशक्त एवं मजबूत बनाने का लिया गया ।

**मिंटू कुमार समाज जागरण।**

रविवार को भारतीय जीवन बीमा जीवन ज्योति कार्यालय के सभागार में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनिल कुमार सिन्हा (प्रकाश) ने किया।जिसमें संगठन को सशक्त एवं मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें उपस्थित अभिकताओं ने अपने - अपने विचारों को रखे। संगठन में पूर्व घटित घटनाओं के संदर्भ में लोगों का व्यापक आक्रोश व्यक्त किया गया। वहीं सदस्यों ने अपना सदस्यता शुल्क सहयोग के



रूप में जमा किया। इस अवसर पर जीएसटी पर लोगों का भ्रम कैसे दूर हो, इस पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही 22 तारीख तक प्रतीक्षा करने को कहा गया।सभी अभिकताओं को अधिक से अधिक जुड़ने का आह्वान भी किया गया, ताकि आने वाले समय में शाखा में होने वाले समस्याओं का निराकरण किया जा सके। लियाफी के कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डे ने आय - व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मंच संचालक दिलचंद महतो ने किया। वहीं इस बैठक में सचिव उमेश तिवारी , उपाध्यक्ष - मनोज कुमार रंजन , सह कोषाध्यक्ष - सचिन कुमार एवं विनोद प्रसाद साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके साथ ही अन्य कई अभिकताओं ने इस बैठक में भाग लिया।

# डाड़ी में कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने की आवश्यकता है -अनुप्रिया।

**सामाज जागरण गुलचंद महतो डाड़ी प्रखंड।**

डाड़ी मुख्यालय के सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान को सफल संचालन के लिए डाड़ी बीडीओ अनुप्रिया की अध्यक्षता में हुई।

डाड़ी बीडीओ अनुप्रिया ने कहा कि सरकार द्वारा डाड़ी प्रखंड के मिश्राईन मोढा,कुरकुट्ट, बसकुदरा,बसारिया, बुंडू,सेनेगढा के गांवों में आदि कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने में आप सभी प्रखंड के कर्मचारी एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाड़ी जीपीएस अजीत तिवारी,ऐमोओ देवेन्द्र कुमार, बहादुर महथा, मुखिया उमेश करमाली, रिंकी देवी, सीमा देवी,दासो मरांडी, पंचायत सचिव सरजू पासवान, रोजगार सेवक कुलदीप कुमार, अशोक राम, शक्ति राम बेदिया, जगन्नाथ महतो,रवि कुमार, अरूण यादव, बबलू कुमार, ज्योति कुमारी एवं काफी संख्या में कर्मचारी एवं जेई मौजूद थे।

# हजारों की संख्या में कुरमी समाज के लोग शामिल हुए -शीतल ओहदार।

### कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल किया जाए -कपिलदेव महतो।

**समाज जागरण**

आज दिनांक 6 सितंबर 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से कुरमी/कुडमी झारखंड के द्वारा सैकड़ो संख्या में उपस्थित हो कर अपनी मांग को रखा पहला कुरमी को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए दूसरा कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं सूची में



सूचीबद्ध किया जाए किया जाए। जिसमें हजारीबाग जिला से सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव कपिल देव महतो रोशन पटेल कुलदीप महतो संजय महतो परमेश्वर महतो नारायण महतो रामचंद्र महतो अशोक महतो गंगेश्वर महतो वरुण कुमार रवि कुमार टिकेंद्र कुमार मनोज कुमार ,दीलिप महतो,इत्यादि काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर अपने संवैधानिक मांग को रखा।

# हजारों की संख्या में कुरमी समाज के लोग शामिल हुए -शीतल ओहदार।

### कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल किया जाए -कपिलदेव महतो।

**समाज जागरण**

आज दिनांक 6 सितंबर 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से कुरमी/कुडमी झारखंड के द्वारा सैकड़ो संख्या में उपस्थित हो कर अपनी मांग को रखा पहला कुरमी को अनुसूचित जनजाति




में शामिल किया जाए दूसरा कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं सूची में सूचीबद्ध किया जाए किया जाए। जिसमें हजारीबाग जिला से सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव कपिल देव महतो रोशन पटेल कुलदीप महतो संजय महतो परमेश्वर महतो नारायण महतो रामचंद्र महतो अशोक महतो गंगेश्वर महतो वरुण कुमार रवि कुमार टिकेंद्र कुमार मनोज कुमार ,दीलिप महतो,इत्यादि काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर अपने संवैधानिक मांग को रखा।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार सम्पन्न।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण कटकमदाग ।**

प्रखंड के कटकमदाग मैदान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को पिंडराही बनाम सिरका टीम के बीच खेला गया। पिंडराही टीम 1-0 से विजेता बनी। वहीं बालिकाओं की टीम में जमुआरी टीम फतहा को 1-0 से विजेता बनी। मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित अन्य अतिथियों ने बालक वर्ग के विजेता टीम को 25 हजार का चेक, ट्रॉफी व उप विजेता को 15 हजार और ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस दौरान विजेता टीम के खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया। खिलाड़ी व ग्रामीण पारंपरिक ढोल- नगाड़े बजाते हुए अपने गांव की ओर लौटे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समिजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन सिखाता है। साथ ही फुटबॉल खेल से शारीरिक व




मानसिक विकास होता है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के पहल से नमो फुटबॉल टूनार्मेंट अब पुरे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में पोपुलर हो चुका है। अब नमो फुटबॉल टूनार्मेंट ऐतिहासिक रूप ले चुका है। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल पर किक मारकर मैच का शुभारंभ किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, हजारीबाग के सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, सह सांसद प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रेणुका साहू सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित कर हजारीबाग सांसद के सौजन्य से आयोजित नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का जमकर सराहना की। साथ ही खिलाड़ियों का हौसलाअफजाई की। टूनार्मेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, सचिव अरुण कुमार राणा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता, प्रबंधक कविन्द्र यादव, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव,

दीपक कुमार पंडित, बसंत यादव, विरेन्द्र कुमार सहित अन्य का सहयोग रहा। इस मौके पर मूलचंद साव, विनोद कुमार बिगन, जीवन मेहता, कृष्णा मेहता, दामोदर सिंह, तनवीर अहमद, महेश प्रसाद, तुलसी कुशवाहा, कमल साव, लखन गोप, धीरज राणा, मोहन गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हजारीबाग में साध संगत द्वारा गुरुपर्ब धूमधाम से मनाया जाएगा

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः हजारीबाग की समूह साध संगत द्वारा सोमवार, 8 सितम्बर को गुरुपर्ब बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह भव्य आयोजन खालसा यूथ एसोसिएशन के दीवान हाल में संपन्न होगा, जिसमें शहर और आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति की संभावना जताई जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 6:30 बजे रेहरास साहिब के पाठ से होगा।



इसके उपरांत आरती एवं शबद कीर्तन का दीवान सजेगा, जहां श्रद्धालु संगत आध्यात्मिक भक्ति रस में सरोबर होंगे। इस मौके पर विशेष कीर्तन सेवा भी प्रस्तुत की जाएगी, जिससे वातावरण पूर्ण रूप से धार्मिक आस्था और श्रद्धा से गूंज उठेगा।संगत की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा। इसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रेम और सेवा भाव से प्रसाद का प्रबंध रहेगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए रोहित बजाज, मीडिया प्रभारी, श्री गुरु सिंह सभा हजारीबाग ने सभी संगत जनों से समय पर पहुंचकर गुरुपर्ब की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

# टोरंटो पुलिस ने हाई पार्क क्षेत्र में हुई हत्या में मृत 21 वर्षीय महिला की पहचान की

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**



टोरंटो,7 सितंबर : टोरंटो पुलिस ने शुक्रवार शाम को शहर के पश्चिमी छोर पर हुई हत्या के पीड़ित की पहचान कर ली है। शनिवार को जारी एक समाचार विज्ञप्ति में पुलिस ने पीड़िता की पहचान 21 वर्षीय सेरेनिटी ब्राउन के रूप में की।
अधिकारियों का कहना है कि शाम लगभग 5:50 बजे ग्लेनलेक एवेन्यू और हाई पार्क एवेन्यू इलाके में एक "मेडिकल कॉल" की सूचना के लिए पुलिस को बुलाया गया था। पुलिस का कहना है कि ब्राउन एक गाड़ी के अंदर घायल अवस्था में मिलीं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।पुलिस ग्लेनलेक और हाई पार्क एवेन्यू क्षेत्र में हुई हत्या की जांच कर रही है।उस समय, ड्यूटी इंस्पेक्टर एरोल वॉटसन ने संवाददाताओं को बताया कि पैरामेडिक्स ने महिला को अस्पताल में मरने से पहले गंभीर हालत में पाया था। उन्होंने आगे कहा कि उसकी चोटों की प्रकृति की पुष्टि करना अभी जल्दबाजी होगी।वाटसन ने शुक्रवार को कहा, "हमारे पास इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि पीड़िता एक पुरुष के साथ बातचीत कर रही थी और उस पुरुष को उस क्षेत्र से जाते हुए देखा गया था।"ब्राउन इस वर्ष शहर का 30वां हत्या का शिकार है।किसी संदिग्ध का विवरण जारी नहीं किया गया है।किसी भी व्यक्ति से अनुरोध है कि यदि उसके पास कोई जानकारी हो तो वह 416-808-7400 पर जांचकताओं से या गुमनाम रूप से क्राइम स्टॉपर्स से संपर्क करें।

# फिरोजपुर मंडल में पर्यावरण संरक्षण के लिए 09 स्मार्ट प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनें लगाई गई

**(मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो ,7 सितंबर :फिरोजपुर मंडल ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु चार प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुल 09 आधुनिक प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनें स्थापित की हैं। यह कदम पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं प्लास्टिक और एल्युमिनियम कैन के सही निपटान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अमृतसर में 03 मशीनें, जलंधर सिटी में 02 मशीनें,जलंधर कैंट में 02 मशीनें तथा लुधियाना में 02 मशीनें लगाकर चालू की गई है। ये मशीनें मेसर्स रिएटमोस द्वारा निर्मित एवं मेसर्स बिरला ओपुस द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सी.एस.आर.) के तहत फिरोजपुर मंडल को प्रदान की गई हैं। प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन अनेक



विशेषताओं से लैस है। प्रत्येक मशीन में एल.ई.डी. डिस्प्ले लगी है, जो यात्रियों को बोतल क्रशिंग प्रक्रिया के दौरान आवश्यक निर्देश एवं पर्यावरण को बचाने के उपाय बताती है। यह प्रणाली एक बार में 2.5 लीटर की प्लास्टिक बोतल और 1 लीटर के एल्युमिनियम कैन को कुशलता से क्रश कर सकती है। मशीन की बिन की क्षमता 1200 बोतलें रखने की है। यह स्मार्ट मशीन पास आने वाले वस्तु का पता लगाने के लिए प्रोक्सिमिटी सेंसर से लैस है। इसके अलावा, यात्री मोबाइल नंबर दर्ज करके बोतल क्रश कर सकते हैं एवं कूपन/डिस्काउंट ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि इस पहल से न केवल रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता बनी रहेगी, बल्कि यात्रियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। फिरोजपुर मंडल पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और ऐसी नूतन व्यवस्थाओं के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देता रहेगा।

# लातविया में तैनात एडमोंटन स्थित कनाडाई सशस्त्र बल का सदस्य मृत पाया गया: डीएनडी

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**

टोरंटो,7 सितंबर :लातविया में तैनात एडमोंटन स्थित एक कनाडाई सशस्त्र बल सदस्य शुक्रवार को मृत पाया गया।वारंट ऑफिसर जॉर्ज होहल के मंगलवार को लापता होने की सूचना मिली थी।राष्ट्रीय रक्षा विभाग और कनाडाई सशस्त्र बलों की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उनकी मृत्यु की पुष्टि की गई है और कहा गया है कि कनाडाई सेना सैन्य पुलिस, लातवियाई अधिकारियों के साथ मिलकर जांच कर रही है।इसमें कहा गया है कि अभी भी ऐसा कोई संकेत नहीं है कि उनकी मृत्यु से तैनात सदस्यों की सुरक्षा को कोई खतरा है।होहल 408 सामरिक हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन में वाहन तकनीशियन थे तथा लातविया में नाटो बहुराष्ट्रीय ब्रिगेड की विमानन बटालियन के साथ एक ऑपरेशन का हिस्सा थे।उन्होंने 20 वर्षों तक सेवा की।उनकी मृत्यु की परिस्थितियों की जांच जारी है।

# संदिग्ध नशेड़ी ड्राइवर को गिरफ्तार करने के कई प्रयासों के दौरान नियाग्रा के 3 पुलिस अधिकारी घायल

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**

टोरंटो,7 सितंबर :शनिवार की सुबह पेलहम में एक संदिग्ध नशे में धुत चालक को गिरफ्तार करने के कई प्रयासों के दौरान तीन नियाग्रा पुलिस अधिकारी घायल हो गए, जिनमें से एक को वाहन से बाहर फेंक दिया गया।इसकी शुरूआत एफिंगहैम स्ट्रीट और सुम्बलर रोड के क्षेत्र में हुई, जहां सुबह 9:10 बजे पुलिस को एक चालक के नशे में होने की सूचना मिली।पुलिस ने बताया कि अधिकारियों को सूचना मिली थी कि गहरे भूरे रंग का एक डॉज रैम पिकअप ट्रक चैंटलर रोड पर पूर्व की ओर वेलैंड की ओर जा रहा था और सामने से आ रहे यातायात में घुस रहा था।उन्होंने ट्रक को ड्राइववे में खड़े पाया और ड्राइवर का दरवाजा खुला था। अधिकारियों ने ड्राइवर से बात की और इस दौरान पता चला कि उसकी हालत बिगड़ी हुई है।पुलिस ने कहा, "जब गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था, तो संदिग्ध ने अचानक गति बढ़ा दी, जिससे एक अधिकारी वाहन से जमीन पर गिर गया और वाहन सुम्बलर रोड पर पश्चिम की ओर भाग गया।"बाद में अधिकारियों ने फोक्स रोड पर पूर्व की ओर जा रहे संदिग्ध का पीछा किया। पुलिस ने बताया कि उन्होंने संदिग्ध के रास्ते में कई स्पाइक बेल्ट लगा दिए थे, लेकिन वे नाकाम रहे क्योंकि वह बिना रुके पूर्व की ओर गाड़ी चलाता रहा।पुलिस ने बताया कि इसके बाद अधिकारियों ने एक उच्च जोखिम वाले यातायात को रोका, जिसके दौरान संदिग्ध वाहन कई क्रूजर से टकरा गया।
पुलिस ने कहा, "अधिकारी ड्राइवर की तरफ के दरवाजे तक पहुँचने में कामयाब रहे, लेकिन गाड़ी गियर में ही थी, और संदिग्ध ने भागने की कोशिश की।" इसके बाद एक सेवा कुत्ते को तैनात किया गया और संदिग्ध गाड़ी से बाहर निकल गया।पुलिस ने बताया कि वह लगातार गिरफ़्तारी का विरोध करता रहा, यहाँ तक कि कथित तौर पर एक अधिकारी को निहत्था करने की भी कोशिश की। कुछ ही देर बाद, पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पा लिया और संदिग्ध को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने बताया कि घटना के दौरान तीन अधिकारियों और संदिग्ध को मामूली चोटें आईं।शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने चालक की पहचान वेनफ्लीट निवासी 24 वर्षीय जोनाथन लैमोंटाग्ने के रूप में की।उन पर पुलिस से भागने के दो मामले, वाहन के संचालन में बाधा उत्पन्न करने का एक मामला, गिरफ्तारी का विरोध करने के इरादे से हमला करने, पुलिस अधिकारी को निहत्था करने का प्रयास करने,खतरनाक ड्राइविंग, गिरफ्तारी का विरोध करने और अनुसूची कपदार्थ रखने का आरोप लगाया गया है।

# एयर कनाडा के फ्लाइट अटेंडेंट्स ने वेतन प्रस्ताव को सामूहिक रूप से अस्वीकार कर दिया, यूनियन

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो )**

कनेडा,7 सितंबर :रोजगार वकील कीथ बर्कहार्ट ने बताया कि यूनियन और एयर कनाडा के बीच मध्यस्थता प्रक्रिया किस प्रकार आगे बढ़ेगी।एयर कनाडा के फ्लाइट अटेंडेंट्स ने शनिवार को समाप्त हुए नए अनुबंध पर मतदान के बाद नियोक्ता के वेतन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।एयर कनाडा के फ्लाइट अटेंडेंटों ने अस्थायी नए अनुबंध पर अपराह्न 3 बजे पूर्वी समय पर मतदान पूरा कर लिया, जिसमें 99.1 प्रतिशत ने एयरलाइन के वेतन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।एयरलाइन का कहना है कि वेतन संबंधी मामले को अब मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा, जैसा कि पहले दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी थी।यूनियन द्वारा परिणाम जारी किए जाने के तुरंत बाद एयरलाइन ने एक बयान में कहा, "एयर कनाडा और सीयूपीई ने इस संभावित परिणाम पर विचार किया और आपसी सहमति से निर्णय लिया कि यदि अस्थायी समझौते की पुष्टि नहीं की गई, तो वेतन के हिस्से को मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा और यदि उस स्तर पर कोई समझौता नहीं हुआ, तो मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा।" "दोनों पक्षों ने इस बात पर भी सहमति व्यक्त की कि किसी भी प्रकार का श्रमिक व्यवधान उत्पन्न नहीं किया जा सकता, इसलिए कोई हड़ताल या तालाबंदी नहीं होगी, तथा उड़ानें जारी रहेंगी।"एयरलाइन ने कहा, "एयर कनाडा मध्यस्थता और पंचनिर्णय प्रक्रिया के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।"कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के एयर कनाडा घटक का कहना है कि वेतन के मुद्दे को छोड़कर, अधिकांश शर्तें अभी भी एयरलाइन के साथ नए सामूहिक समझौते का हिस्सा बनेंगी।पिछले महीने एयरलाइन में हुई हड़ताल को समाप्त करने वाले अस्थायी समझौते को वोट देकर खारिज कर दिया गया था, जिसके तहत कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की गई थी तथा विमान के जमीन पर खड़े रहने के दौरान काम करने के लिए वेतन संरचना स्थापित की गई थी।इसमें अधिकांश जूनियर फ्लाइट अटेंडेंट के वेतन में इस वर्ष 12 प्रतिशत की वृद्धि तथा वरिष्ठ सदस्यों के वेतन में आठ प्रतिशत की वृद्धि शामिल है, तथा आगामी वर्षों में भी वेतन में छोटी-छोटी बढ़ोतरी की जाएगी।
संघ के 10,000 से अधिक सदस्यों के लिए मतदान 27 अगस्त को शुरू हुआ।
यूनियन ने कहा कि 99.4 प्रतिशत सदस्यों ने मतदान में भाग लिया।तीन दिवसीय हड़ताल 19 अगस्त को एक संघीय मध्यस्थ की मदद से समाप्त हो गई, जिसके कारण हजारों ग्राहकों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हुईं।
यूनियन ने शनिवार को एक बयान में कहा, "इन वाताओं में संघीय सरकार की विनाशकारी भूमिका को नजरअंदाज करना असंभव है।" "अपनी तटस्थता बनाए रखने के बजाय, संघीय सरकार ने सौदेबाजी की पूरी प्रक्रिया में अपना नियंत्रण बनाए रखा और एयर कनाडा को फ्लाइट अटेंडेंट के वेतन को दबाने के लिए आवश्यक दबाव दिया।"

# प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जिला गुरदासपुर के दौरे के मद्देनजड़ गुरदासपुर जिले में सभी प्रकार के ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**(मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो )**

जैतो,7 सितम्बर : प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 9 सितम्बर, 2025 को पंजाब के गुरदासपुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने आ रहे हैं। डॉ.



हरजिंदर सिंह बेदी, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, गुरदासपुर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, माननीय प्रधानमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 9 सितम्बर 2025 तक गुरदासपुर जिले की सीमा के भीतर सभी प्रकार के ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, यह आदेश एकतरफा पारित किया गया।

# नेपाल की जीवित देवी को अपने महल से निकलकर भक्तों की भीड़ को आशीर्वाद देते हुए

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**



नेपाल की जीवित देवी कुमारी को रथ के साथ ऊपर ले जाया जा रहा है, जिस पर वह सवार होंगी और भक्तों द्वारा खींची जा रही हैं, शनिवार, 6 सितंबर, 2025 को नेपाल की राजधानी काठमांडू के केंद्र के चारों ओर। (एपी फोटो/निरंजन श्रेष्ठ)

कनेडा,7 सितंबर :नेपाल की जीवित देवी कुमारी को रथ के साथ ऊपर ले जाया जा रहा है, जिस पर वह सवार होंगी और भक्तों द्वारा खींची जा रही हैं, शनिवार, 6 सितंबर, 2025 को नेपाल की राजधानी काठमांडू के केंद्र के चारों ओर।
काठमांडू, नेपाल – आठ साल की तृष्णा शाक्य अपने सजे-धजे परिधानों में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जब उन्हें मंदिर से आए एक सहायक गोद में उठाकर ले जा रहे हैं। जब वह चमकीले नारंगी गेंदे के फूलों की मालाओं से सजे रथ पर सवार होती हैं, तो भक्तों की भीड़ उनसे आशीर्वाद लेते हुए इस पल को कैद करने के लिए अपने फोन उठा लेती है।
शाक्य तीन वर्ष की आयु से कुमारी - नेपाल की जीवित देवी - के रूप में सेवा कर रही हैं, तथा पिछले पांच वर्षों से कुमारी मंदिर में रह रही हैं।माथे पर गाढ़े सिंदूर के लेप और अपनी "तीसरी आंख" के सुनहरे प्रतीक के साथ कुमारी को शनिवार को नेपाल के इंद्र जात्रा उत्सव की शुरूआत के लिए एकत्रित हुए हजारों श्रद्धालुओं द्वारा खींचे जा रहे लकड़ी के रथ में राजधानी के मध्य घुमाया गया।नेपाली भाषा में "कुमारी" शब्द का अर्थ कुंवारी होता है, और इसके सदस्यों का चयन बहुत कम उम्र में, कभी-कभी तो दो साल की उम्र में ही कर दिया जाता है। वे कई वर्षों तक महल के मंदिर में सेवा करती हैं और यौवन से ठीक पहले तक इस भूमिका में रहती हैं।कुमारियाँ मंदिर के प्रांगण से बहुत कम बाहर निकलती हैं, और जब वे त्योहारों या अनुष्ठानों के लिए निकलती हैं, तो उनके पैर कभी भी बाहरी जमीन पर नहीं पड़ते। उन्हें या तो पालकी में या किसी की गोद में ले जाया जाता है।कुमारियों का चयन नेवार समुदाय के बौद्ध परिवारों से किया जाता है, जो काठमांडू घाटी के मूल निवासी हैं, तथा मुख्यतः हिंदू राष्ट्र में हिंदू और बौद्ध दोनों ही उन्हें पूजते हैं।
सप्ताह भर चलने वाला इंद्र जात्रा उत्सव, उत्सवों की श्रृंखला का पहला उत्सव है, जिसमें इस महीने के अंत में मनाया जाने वाला मुख्य उत्सव दसाईं; तथा अक्टूबर में मनाया जाने वाला रोशनी का त्योहार तिहार या दिवाली शामिल है।

# स्विस टैरिफ के बावजूद ट्रम्प रोलेक्स के मेहमान के तौर पर यूएस ओपन में शामिल होंगे। टीवी पर कोई हूटिंग नहीं दिखाई जाएगी

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प गुरुवार, 4 सितंबर, 2025 को वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम में रात्रिभोज के दौरान एक भाषण सुनते हुए। (एपी फोटो/एलेक्स ब्रैंडन)

कनेडा,7 सितंबर :राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प गुरुवार, 4 सितंबर, 2025 को वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम में रात्रिभोज के दौरान एक भाषण सुनते हुए।
न्यूयॉर्क - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को अमेरिकी ओपन में रोलेक्स के अतिथि के रूप में भाग लेंगे, जबकि स्विस घड़ी निमार्ता कंपनी के गृह देश ने इस पर भारी टैरिफ लगा रखा है और आयोजक कोर्ट के बाहर होने वाली खललकारी - जैसे दर्शकों द्वारा ट्रम्प की हूटिंग - को टीवी प्रसारण पर दिखाई देने से रोकना चाहते हैं।ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में घरेलू यात्राओं का बड़ा हिस्सा प्रमुख खेल आयोजनों में भाग लेने के लिए रखा है, न कि सड़क पर जाकर नीतिगत घोषणाएं करने या बड़ी रैलियों को संबोधित करने के लिए, जिनका वे उम्मीदवार के रूप में आनंद लेते थे।वह रोलेक्स के सुइट से दूसरे वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय स्पेनी खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और इटली के नंबर 1 सीड और गत चैंपियन 24 वर्षीय जैनिक सिनर के बीच होने वाले पुरुष फाइनल मैच को देखेंगे।राष्ट्रपति द्वारा रोलेक्स के निमंत्रण को स्वीकार करने से कुछ ही सप्ताह पहले ट्रम्प प्रशासन ने स्विस उत्पादों पर 39 प्रतिशत का भारी-भरकम टैरिफ लगा दिया था।यह शुल्क ट्रम्प प्रशासन द्वारा अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले यूरोपीय संघ के सामानों पर लगाए गए शुल्क से ढाई गुना अधिक है, तथा अमेरिका को ब्रिटिश निर्यात पर लगाए गए शुल्क से लगभग चार गुना अधिक है। इससे स्विट्जरलैंड की अपने पड़ोसी 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के साथ प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता पर प्रश्नचिन्ह लग गए हैं।व्हाइट हाउस ने ट्रम्प द्वारा टूनार्मेंट में एक कॉर्पोरेट ग्राहक के निमंत्रण को स्वीकार करने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन राष्ट्रपति को राजनीतिक और विदेश नीति निर्णयों तथा अपने पारिवारिक व्यवसाय के मुनाफे को बढ़ाने के प्रयासों के बीच की रेखाओं के धुंधला होने पर कोई आपत्ति नहीं है।इसमें देश और दुनिया भर में क्रिप्टोकरेंसी के हितों और उनके नाम से जुड़ी लग्जरी गोल्फ संपत्तियों का अथक प्रचार करना शामिल है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिका दिसंबर 2026 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की अपनी बारी का इस्तेमाल दक्षिण फ्लोरिडा के ट्रम्प नेशनल पार्क में इस व्यापक आयोजन के लिए करेगा। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने कहा है कि मानक नीति के अनुसार, ट्रम्प की उपस्थिति पर कोई भी नकारात्मक प्रतिक्रिया एबीसी के राष्ट्रीय प्रसारण पर नहीं दिखाई जाएगी।संगठन ने एक बयान में कहा, "हम नियमित रूप से अपने प्रसारकों से कोर्ट के बाहर होने वाली व्यवधानकारी गतिविधियों को दिखाने से बचने के लिए कहते हैं।"ट्रम्प कभी अमेरिकी ओपन के मुख्य आकर्षण थे, लेकिन उन्होंने तब से इसमें भाग नहीं लिया है, जब सितंबर 2015 में, अपने पहले राष्ट्रपति अभियान की शुरूआत करने के कुछ महीनों बाद, क्वार्टर फाइनल मैच में उन्हें जोरदार हूटिंग का सामना करना पड़ा था।ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन कभी अपने यूएस ओपन सुइट को नियंत्रित करता था, जो आर्थर ऐश स्टेडियम में टेलीविजन प्रसारण बूथ से सटा हुआ था, लेकिन 2017 में, ट्रम्प के पहले कार्यकाल के पहले वर्ष में, इसे निलंबित कर दिया गया। अब यह पारिवारिक व्यवसाय ट्रम्प के बेटों द्वारा चलाया जा रहा है, जबकि उनके पिता व्हाइट हाउस में वापस आ गए हैं।ट्रम्प का जन्म यूएस ओपन के गृहनगर क्वींस में हुआ था, और दशकों तक वे न्यूयॉर्क क्षेत्र के एक रियल एस्टेट व्यवसायी और बाद में एक रियलिटी टीवी स्टार रहे। राजनेता बनने से पहले वे इस टूनार्मेंट में आते थे, और रात के मैचों के दौरान वे आमतौर पर सुइट की बालकनी में बैठते थे और अक्सर अखाड़े की वीडियो स्क्रीन पर दिखाई देते थेहालाँकि, हाल के वर्षों में, जिसमें उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के बीच का समय भी शामिल है, ट्रम्प मुख्यतः अपने फ्लोरिडा एस्टेट, मार-ए-लागो में रहते थे।
अल्काराज ने फाइनल से पहले कहा था कि ट्रम्प का वहां मौजूद होना एक विशेषाधिकार होगा और "टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा", लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी भावना स्टैंड से मैच देख रहे किसी भी राष्ट्रपति के लिए होती है।अल्काराज ने ट्रंप की उपस्थिति के बारे में कहा, "मैं कोशिश करूँगा कि मैं ध्यान केंद्रित न करूँ, और इसके बारे में न सोचूँ। मैं नहीं चाहता कि मैं इसकी वजह से घबराऊँ।"ट्रंप ने शनिवार को वाशिंगटन के बाहर वर्जीनिया क्लब में गोल्फ खेला, जैसा कि उन्होंने हाल के कई सप्ताहांतों में किया है जब गर्मियों का मौसम मार-ए-लागो के पास खेलने के लिए बहुत गर्म हो गया था। लेकिन राष्ट्रपति अक्सर खेल आयोजनों में भी शामिल होते रहे हैं – जहाँ भीड़ की गर्जना के बीच कभी लोग राष्ट्रपति की हूटिंग करते हैं तो कभी उनका उत्साहवर्धन करते हैं।जनवरी में व्हाइट हाउस लौटने के बाद से और रविवार के यूएस ओपन से पहले, ट्रम्प न्यू ऑरलियन्स में सुपर बाउल और डेटोना 500 में गए, साथ ही मियामी और न्यूर्क, न्यू जर्सी में यूएफसी मुकाबलों, फिलाडेल्फिया में एनसीएए कुश्ती चैंपियनशिप और ईस्ट रदरफोर्ड, एनजे में फीफा क्लब विश्व कप फाइनल में भी गए।किसी मौजूदा राष्ट्रपति का इसमें शामिल होना असामान्य है और ट्रंप से पहले, क्लिंटन के 2000 के टूनार्मेंट में जाने के बाद से ऐसा कभी नहीं हुआ था। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा 2023 में इस आयोजन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे।

# मुरादाबाद में दहेज की लालसा से नवविवाहिता की दर्दनाक मौत, पति-ससुराल पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**समाज जागरण**

मुरादाबाद। दहेज की लालसा और अत्याचार ने एक नवविवाहिता की जिंदगी छीन ली। मायके पक्ष की हैसियत से बढ़कर दहेज देने के बावजूद ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए और थार कार की मांग पर अड़े रहे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया गया। लगातार तनाव और मारपीट झेलने के बाद महिला को पैरालाइसिस का अटैक पड़ा और आखिरकार इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
जानकारी के मुताबिक, मुरादाबाद के थाना मुगलपुरा क्षेत्र निवासी तनजीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बहन मलीहा की शादी 16 फरवरी 2025 को रामपुर निवासी अजीम पुत्र सलीम से की गई थी।



शादी में अपाचे मोटरसाइकिल समेत लगभग 15 लाख रुपये खर्च किए गए थे। लेकिन शादी के कुछ ही समय बाद पति अजीम, सास भूरी और ससुर सलीम ने थार कार की मांग शुरू कर दी। परिवारवालों का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर मलीहा को भूखा-प्यासा रखकर कमरे में बंद किया जाता और उसके साथ मारपीट की जाती थी। जुलाई में मलीहा मायके आ गई थी, तभी पति और ससुर घर पहुंचकर गहने लेकर कार की मांग दोहराते रहे। इसके बाद मानसिक दबाव झेलते हुए मलीहा को 24 अगस्त को पैरालाइसिस अटैक आया।
पहले उसे कुंदरकी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में टीएमयू पाकबड़ा और फिर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि अस्पताल में भी आरोपी पति और ससुरालीजन कार की मांग करते रहे और अजीम ने तीन तलाक देने की धमकी दी थी, जिससे मलीहा की हालत और बिगड़ गई। वहीं, मलीहा के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और प्रताड़ना के मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मुरादाबाद में थाना पाकबड़ा के पास तेंदुआ दिखा, इलाके में मची अफरातफरी, वन विभाग ने शुरू की तलाश

मुरादाबाद। थाना पाकबड़ा क्षेत्र में देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब रऐ कैंपस और ग्रोथ सेंटर पुलिस चौकी के पास तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुए को देखते ही इलाके में अफरातफरी मच गई। लोग घरों में दुबक गए और दहशत का माहौल फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तेंदुए का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, अचानक तेंदुआ कैंपस की ओर निकलता दिखाई दिया। इसकी सूचना तत्काल ळल्हकऔर वन विभाग को दी गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की लगातार मूवमेंट हो रही है, लेकिन अब तक उसे पकड़ा नहीं जा सका है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

# मुरादाबाद में कुख्यात ड्रग्स कारोबारी कमल चौहान की गोली मारकर हत्या, पुरानी रंजिश की आशंका

**समाज जागरण**

मुरादाबाद। रविवार शाम करीब 6 बजे शहर के करूला इलाके में संभल रोड स्थित दस सराय पुलिस चौकी के पीछे बदमाशों ने युवक कमल चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने उस पर दो गोलियां दागीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई।
मृतक कमल चौहान कटघर थाना क्षेत्र के डबल फाटक संजय नगर का निवासी था। उसका आपराधिक इतिहास रहा है और वह वेस्ट यूपी के कई कुख्यात शूटर्स से जुड़ा हुआ था। हाल ही में उसका नाम ड्रग्स के



कारोबार में भी सामने आया था। वह कई बार जेल जा चुका था। वारदात के समय कमल के साथ उसका एक दोस्त भी मौजूद था। दोस्त के अनुसार हत्या सनी उर्फ सोनू दिवाकर ने की है, जिसका भी लंबा आपराधिक इतिहास है। सोनू ड्रग्स समेत अन्य गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़ा रहा है। दो दिन पहले ही उसके खिलाफ कटघर थाने में रंगदारी का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक, सोनू और कमल के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी। एसएसपी सतपाल अंतिल ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।
कमल चौहान के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच में कई नामी शूटर्स के साथ उसकी तस्वीरें सामने आई हैं, जो पहले कई सनसनीखेज हत्याकांडों को अंजाम दे चुके हैं।

## मुरादाबाद में अपना दल (एस) की जिला स्तरीय मासिक बैठक संपन्न, पंचायत चुनाव में स्वतंत्र लड़ाई का संकल्प

मुरादाबाद। अपना दल (एस) की जिला स्तरीय मासिक बैठक राधिका फार्म हाउस, खुशहालपुर रोड मुरादाबाद में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूती देने और कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीव यादव (राष्ट्रीय सचिव) ने कहा कि पार्टी आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेगी और स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब हर स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय रहकर जनता से जुड़े। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे जनता की समस्याओं को सुनें, समाधान के लिए प्रयास करें और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएं। कार्यक्रम में अपना दल (एस) मुरादाबाद महानगर के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष विवेक गंगवार का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता का सम्मान ही उनका सम्मान है और किसी भी कार्यकर्ता की गरिमा को ठेस नहीं पहुँचने दी जाएगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नेम सिंह बहेलिया (राष्ट्रीय सचिव, एससी-एसटी मंच), प्रो. तल्हा खान (प्रदेश सचिव), पंडित विजय शर्मा (प्रदेश महासचिव, बौद्धिक मंच), अमरीश यादव (प्रदेश सचिव, युवा मंच), वरिष्ठ नेता गेंदालाल पासी, नवदीप सिंह जाटव, सोमप्रकाश यादव मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता सुरेश चंद्र गोस्वामी और जगदीश राणा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कलीम अख्तर अंसारी (जिला अध्यक्ष) ने की जबकि संचालन शुभम शर्मा (जिला महासचिव) ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विधानसभा अध्यक्षों, मंचों के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया।